CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 21 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 97 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार की जरूरत: ओम बिरला पेज 2



दीक्षा डागर ने डेफलंपिक्स में लगातार गोल्ड मेडल जीता खेल टाइम्स




एसआईआर: सिर्फ आरोप से काम नहीं चलेगा सम्पादकीय



अमेरिकी रिपोर्ट में दावा: ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान ने भारत को हराया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने क्यूआर कोड सत्यापन किया शुरू

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के नाम पर धोखाधड़ी और जबरन वसूली के लिए नकली समन भेजे जाने की बढ़ती खबरों के बीच ईडी ने नागरिकों को समन नोटिस की असलियत सत्यापित करने में मदद करने के लिए नए तरीके लागू किए हैं। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को अपने आधिकारिक अकाउंट के जरिए इसकी घोषणा की। नकली ईडी समन असली नोटिस जैसे ही होते हैं, जिससे पाने वालों के लिए सही और गलत के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाता है। इस बढ़ती समस्या से निपटने के लिए ईडी अब सिस्टम से बनने वाले समन जारी कर रहा है, जिसमें एक क्यूआर कोड और एक यूनिक पासकोड होता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी किए गए समन को उन पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करके या आधिकारिक ईडी वेबसाइट पर जाकर सत्यापित किया जा सकता है। ईडी ने यह भी साफ़ किया कि वह डिजिटल या ऑनलाइन गिरफ्तारी नहीं करता है। ईडी ने नागरिकों को नकली लोगों से सावधान रहने की सलाह दी है। ईडी ने नागरिकों से अपील है कि वे कोई भी कदम उठाने से पहले सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध समन को सत्यापित करें, ताकि वे ईडी अधिकारी बनकर धोखा देने वालों का शिकार न बनें।

### एसआईआर: भारत से रोज 150 अवैध बांग्लादेशी लौट रहे

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ ने दावा किया है कि बॉर्डर पार करने की कोशिश करने वाले अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, यह वापसी राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रीविजन (एसआईआर) से जुड़ी है। बीएसएफ के एक अधिकारी के मुताबिक नॉर्थ 24 परगना, मुर्शिदाबाद और मालदा में बॉर्डर के बिना फेंसिंग वाले हिस्सों से लौटने की कोशिश कर रहे बांग्लादेशी इमीग्रेंट्स के फ्लो में क्वांटम जंप देखा गया है। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि पहले ऐसे मामले मुश्किल से डबल डिजिट में आते थे। अब यह आंकड़ा हर दिन लगातार तीन डिजिट में है। बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने कहा कि चेक पोस्ट पर छोटे बैग और सामान लेकर लोगों की लाइन लग रही है, जो खुलेआम मान रहे हैं कि वे बांग्लादेशी हैं और सालों पहले गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए थे।

### वायुसेना के मानव रहित विमान को आपात स्थिति में उतारा

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर के सीमावर्ती रामगढ़ क्षेत्र में गुरुवार को भारतीय वायुसेना के एक मानव रहित विमान को तकनीकी खराबी के कारण एक खेत में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे किसी प्रकार के जानमाल की हानि की सूचना नहीं है। मानव रहित विमान अपने नियमित अभ्यास उड़ान पर था। घटना की जानकारी मिलने पर वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही सूचना मिलने पर पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर जांच पड़ताल शुरू की।

## अमेरिका भारत को 100 टैंक किलर मिसाइल देगा



- टारगेट की गर्मी पहचानकर हमला करती है, कुल 775 करोड़ डॉलर की डील
- भारत को 4.71 करोड़ डॉलर की मिसाइलें, प्रोजेक्टाइल की बिक्री को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत को एफजीएम-148 जेवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल और एम982ए1 एक्सकैलिबर प्रक्षेपास्त्र तथा संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी प्रदान की है, जिसका अनुमानित मूल्य 4.71 करोड़ अमेरिकी डॉलर है।

एफजीएम- 148 जेवलिन एक पोर्टेबल एंटी-टैंक मिसाइल है। इसे टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, बंकरों को नष्ट करने के लिए बनाया गया है। मिसाइल टारगेट की गर्मी (हीट सिग्नेचर) पहचानकर उस पर हमला करती है। इसकी 2500 मीटर रेंज है। धुएं, धूल या खराब मौसम में भी टारगेट को तबाह करने में सक्षम है। एम982ए1 जीपीएस-गाइडेड स्मार्ट गोला है। यह स्मार्ट बम की तरह काम करता है, लेकिन तोप से छोड़ा जाता है। सामान्य तोप रेंज 15-20 किमी तक होती है, लेकिन एक्सकैलिबर 40-50 किलोमीटर दूर तक सटीक निशाना लगा सकता है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत को एक्सकैलिबर प्रक्षेपास्त्र और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी है। एजेंसी ने कांग्रेस को सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणन प्रदान किया है।

## बेंगलुरु में एटीएम कैश वैन से सात करोड़ की लूट

- बदमाशों ने RBI का अधिकारी बनकर की वारदात

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में बदमाशों ने एक एटीएम कैश वैन से 7 करोड़ रुपये लूट लिए। घटना बुधवार दोपहर 12:30 बजे की है। बदमाशों ने खुद को भारतीय रिजर्व बैंक का अधिकारी बताकर कैश वैन को रास्ते में रोक लिया और कैश लेकर फरार हो गए।

पुलिस को वैन बाद में जयदेव डेयरी सर्कल फ्लाईओवर के पास मिली। पुलिस ने ड्राइवर, दो सुरक्षाकर्मियों और एक कैश डिपॉजिटर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वैन सीएमएस कंपनी की है। पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि सीएमएस के कुछ कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। मामला सिद्धापुराद पुलिस थाने में दर्ज कर लिया गया है। सीएमएस के ऑफिस से वैन सुबह 9.30 बजे एचडीएफसी बैंक की ओर रवाना हुई थी।

# राज्यपाल विधानसभा से पारित बिलों को न लटकाएं: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: बिल मंजूर करें, लौटाएं या राष्ट्रपति को भेजें

शाह टाइम्स ब्यूरो



- डेडलाइन नहीं, लेकिन देरी पर दखल देंगे
- राज्यपाल अनिश्चितकाल तक किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम संवैधानिक फैसले में गुरुवार को कहा कि राज्य के राज्यपाल राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयक को अनिश्चित काल तक नहीं रोक सकते। न्यायालय ने हालांकि यह भी स्पष्ट किया कि वह संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राष्ट्रपति या राज्यपालों को मंजूरी देने या न देने के लिए ज़रूरी समयसीमा तय नहीं कर सकता, लेकिन राज्यपाल अनिश्चितकाल तक किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते।

हालांकि इसमें स्पष्ट किया गया है कि लंबे समय तक, बिना किसी वजह के मंजूरी नहीं दिए जाने के मामलों में न्यायालय विधेयक की प्राथमिकता की जांच किए बिना एक निश्चित अवधि में फैसला करने का निर्देश देते हुए एक सीमित 'परमादेश' रिट जारी कर सकते हैं। गौरतलब है कि आठ अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु विधानसभा से पारित हुए विधेयकों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के -शेष पृष्ठ दो पर

### अधिकरण में नियुक्ति के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट को 25 साल का अनुभव जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को साफ़ किया कि आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी) जैसे अधिकरण में तकनीकी सदस्य के तौर पर नियुक्ति के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को कम से कम 25 साल का अनुभव होना ज़रूरी नहीं है।

पीठ ने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार को 19 नवम्बर को रद्द कर दिए गए अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 की जगह नया कानून बनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने सीए को भी वही बराबरी दी, जो उसने 19 नवम्बर को अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 को रद्द करने वाले अपने फैसले में वकीलों को दी थी। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के वकील के पीठ के सामने यह मामला उठाए जाने पर यह स्पष्टीकरण सामने आया। वकील ने बताया कि न्यायालय ने अधिकरण में नियुक्ति के लिए वकीलों की कम से कम 50 साल की उम्र की ज़रूरत को खत्म कर दिया था, लेकिन सीए के लिए 25 साल के अनुभव की ज़रूरत, जो असल में पात्रता को लगभग 50 साल तक बढ़ा देती है, पर ध्यान नहीं दिया गया।

### प्रियंका गांधी के पति पर ईडी ने कसा शिकंजा

## रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल



- ईडी ने ब्रिटेन के संजय भंडारी से जुड़े केस में आरोपी बनाया
- आर्म्स डीलर भारत में भगोड़ा घोषित

**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बिजनेसमैन पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला ब्रिटेन के आर्म्स डीलर संजय भंडारी के साथ संदिग्ध लेनदेन से जुड़ा है।

चार्जशीट दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई है। इस मामले में पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान जुलाई में दर्ज किया गया था। ईडी का दावा है कि वाड्रा और भंडारी के बीच वित्तीय लेनदेन की कड़ियां मिली हैं, जिनमें विदेशी प्रोपर्टी और फंड ट्रांसफर की जांच भी शामिल है। ईडी ने चार्जशीट में वाड्रा को 9वें नंबर का आरोपी बनाया गया है। अब इस मामले पर अदालत 6 दिसम्बर को विचार करेगी। वाड्रा के खिलाफ यह मनी लॉन्ड्रिंग का दूसरा आरोपपत्र है। जुलाई में, ईडी ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। संजय भंडारी हथियार डीलर है। इनकम टैक्स विभाग ने भंडारी के खिलाफ 2015 के काला धन विरोधी कानून के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था। 2016 में इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी के बाद वह भारत से लंदन भाग गया। दिल्ली की एक अदालत ने 63 साल के संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। भारत ने उसके प्रत्यर्पण की कार्रवाई की लेकिन ब्रिटेन की अदालत ने याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही भंडारी को भारत लाए जाने की संभावना लगभग खत्म हो गई। रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की जांच लंदन की संपत्ति से जुड़ी है, जो ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के नाम पर दर्ज हैं। ईडी ने 2023 में अपनी चार्जशीट में आरोप लगाया था कि भंडारी ने 2009 में लंदन स्थित 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर स्थित घर खरीदा और वाड्रा के कहने पर उसका रेनोवेशन कराया। आरोप है कि रेनोवेशन के लिए पैसे भी राबर्ट वाड्रा ने ही दिए थे। ईडी ने यह भी कहा कि वाड्रा अपनी लंदन यात्राओं के दौरान वहां कई बार रुके थे। ईडी ने 2016 में इस मामले में पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि ए घर असल में वाड्रा की बेनामी संपत्ति है। ईडी अब भंडारी के साथ उनके कथित संबंधों की जांच कर रही है।

## बेल्जियम कोर्ट नौ दिसम्बर को प्रत्यर्पण के खिलाफ चोकसी की अपील सुनेगा

- मेहुल चोकसी ने बेल्जियम सुप्रीम कोर्ट में फैसले को दी थी चुनौती

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी की ओर से अपने प्रत्यर्पण को चुनौती देने के मामले की सुनवाई 9 दिसम्बर को बेल्जियम के सर्वोच्च न्यायालय कोर्ट ऑफ कैसेशन के समक्ष होगी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

चोकसी ने बेल्जियम की शीर्ष अदालत में एंटवर्प अपीलीय न्यायालय के 17 अक्टूबर के फैसले को चुनौती दी है। इस फैसले में भारत की ओर से उसके प्रत्यर्पण के अनुरोध को बरकरार रखते हुए इसे वैध बताया गया था। एडवोकेट जनरल हेनरी वेंडरलिंडन ने कहा कि कोर्ट ऑफ कैसेशन 9 दिसम्बर को मामले की सुनवाई करेगा।

## 10 दिन की NIA कस्टडी में चार आरोपी

**दिल्ली ब्लास्ट**

- इनमें तीन डाक्टर भी, जम्मू में कश्मीर टाइम्स के ऑफिस पर छापा, एके-47 के कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट केस में एनआईए ने डा. मुजम्मिल, डा. शाहीन सईद, डा. आदिल अहमद और मुफ्ती इरफान अहमद को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चारों आरोपियों को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेज दिया है।

दरअसल इस केस में एनआईए ने कुल 6 आरोपियों को अरेस्ट किया था। हालांकि ये पहले जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों की पुलिस की गिरफ्त में थे। एनआईए ने अब आरोपियों को अपनी कस्टडी में लिया है। उधर जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने गुरुवार को कश्मीर टाइम्स अखबार के जम्मू ऑफिस पर छापा मारा। जहां से एके-47 राइफल के कारतूस, पिस्तौल के राउंड और हैंड ग्रेनेड पिन बरामद की गई। दरअसल यह कार्रवाई पब्लिकेशन के देश के खिलाफ गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में की गई। वहीं आतंकी डाक्टरों की 'पनाहगार' रही फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकंजा कस गया है।

## नीतीश ने 26 मंत्रियों के साथ सीएम पद की ली शपथ




- भाजपा के 14 विधायक बने मंत्री

**पटना।** बिहार के मुख्मयंत्री नीतीश कुमार ने 26 मंत्रियों के साथ गुरुवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में शपथ ली, जिनमें भाजपा के 14, जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के आठ, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के दो और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) तथा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के एक-एक मंत्री शामिल हैं।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने श्री कुमार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। श्री कुमार मंत्रिमंडल में सर्वाधिक 14 मंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा ,मंगल पाण्डेय, पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष, डा. दिलीप कुमार जायसवाल, नितिन नवीन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम कृपाल यादव, संजय सिंह 'टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, सुरेन्द्र मेहता,नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लखेन्द्र कुमार रौशन,श्रेयसी सिंह और डा. प्रमोद कुमार भाजपा से हैं। इनमें डा. दिलीप जायसवाल, राम कृपाल यादव, संजय सिंह टाइगर, अरूण शंकर प्रसाद, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, श्रेयसी सिंह लखेन्द्र कुमार रौशन -शेष पृष्ठ दो पर

## पढ़े-लिखे आतंकी ज्यादा खतरनाक: दिल्ली पुलिस



**सुप्रीम कोर्ट में कहा-ये सरकारी पैसों से डाक्टर और इंजीनियर बनते हैं, फिर दंगे करते हैं**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जब पढ़े-लिखे आतंकवादी बन जाते हैं तो वे ओवरग्राउंड वर्कर्स से ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। पुलिस ने कहा कि डाक्टरों और इंजीनियरों के लिए देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होना अब एक ट्रेंड बन गया है। ये लोग सरकारी पैसों का इस्तेमाल करके पढ़ाई करते हैं फिर एंटी नेशनल एक्टिविटी में शामिल हो जाते हैं।

दिल्ली पुलिस ने 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में शरजील इमाम के भड़काऊ भाषणों के वीडियो पेश किए। वीडियो में शरजील इमाम नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देते हुए दिख रहा है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इन भाषणों से माहौल बिगड़ा और लोगों को उकसाने का काम हुआ। शरजील इमाम ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान ऐसे भाषण दिए, जिसने हिंसा भड़काने का काम किया। शरजील इमाम इंजीनियरिंग ग्रेजुएट है। दिल्ली पुलिस ने 2020 दिल्ली दंगे में शामिल एक्टिविस्ट उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं का विरोध किया। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली दंगे को पूरे भारत में फैलाने की कोशिश की गई थी और इसका मकसद अंतर्राष्ट्रीय ध्यान खींचना था। आरोपियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत दौरे के समय ही हिंसा भड़काने की योजना बनाई थी, जिससे कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींचा जा सके। यह एक साजिश थी। यह एक गहरी, सुनियोजित और सोची-समझी साजिश थी। दंगों में 53 लोगों की मौत हुई, और सैकड़ों करोड़ों रुपयों की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा। इस हिंसा से जुड़े 753 एफआईआर दिल्ली में दर्ज की गईं। पुलिस ने ये भी दावा किया कि जांच के दौरान मिले चैट मैसेज और अन्य डिजिटल सबूतों से पता चला है कि दंगों की योजना केवल दिल्ली तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसे देशभर में फैलाने की कोशिश की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर की संपत्ति कुर्क की

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के अंतर्गत एक मादक पदार्थ तस्कर की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि आरोपी की पहचान बूट पॉलिश मोहल्ला, राजीव नगर, नरवाल निवासी विशाल कुमार के रूप में हुई है, जो मादक पदार्थ तस्करी के विभिन्न मामलों में शामिल है। प्रवक्ता ने कहा कि जांच अधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संपत्ति की कुर्की की और कुर्की का आदेश अधिनियम की प्रक्रिया के अंतर्गत जारी किया गया था।

### लोगों को जागरूक कर रहा है स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय गीत-संगीत, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला के जरिए लोगों को जागरूक बना रहा है। भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में स्वास्थ्य मंत्रालय के पवेलियन में गुरुवार को दर्शकों की काफी भीड़ देखने को मिली। मंत्रालय की ओर से आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए पवेलियन में संगीत, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला का आयोजन किया गया था। मंत्रालय की कर्मचारी नन्हें बच्चों को चित्रकला के माध्यम से स्वास्थ्य के बारे में जानका. रियां दे रही थी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से यहां पर टीबी उन्मुलन, अंग प्रत्यारोपण और परिवार नियोजन जैसे विभिन्न प्रकार के काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां पर मंत्रालय के कर्मचारी सरकार की ओर से चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

---

### कांग्रेस ने अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की रिपोर्ट को चिंताजनक बताया

# विवादास्पद रिपोर्ट पर जवाब दे सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



- कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने बोला हमला
- 800 पेज की रिपोर्ट के 108 व 109 पन्ने पर दिए गए उल्लेख आश्चर्यजनक व समझ से परे

कांग्रेस ने अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की हाल में आई वार्षिक रिपोर्ट को भारत के लिए चिताजनक बताया और इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि उनकी सरकार को इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रिपोर्ट में भारत से जुड़े संवेदनशील सुरक्षा मुद्दों का उल्लेख है, जिसने भारत की राजनयिक स्थिति के लिए चिंता पैदा कर दी है। यह वार्षिक रिपोर्ट करीब 800 पेज की है और इसके पृष्ठ 108 और 109 में दिए उल्लेख आश्चर्यजनक और समझ से परे हैं। रिपोर्ट में इस साल अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान द्वारा आयोजित 'विद्रोही हमला' बताया गया है। रिपोर्ट में इसके बाद चार दिन चले संघर्ष में भारत पर पाकिस्तान की 'सैन्य सफलता' बताया गया है। कांग्रेस नेता ने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे। यह रिपोर्ट हमारी कूटनीति को एक और गंभीर झटका है। सरकार बताए कि इस रिपोर्ट में किए गए दावों के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी। अमेरिकी कांग्रेस को सौंपी गई यह रिपोर्ट चीन से संबंधित आर्थिक और सुरक्षा मुद्दों का आकलन करती है, लेकिन यह रिपोर्ट भारत-पाकिस्तान संघर्ष सहित दक्षिण एशियाई भू-राजनीतिक तनावों को भी छूती है।

### कांग्रेस ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाएगी!

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ संसद के शीतकालीन सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी इलेक्ट्रानिक वोटिग मशीन (ईवीएम), मतदाता सूची में गड़बड़ियों, चुनावी पारदर्शिता और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के संबंध में विपक्षी दलों के सवालों का चुनाव आयोग से समुचित जवाब न मिलने से असंतुष्ट है।

### 80 साल पुराने संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार की जरूरत: ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि लगभग 80 साल पुराना यह संगठन समकालीन वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं है।

नई दिल्ली में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिरला ने बुधवार को कहा कि वैश्विक दक्षिण के लिए उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए लोकतांत्रिक, निष्पक्ष एवं समावेशी सुधारों की आवश्यकता है। बिरला ने वैश्विक शांति एवं सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की प्राचीन परंपरा और 'लो. कतंत्र की जननी' के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत के महत्वपूर्ण योगदान, जिसमें 300,000 से अधिक सैनिक शामिल हैं, तथा कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के मानवीय प्रयासों का उल्लेख किया। बिरला ने कहा कि भारत ने कोविड संकट के दौरान 150 देशों को दवाइयां उपलब्ध कराकर 'वैश्विक फार्मेसी' की तरह काम किया।

---

# बिहार में बसपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई दुर्भाग्यूपर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- मतगणना वाले दिन जानबूझकर कराया था उत्पात

**लखनऊ/नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिहार में पार्टी कार्यकर्ताओं पर कथित पुलिस कार्रवाई को गंभीर मुद्दा बताते हुए प्रदेश सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान यह तथ्य सामने आया कि 14 नवम्बर को मतगणना वाले दिन विपक्षी दलों और असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर उत्पात कराया गया था। सुश्री मायावती ने आरोप लगाया कि इस दौरान नव-निर्वाचित बसपा विधायक सतीश यादव की गाड़ी के साथ-साथ प्रशासन की कई गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। बसपा अध्यक्ष के अनुसार हालात को नियंत्रित करने के नाम पर पुलिस ने रात में लाठीचार्ज किया, जिसमें बसपा के कई कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने दबाव में आकर बसपा के लगभग 250 कार्यकर्ताओं और करीब 1000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की, जबकि वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस केवल बसपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है, जबकि पहले घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और उसके बाद ही कोई कानूनी कदम उठाया जाना चाहिए। बसपा अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि उनकी पार्टी की मांग है कि इस पूरे मामले की सही और निष्पक्ष जांच कराई जाए। जब तक जांच पूरी न हो जाए, तब तक किसी भी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी या पुलिस कार्रवाई उचित नहीं होगी। उन्होंने दावा किया कि बिना जांच के बसपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है और पार्टी इसे स्वीकार नहीं करेगी।

---

# विकसित यूपी 2047 का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण व समान शिक्षा प्रणाली पर आधारित: पार्थ

**लखनऊ, वार्ता**

- योजना भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य के साथ गुरुवार को योजना भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन 'शिक्षा में नवाचार, प्रगति का आधार विक. सित उत्तर प्रदेश /2047' का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में शिक्षा के भविष्य, तकनीकी बदलावों के प्रभाव, सीखने के परिणामों में सुधार और वैश्विक मानकों वाली शिक्षण प्रणाली पर व्यापक चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थसारथी सेन शर्मा ने कहा कि विकसित यूपी 2047 का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और अवसर-समान शिक्षा प्रणाली पर आधारित है। उन्होंने शिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण, वैश्विक स्तर की शिक्षण पद्धति, तकनीकी दक्षता और सीखने के मूलभूत परिणामों को सुधार यात्रा के केंद्र में रखने की आवश्यकता बताई। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि डिजिटल कंटेंट, तकनीकी हस्तक्षेप और कौशल- आधारित शिक्षा आज की अनिवार्यता बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि नवाचार की यह गति जारी रही, तो उत्तर प्रदेश निकट भविष्य में देश का अग्रणी शिक्षा मॉडल बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन में उत्तर प्रदेश की युवा पीढ़ी सबसे बड़ी शक्ति है और इसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित यूपी एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज, संस्थाओं और नीति-निर्माताओं का सामूहिक संकल्प है। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, महा. निदेशक मोनिका रानी, सलाहकार अवनीश अवस्थी, शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह और

# यूपी में बिजली बिल राहत योजना एक दिसम्बर से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड एक दिसम्बर से 'बिजली बिल राहत योजना' शुरू करने जा रहा है। योजना का उद्देश्य नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड और बिजली चोरी के प्रकरणों को हल करते हुए करोड़ों उपभोक्ताओं को राहत देना है।

प्रदेश में 54,12,443 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्होंने बिजली के बिल के रूप में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को एक भी रुपये का भुगतान नही किया है। इन पर पावर कारपोरेशन का 16,105 करोड़ रुपया बकाया है। जबकि 91,45,985 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन पर लंबे समय से कारपोरेशन का 15,100 करोड़ रुपये बकाया पड़ा है। ऐसे में उपभोक्ताओं से बकाए की वसूली को लेकर पावर कारपा. ेरशन यह योजना शुरु कर रहा है। गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पॉवर कारपा. ेरशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि कुल 1. 45 करोड़ उपभोक्ताओ के ऊपर कुल 31,205 करोड़ बकाया सरचार्ज सहित कुल देयक 45,980 करोड़ रुपये (जिसमें 24,775 करोड़ रुपये सरचार्ज) है। उन्होंने कहा कि यह योजना सरचार्ज माफी और मूलधन में भारी छूट देने वाली ऐतिहासिक पहल है।

### यूपी विधानसभा चुनाव से पहले होगा उपचुनाव?

**मऊ।** यूपी के मऊ की घोसी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह का गुरुवार को निधन हो गया हैं। उनके निधन के बाद घोसी सीट एक बार फिर से खाली हो गई हैं। ऐसे में अब इस सीट पर 2022 के बाद दूसरी बार उपचुनाव होंगे। नियमों के मुताबिक अगर किसी जन प्रतिनिधि की अचानक मृत्यु होने, अयोग्य ठहराए जाने या इस्तीफा देने के बाद कोई सीट खाली हो जाती है, तो उस पर छह महीने के भीतर उपचुनाव कराए जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक बार फिर से घोसी सीट पर मुकाबला देखने को मिलेगा।

2022 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से दारा सिंह चौहान ने इस सीट पर जीत हासिल की थी, लेकिन एक साल बाद ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देकर बीजेपी ज्वाइन कर ली थी, जिसके बाद 2023 में घोसी में उपचुनाव कराए गए। बीजेपी ने इस सीट से दारा सिंह चौहान को उतारा, लेकिन सपा के टिकट पर सुधाकर सिंह ने उन्हें 50 हज़ार वोटों से हरा दिया था।

---



**सेंसेक्स** 85632.68
**निफ्टी** 26192.15



**सोना रु.** 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 159000
प्रति किलो



# नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही और वे इस साल के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 446.21 अंक (0.52 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 85,632.68 अंक पर बंद हुआ।

बीच कारोबार में यह 85,801.70 अंक तक मजबूत हुआ था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 139.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत ऊपर 26,192.15 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का इस साल का उच्चतम स्तर है। हालांकि कुल मिलाकर बाजार में बिकवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी में मझौली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक लगभग सपाट रहे, जबकि छोटी कंपनियों में गिरावट रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.05 प्रतिशत लुढ़क गया। एनएसई में कुल 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,721 के शेयर बढ़त में और 1,385 के लाल निशान में बंद हुए जबकि 96 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सार्वजनिक बैंक, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों में बिकवाली ज्यादा रही। वहीं, ऑटो, वित्त, निजी बैंक और तेल एवं गैस समूहों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर लाल निशान में और अन्य 15 के हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 2.28 फीसदी चढ़ा। बजाज फिनसर्व का शेयर 2.25 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.01, एचडीएफसी बैंक का 1.42, टेक महिंद्रा का 1.29 और एक्सिस बैंक का 1.20 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। ट्रेंट, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, आईटीसी, मारुति सुजुकी और एलएंडटी के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियन पेंट्स के शेयर में 1. 20 फीसदी की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.06 प्रतिशत, टाइटन का 0.80, हिदुस्तान यूनीलि. वर का 0.48 और कोटक महिंद्रा बैंक का 0. 43 प्रतिशत फिसल गया। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई आज 2.65 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.02 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.40 फीसदी की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.70 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.57 फीसदी ऊपर था।

### रेल पवेलियन में भारत के बदलते परिदृश्य की झलक

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में रेल पवेलियन भारत के बदलते परिदृश्य की झलक प्रस्तुत कर रहा है। यहां के भारत मंडप में स्थापित रेल पवेलियन में नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रैपिड रेल जैसी आधुनिक ट्रेनों की झलक देखने को मिल रही है, जो तेजी से बदल रही रेल यातायात की कहानी बयां कर रही है। भारतीय रेलवे के पवेलियन में सरकार की ओर से यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक और तीव्र यातायात की सुविधा मुहैया कराने के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। यहां पर रेलवे के विभिन्न कारखानों में निर्मित हो रहे डीजल और इलेक्ट्रिक इंजनों की भी छवि प्रदर्शित की गई हैं। साथ ही यहां भारतीय रेलवे की ओर से विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होने वाली पत्रिकाएं भी आगंतुकों को मुफ्त में मुहैया कराई जा रही हैं, जिनमें रेलवे से संबंधित परियोजनाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराई गई हैं।

# शहरों में जर्जर मकानों की जगह बनेंगी हाई-राइज बिल्डिंग्स

- योगी सरकार ने बनाया लोगों के लिए मेगा प्लान, अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर जैसे शहरों में दशकों से खतरनाक बनी जर्जर इमारतों को हटाया जाएगा। योगी सरकार प्रदेश में पहली बार व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति ला रही है। इसके तहत 25 साल से पुराने खतरनाक भवनों को तोड़कर उनकी जगह मॉर्डन हाई-राइज बिल्डिंग्स बनाई जा सकेंगी। वह भी रिकॉर्ड समय में मंजूरी और भारी छूट के साथ बनेंगी।

यह योजना कम से कम 1500 वर्ग मीटर जमीन पर ही लागू होगी। 25 साल या उससे ज्यादा पुरानी इमारतें इसके अंदर आएंगी। साथ ही दायरे में स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर तुरंत मंजूरी मिलेगी। इसके अलावा एकल मकान या लीज वाली जमीन पर इस योजना का क्रियान्वन नहीं किया जा सकेगा। इन इमारतों को मिश्रित भू-उपयोग (रिहायशी + कमर्शियल) की पूरी छूट होगी। इसके अलावा डेवलपमेंट चार्ज में 50 प्रतिशत तक का भारी डिस्काउंट मिलेगा। प्रभाव शुल्क में भी 25 प्रतिशत का छूट मिलेगी। इन हाई राइज बिल्डिंग में 15 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस और 10 प्रतिशत एलआईजी फ्लैट्स होंगे। ये प्रोजेक्ट शहरों की सूरत और अर्थव्यवस्था दोनों बदलेगी। आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के पुराने शहरी इलाकों में सैकड़ों प्राइम लोकेशन पर जर्जर भवन पड़े हैं। इनके पुनर्विकास से हजारों नए फ्लैट्स बनेंगे, खासकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए। इससे शहरों की खूबसूरती लौटेगी, अरबों रुपये का नया निवेश आएगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा। बंद पड़े कारखानों पर भी खुलेगा रास्त। इसके तहत तीन साल से बंद या बीमार घोषित उद्योगों की जमीन पर भी नई इमारतें बनाने की अनुमति मिल सकेगी।

---

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राज्यपाल...**

भीतर निर्णय लेना होगा। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया, क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत उच्चतम न्यायालय से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को विधेयकों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 प्रश्नों पर उच्चतम न्यायालय से राय मांगी थी। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितम्बर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत राष्ट्रपति संदर्भ का जवाब देते हुए, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने कहा कि न्यायालय द्वारा तय की गई समयसीमा संविधान में सोची गई ष्लचीलेपनष के खिलाफ होगी। न्यायालय ने पूछा कि क्या राज्यपाल पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक सकते हैं और चेतावनी दी कि इस तरह की कवायद से लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारें राज्यपाल की मर्ज़ी पर आ सकती हैं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायिक समय सीमा का इस आधार पर विरोध किया कि न्यायालय संवैधानिक कार्यालयों के कार्य नहीं कर सकते। उन्होंने मानी गई मंजूरी के विचार को भी खारिज कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, डा. एएम सिंघवी, केके वेणुगोपाल, गोपाल सुब्रमणियम और अरविंद दातार ने देरी से मंजूरी मिलने से होने वाली संवैधानिक रुकावट को रोकने के लिए न्यायिक रूप से लागू करने उचित समय सीमा के पक्ष में तर्क दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और महेश जेठमलानी ने तय समय सीमा के खिलाफ केन्द्र सरकार के रुख का समर्थन किया।

**नीतीश ने...** और डा. प्रमोद कुमार नीतीश कुमार की मंत्रिमंडल में इस बार शामिल हुए हैं, जबकि अन्य पांच पूर्व से मंत्रिमंडल में शामिल रहे। इसी तरह नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के आठ मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव,श्रवण कुमार, अशोक चौधरी,लेसी सिंह,मदन सहनी, सुनील कुमार और मो. जमा खान शामिल रहे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की पार्टी से दो मंत्री संजय कुमार और संजय कुमार सिंह ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। वहीं उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) से उनके पुत्र दीपक प्रकाश ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली है, जबकि केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) से उनके पुत्र संतोष कुमार सुमन ने एक बार फिर मंत्री पद की शपथ ली। श्री कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधामनंत्री श्री मोदी के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री अर्जन राम मेघवाल, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, राजस्थान की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित राजग में शामिल जदयू, भाजपा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के नवनिर्वाचित विधायक, अन्य विशिष्ट अतिथिगण, सांसदगण, नवनिर्वाचित विधायकगण, विधान पार्षदगण, गणमान्य व्यक्ति, राजनीतिक कार्यकर्त्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# नेहरू की किताबें व भाषण आदि स्मार्टफोन पर ऑनलाइन उपलब्ध

**नई दिल्ली, वार्ता**

- मेमोरियल फंड ने पंडित नेहरू के लेखन के चुने कार्यों को डिजिटल रूप से तैयार किया

जवाहरलाल नेहरू मेमो. रियल फंड ने एक ऑनलाइन साइट विकसित की है, जिसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू के लेखन कार्यों, भाषणों तथा साक्षात्कारों को स्मार्टफोन पर पढ़ा और सुना जा सकता है।

जवाहरलाल नेहरू मेमो. रियल फंड ने गुरुवार को यहां एक विज्ञप्ति में यह बताया कि उसने पंडित नेहरू के लेखन के चुने हुए कार्यों को डिजिटलरूप में तैयार किया है, जिसे अब ऑनलाइन पढ़ा जा सकता है। मेमोरियल फंड ने पिछले वर्ष पंडित नेहरू की जयंती पर यह काम करने की घोषणा की थी और इसको लेकर वेबसाइट को पूरी तरह तैयार कर लांच कर दिया गया है। मेमोरियल फंड ने कहा है कि पंडित नेहरू के लेखन कार्यों के 100 संस्करणों का डिजिटल संस्करण तैयार किया गया है और उनके कार्यों के चुने हुए इन संस्करणों को अब स्मार्टफोन-अनुकूल नेहरूआर्काइव डॉट इन पर पढा जा सकता है। पंडित नेहरू के समग्र कार्यों को साइट पर जाकर अपने मोबाइल फोन पर आसानी से पढ़ा और देखा जा सकता है। इसे आसानी से खोजने के साथ ही डाउनलोड भी किया जा सकता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आखिरकार गिर गया स्योहारा के रिश्वतखोर इंस्पेक्टर का विकेट

## हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को स्योहारा व निरीक्षक कृष्ण अवतार सिंह को सौंपी हल्दौर की कमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आखिरकार स्योहारा के रिश्वतखोर एवं निरंकुश प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह पर गाज गिर ही गई। इसके कार्यकाल में स्योहारा थाने में हर काम की बोली लग रही थी। एसपी अभिषेक ने पीड़ित से रुपए लेने के गंभीर आरोप में निलंबित कर दिया है। एसपी की कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है। साथ ही दबे कुचले समाज की आवाज बुलंद करने वाले राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के उन आरोपों को भी बल मिला है कि यह एसएचओ महाभ्रष्ट है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 15 नवंबर को स्योहारा के ग्राम महुपुरा निवासी बलकरण सिंह अपने पुत्र से हुए विवाद की शिकायत लेकर स्योहारा थाने पहुंचे थे। आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने पहुंचे पीड़ित से थाने में ही तैनात पुलिसकर्मियों ने रुपए ले लिए थे। बुधवार को मामले की शिकायत प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल से भी की गई थी। मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद सीओ धामपुर स्तर से प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। लेनदेन को रोकने में कोई प्रभावी कार्रवाई न करने पर एसपी ने प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह को सस्पेंड कर दिया है। एसपी ने हल्दौर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को स्योहारा व विशेष जांच प्रकोष्ठ में तैनात निरीक्षक किशन अवतार को हल्दौर थाने की कमान सौंपी है। एसपी अभिषेक की कार्रवाई से महकमे में हड़कंप है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा दबे कुचले समाज व दिव्यांगों को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। स्योहारा के निरंकुश प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह ने उनसे पंगा ले लिया था। स्योहारा में 500-500 रुपए की दलाली करने वाले अपने मुखबिरों के जरिए उन्होंने लामबंदी की कोशिश की थी। लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए थे। आखिरकार श्री पाशा की लड़ाई सही साबित हुई है।

# पड़ोसी को फंसाने के लिए फर्जी बैनामा

## पुलिस जांच में खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** थाना शेरकोट क्षेत्र मे भूमि विवाद से जुड़ा एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। यह मामला केवल जमीन के झगड़े तक सीमित नहीं रहा बल्कि इसने पुलिस प्रशासन और आम जनता दोनों को चौंका दिया है। एएसपी पूर्वी की जांच ने ऐसे तथ्यों से पर्दा उठाया है, जिसने आरोप लगाने वालों को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है।

शुरुआत तब हुई जब मौहल्ला चौधरियान निवासी अमित कुमार सिंह और उनके ससुर सेवानिवृत दारोगा राजेंद्र सिंह निवासी धामपुर ने पुलिस से शिकायत की कि उनके पड़ोसी संदीप गहलौत और सरीन गहलौत ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे उनकी दो बीघा भूमि का अवैध बैनामा करा दिया है। शिकायत गंभीर थी और दोनों लगातार दावा कर रहे थे कि उनकी जमीन धोखे से बेच दी गई है। पुलिस ने मामले को प्राथमिकता देते हुए विवेचना शुरू की। लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी कहानी बिल्कुल अलग दिशा मे पहुंच गई। एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव के अनुसार बैनामे की असलियत की जब गहराई से पड़ताल की गई तो पाया गया कि वही बैनामा जिसे पड़ोसी की करतूत बताया जा रहा था। वास्तव में खुद शिकायतकर्ता की योजना थी।

25 जून को जो बैनामा किया गया, वह अमित कुमार के ही नाम पर कराया गया था और उसमें भी अमित स्वयं उपस्थित नहीं थे बल्कि उनकी जगह उनके परिचित सुरेंद्र उर्फ पुनीत को अमित बनाकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए।

पूरे मामले में हिमांशु, कोमल, जयदेव समेत कई लोगों के नाम बतौर गवाह उभरे। पड़ोसी को अपराधी साबित करने के लिए इतनी सावधानी से खेल रचा गया था कि शुरुआत में कोई शक नहीं हुआ, लेकिन पुलिस जांच ने परतें खोली तो साजिश सामने आ गई।

फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की नीयत से रची गई इस योजना का पर्दाफाश होते ही पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मुख्य आरोपी अमित कुमार सिंह, पूर्व दारोगा राजेंद्र सिंह और वीरेंद्र अभी फरार चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार लगी हुई हैं।

इलाके में इस घटना को लेकर चर्चा है कि किस तरह एक रिटायर पुलिसकर्मी और उसका दामाद अपने पड़ोसी को झूठे मामले में फंसाने के लिए कानून का दुरुपयोग करने निकले थे, लेकिन सच सामने आने पर अब खुद कानून के शिकंजे में फंस चुके हैं। पुलिस फिलहाल अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगी है।

# एनडीपीएस के छह आरोपियों को दस साल की सजा

## प्रत्येक पर एक लाख, कुल 6 लाख रुपये का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों को अदालत ने 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक दोषी पर एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

यह मामला 2019 का है, जब नूरपुर पुलिस ने एक कैंटर (यूपी22टी2513) से 67 पैकेटों में कुल एक कुंतल 34 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। इस दौरान रिजवान, इंतजार, कुतुबुद्दीन, वसीम, राजपाल और सतीश नामक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना नूरपुर में मुकदमा अपराध संख्या 155/2019, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय को प्रेषित किया गया। स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप अभियोजन पक्ष अपनी बात सफलतापूर्वक रख पाया। 20 नवंबर 2025 को एडीजे-04/एनडीपीएस एक्ट न्यायालय ने सभी छह अभियुक्तों को दोषी ठहराया। न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अर्थदंड न चुकाने की स्थिति में दोषियों को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## एक नजर

### ट्रक में लगी आग



**बिजनौर।** आज दोपहर चालक रिंकू ट्रक में भूसी भरकर नगीना रोड स्थित एक पेपर मिल में लेकर आ रहा था। इस दौरान नगीना रोड पर ट्रक का इंजन अधिक गर्म हो जाने के कारण आग लग गई, जो कुछ ही पलों में पीछे लदे भूसे तक पहुंच गई। देखते ही देखते ही ट्रक से आग की लपटें उठने लगी। आग लगने पर चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें उठती देख मौके पर मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड अधिकारी शीशपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक का अगला हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### हादसे में चालक गंभीर घायल



**बिजनौर।** किरतपुर की ओर आ रहा एक चार पहिया वाहन शकरपुरी गांव के सामने अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। वाहन चला रहा 17 वर्षीय शारिक, पुत्र नसीम, निवासी मौहल्ला बागवान, किरतपुर, गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने बताया कि गाड़ी काफी तेज रफ्तार में थी, जिसके कारण वह अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए, परिजनों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर ले जाने का फैसला किया।

### धर्मांतरण के आरोप में दो गिरफ्तार

**बिजनौर।** कोतवाली किरतपुर में आज दोपहर टीचर कॉलोनी में कथित धर्मांतरण के प्रयास के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने एक घर में चल रहे ईसाई सत्संग और कीर्तन को बंद कराया। हिंदूवादी संगठनों ने इस मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। यह घटना टीचर कॉलोनी के घर में हुई। यहां ईसाई धर्म का प्रचार करते हुए सत्संग और कीर्तन का आयोजन किया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम को रुकवाया गया। मौहल्ले के निवासियों ने बताया कि इस स्थान पर काफी समय से ईसाई धर्म का प्रचार किया जा रहा था। सूचना मिलते ही हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अवधेश शर्मा, नगर अध्यक्ष सोनू तोमर सहित अंकुर गिरि, गोबिंद वर्मा, सुशील तोमर, विवेक अग्रवाल, निशांत गिरि, लवी गिरि, दीपक और हर्ष मौके पर पहुंचे। उन्होंने धर्मांतरण के इन प्रयासों पर गंभीर आरोप लगाए। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ की नगर अध्यक्ष सोनू तोमर ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी पुष्पा देवी ने पुष्टि की कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध सधर्मपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धाराओं 3, 4, 5(1) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 0303 मुकदमा पंजीकृत कर ली गई है।

# छात्रा के मां-बाप को धमका रहा आरोपी

## पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में पुलिस इतनी ज्यादा लापरवाह व नकारा होकर रह गई है कि वह पीड़ितों को न्याय दिलाने की बजाए आरोपियों को रियायत देती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद थाना क्षेत्र के गांव लुकादड़ी से लापता हुई छात्रा के परि. जनों को अब आरोपी की ओर से धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार ने नजीबाबाद पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए एसपी से गुहार लगाई है।

गौरतलब है कि थाना नजीबा. बाद के गांव लुकादड़ी निवासी दीपक कुमार की 17 वर्षीय पुत्री नगर के एक इंटर कालेज में इंटर की छात्रा है। 15 नवंबर को स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा अचानक लापता हो गई थी। घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। तलाश करने पर पता चला कि अमन नाम का युवक छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोपी का नंबर मिलने पर परिजनों से उसे फोनकर अपनी बेटी लौटाने को कहा। परिजनों का आरोप है कि अमन अपनी ऊंची पहुंच बताकर झूठे केस में फंसाने व जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित पिता दीपक व मां सुमन का आरोप है कि आरोपी का मोबाइल नंबर चालू होने के बाद भी नजीबाबाद पुलिस उनकी पुत्री को बरामद करने में रूचि नहीं दिखा रही है। जिससे दबंग आरोपी के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित ने एसपी से पुत्री को बरामद करने व आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

उधर नजीबाबाद सीओ का कहना है कि आरोपी के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कराई जा रही है। जो दूसरे स्टेट में मिल रही है। छात्रा बरामदी के लिए टीम लगाई गई है। जल्द छात्रा को बरामद कर लिया जाएगा।

# भाकियू लोकशक्ति का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

## किसानों की विभिन्न समस्याएं उठाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू लोकशक्ति के द्वारा कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर धरना दिया गया। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने चेतावनी दी कि अगर 30 नवंबर तक बिलाई शुगर मिल द्वारा गन्ना किसानों का बकाया भुगतान नहीं किया तो एक दिसंबर को कलेक्ट्रेट में किसान महापंचायत होगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं व मांगों को लेकर आज कलेक्ट्रेट में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के द्वारा धरना दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पंचायत में समस्याएं रखी। किसानों के हर मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर समाधान कराने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने बताया कि जनपद में किसानों की स्थिति अच्छी नहीं है। कभी प्रशासनिक अधिकारी, तो कभी बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी और कभी शुगर मिल प्रबंधन द्वारा किसानों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। वहीं दूसरी तरफ जंगली जानवरों से किसानों को अपने जान माल की हानि का खतरा बना रहता है। किसानों के गन्ना मूल्य में वृद्धि से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी। लेकिन गन्ना मूल्य वृद्धि के बाद शुगर मिलों के क्रय केंद्रों ने गन्ने के भाड़े पर रेट बढ़ा दिए। गन्ना छिलाई करने वालों ने रेट बढ़ा दिए। दवाई, खाद और पानी तो पहले ही आसमान छू रहे हैं। ऐसे मे किसानों का भला कैसे सम्भव होगा। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने उपस्थित किसान साथियों से अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आवाह्न किया। जोरदार विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती रितु रानी किसानों के बीच पहुंची। जिन्हें जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने किसानों की बेकार होती स्थिति से अवगत कराया और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठायी। उप जिलाधिकारी ने जनपद स्तर की सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान करने और शासन स्तर की मांगों से शासन को शीघ्र अवगत करने का आश्वासन दिया।

प्रदर्शन में राष्ट्रीय महासचिव चौधरी पदम सिंह, जग्गन अली,चौधरी सतबीर सिंह, चौधरी भूपेंद्र सिंह, चौधरी देवेंद्र सिंह प्रधान, प्रदीप राणा, डॉ. अरूण कुमार, देवेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, गौरव चौधरी, रामकुमार सिंह, शीशपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, शेर सिंह, योगेंद्र सिंह काकरान, सरदार जसवीर सिंह धारीवाल, सरदार जरनैल सिंह, सरदार गुरपेज सिंह, संदीप उपाध्याय, मनोज कुमार, अतुल कुमार, मूला सिंह,नरेश नेता जी, सुखवीर सिंह , अंकित दहिया, अमित राजपूत, कामेंद्र सिंह, रामअवतार राजपूत, देवेन्द्र शर्मा, नौबहार सिंह, नरेश मास्टर, नरेश कुमार , मुव्वशीर वेग, अकरम अली,मूला सिंह, नीटू राणा, हुकुम, हाजी यामीन सिद्दीकी, शहाबुद्दीन अहमद, नईम, सचिन, फुरकान अली, अंकित राठी, आशीष मोदी, परवेंद्र सिंह मलिक, सामत रजा, प्रितम सिंह, हिमांशु सहरावत, नितिन ललेरा आदि शामिल रहे।

# बिजनौर कोर्ट ने 10 साल पुराने मामले में सुनाई सजा



## चार दोषियों को सात साल की कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दस साल पुराने एक मामले में अपर जिला जज राम अवतार यादव की अदालत ने चार दोषियों को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराते हुए सात-सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 85 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला धामपुर थाना क्षेत्र के जीतनपुर गांव में दीपावली के दिन हुई एक जानलेवा मारपीट से जुड़ा है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) जितेंद्र पाल राजपूत ने बताया कि जीतनपुर गांव निवासी मदन सिंह पुत्र शिवनाथ ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, उसके गांव के महेंद्र पुत्र लल्लू, लेखराज पुत्र डालचंद, मुकेश पुत्र हरकेश और पिंटू पुत्र राजेंद्र उसके घर के सामने पटाखे जला रहे थे और पटाखे उसके घर में फेंक रहे थे। जब मदन ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो चारों आरोपियों ने उसे गाली-गलौज कर मारपीट की। मदन को बचाने आए उसके परिवार के सदस्य मनोज, मनोहर और संतोष रानी को भी आरोपियों ने पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में मदन, मनोज, मनोहर और संतोष देवी के सिर में गंभीर चोटें आईं थीं। पुलिस ने शुरुआत में हल्की धाराओं में एनसीआर दर्ज की थी। हालांकि, मदन सिंह के सिर में गंभीर चोटों के कारण उसे मेरठ रैफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मामले की धाराओं में संशोधन किया, गहन जांच-पड़ताल की और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान, चोटिल मनोज, मनोहर और संतोष देवी सहित अन्य गवाहों की गवाही के आधार पर अदालत ने चारों आरोपियों को दोषी पाया और उन्हें सजा सुनाई। गौरतलब है कि इसी मामले से जुड़े एक अन्य केस में अदालत ने तीन दिन पहले ही चोटिल मनोज, मनोहर, संतोष और अर्जुन से संबंधित पांच दोषियों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई थी।

# कब्रिस्तान में अवैध निर्माण का आरोप

## वक्फ की सम्पत्ति की जा रही खुर्द-बुर्द



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिविल लाइन स्थित तकिया मीना शाह की वक्फ सम्पत्ति संख्या 373 की कमेटी व किराएदारों पर सम्पत्ति को खुर्दबुर्द कर अवैध रूप से निर्माण करने का आरोप लग रहा है।

आज बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिसमें शफीक, फरमान, अखलाक, इरशाद, सलीम, शहजाद राणा, तसलीम, हैदर, नौशाद, सिकंदर, मौहम्मद जाकिर, मौहम्मद आसिफ, शाहनवाज, जुल्फकार, कादिर आदि शामिल थे। इन्होंने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि मौजूदा कमेटी व किरायदारों ने कबिस्तान का मुख्य गेट व पुरानी दुकानों को तोड़ कर नवनिर्माण शुरू कर दिया है। जिसके लिए वक्फ बोर्ड से कोई अनुमति नहीं ली गई हैं।

पुराने किरायदार शहजाद से दुकान खरीद कर महताब ने अपनी पत्नी के नाम किरायदारी की रसीद बनवा ली है। यहां पर काफी अनियमित्ताए हो रही है। प्रार्थना पत्र देने वालों ने मामले की जांच कराने व आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# नहटौर में नवनिर्मित मकान से अनाज व कपड़े चोरी

**नहटौर।** ग्राम जरीफपुर पाडला निवासी अहसान ने पुलिस से की शिकायत में कहा है कि उसने मौहल्ला राशिद कॉलोनी में मकान बनाया है। वह नवनिर्मित मकान का ताला लगाकर रिश्तेदारी में गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने मकान की खिड़की की जाली तोड़कर अंदर घुसते हुए 10 कुंतल अनाज, 30 जोड़ी बिना सिले कपड़े आदि सामान चुरा लिया। जब वह वापस नवनिर्मित घर पर पहुंचे तो मकान की खिड़की की जाली टूटी मिलने पर चोरी होने का पता चला। घर के अंदर जाकर देखा तो 10 कुंतल अनाज व 30 जोड़ी बिना सिले कपड़े आदि सामान गायब था। अन्य सामान भी बिखरा हुआ पड़ा था।

# धामपुर में कॉलेज बस पर पथराव से मचा हड़कंप

## बस के शीशे टूटे तीन छात्राएं चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुरादाबाद से लौट रही तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की बस पर सरकडा के पास अचानक अज्ञात शरारती तत्वों ने पथराव कर दिया, जिससे बस के शीशे टूट गए और तीन छात्राएं चोटिल हो गईं। बस में सवार अन्य छात्राएं चीख उठीं और पूरा माहौल अफरा-तफरी में बदल गया।

धामपुर और आसपास के गांवों से रोजाना दर्जनों बच्चे पढ़ाई के लिए मुरादाबाद आते-जाते हैं। गुरुवार को समय पर कक्षाएं खत्म होने के बाद बस जैसे ही धामपुर की ओर लौट रही थी, तभी सरकडा के पास किसी अज्ञात युवक ने चलती बस को निशाना बना लिया। तेज आवाज के साथ शीशा टूटते ही छात्राओं में भगदड़ जैसा माहौल बन गया। कई छात्राएं रो पड़ीं और भयभीत होकर अपने परिजनों से संपर्क करने लगीं।

सूचना मिलते ही धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। इधर फोन मिलते ही कई अभिभावक घबराए हुए सरकडा की ओर भाग पड़े और अपने बच्चों को संभालकर घर ले गए।

कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि अभी किसी ने औपचारिक शिकायत नहीं दी है, लेकिन पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद अभिभावकों में गहरा आक्रोश है।

# अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर ले गई जम्मू कश्मीर पुलिस

## किशोरी को पहले ही कर लिया था बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** किशोरी के अपहरण के आरोपी को जम्मू कश्मीर पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। इस मामले में आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था।

पुलवामा के खेरू थाना क्षेत्र से एक किशोरी को पूंडरी कलां का एक युवक बहला-फुसलाकर ले आया था। किशोरी के परिजनों ने पुलवामा के खेरू थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस किशोरी को पहले ही बरामद कर अपने साथ ले गई थी, लेकिन आरोपी फरार चल रहा था। खेरू थाने के दरोगा मनदीप सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने गांव पूंडरी कलां में दबिश दी और आरोपी मौहम्मद हनीफ पुत्र इददू को गिरफ्तार किया।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आरोपी हनीफ को स्थानीय कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से रिमांड मिलने के बाद पुलिस उसे अपने साथ जम्मू-कश्मीर ले गई।

नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था। रिमांड मिलने के बाद आरोपी को जम्मू-कश्मीर ले जाया गया है।

# भाकियू नेताओं पर लिपिक से मारपीट का आरोप



## रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एसडीएम को सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कलेक्ट्रेट कर्मी ने भाकियू लोक शक्ति के नेताओं पर मारपीट करने व अभद्रता का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एसडीएम सदर को तहरीर सौंपी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को किसान यूनियन लोक शक्ति के कुछ पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में हंगामा खड़ा कर देने का मामला सामने आया है। आरा. प है कि यूनियन के अध्यक्ष वीर सिंह सहित अन्य लोगों ने कक्ष संख्या नौ में तैनात कनिष्ठ लिपिक सोहित कुमार के साथ न सिर्फ अभद्रता की, बल्कि सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए मारपीट भी की। कनिष्ठ लिपिक सोहित कुमार ने डीएम को प्रेषित प्रार्थना पत्र में बताया कि वह 20 नवंबर को कार्यालय में शिकायतों से संबंधित कार्य कर रहे थे। इसी दौरान परिसर में धरना दे रहे यूनियन के कुछ पदाधिकारी अन्य किसानों के साथ कार्यालय में पहुंचे और डीएम को तत्काल ज्ञापन लेने के लिए बुलाने की मांग करने लगे। लिपिक के अनुसार, उन्होंने उन्हें विनम्रता से बताया कि डीएम जनपद से बाहर हैं। इतना सुनते ही यूनियन अध्यक्ष वीर सिंह, उनके पुत्र हिमांशु निवासी चमरोला, आशीष मोदी निवासी हरचंदपुर तहसील नजीबाबाद तथा चारख़पांच अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साथ गाली-गलौज और बदसलूकी शुरू कर दी। आरोप है कि इतना ही नहीं, उक्त व्यक्तियों ने जान से मारने की नियत से मारपीट भी की और कार्यालय में रखी महत्वपूर्ण फाइलें व कागजात खुर्द-बुर्द करने के इरादे से फेंक दिए। लिपिक के शोर मचाने पर होमगार्ड देवेन्द्र और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुखवीर समेत अन्य कर्मचारियों ने उन्हें बचाया। पीड़ित लिपिक का कहना है कि घटना से उनके मानख़सम्मान को ठेस पहुंची है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि थाना कोतवाली शहर पुलिस को निर्देशित कर यूनियन अध्यक्ष वीर सिंह, उनके पुत्र हिमांशु, आशीष मोदी और अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

दूसरी तरफ घटना के बाद कलेक्ट्रेट कर्मचारियों में रोष देखा गया है और उन्होंने भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग उठाई है। प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जानकारी मिलते ही कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। आयेदिन कलेक्ट्रेट में इस तरह के हंगामे होते रहते हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# दो जगह वोट रखने पर एक साल तक की जेल



## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह ने मतदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए चेतावनी दी है कि यदि कोई मतदाता एक से अधिक स्थानों पर एसआईआर फॉर्म भरता है और दो जगह वोट दर्ज कराता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और एक साल तक की सजा हो सकती है।

उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम पहले से ही दो या अधिक स्थानों पर दर्ज हैं, उन्हें केवल एक ही स्थान पर गणना प्रपत्र (एसआईआर फॉर्म) भरना चाहिए। यह नियम चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और दोहरी प्रविष्टि रोकने के लिए अनिवार्य है। अधिकारी ने अपील की कि जिन मतदाताओं के पास फिलहाल संपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, वे नाम, मोबाइल नंबर और माता-पिता का नाम भरकर फॉर्म तुरंत जमा करें। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद शेष दस्तावेज देकर फॉर्म पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूरा फॉर्म भरने के इंतजार में फॉर्म जमा करने में देरी न करें। वान्या सिंह ने बताया कि जो मतदाता वर्ष 2003 या उससे पहले से पंजीकृत हैं, उन्हें एसआईआर फॉर्म में 2003 की वोटर लिस्ट के अनुसार अपनी जानकारी भरनी होगी। यह विवरण निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर टैब में उपलब्ध है, जहां राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र चुनकर पोलिंग स्टेशन या भाग संख्या के आधार पर जानकारी खोजी जा सकती है। जो मतदाता 2003 की सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें अपने माता-पिता या ऐसे रिश्तेदार का विवरण देना होगा, जो 2003 की सूची में दर्ज हो। यह जानकारी भरनी होगी, ताकि पहचान सत्यापित की जा सके। यदि कोई मतदाता अनाथ है, तो उसे उस व्यक्ति का विवरण देना होगा, जिसे वह अभिभावक या रिश्तेदार मानता है। यदि मतदाता 2003 की लिस्ट में नहीं है और माता-पिता/रिश्तेदार का विवरण भी उपलब्ध नहीं है, तो वह संबंधित कॉलम खाली छोड़कर फॉर्म को जमा कर सकता है। ऐसे फॉर्म को अपुष्ट चिह्नित करेगा। 9 दिसंबर 2025 को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद ऐसे मतदाता को नोटिस भेजा जाएगा। नोटिस मिलने के बाद 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच मांगे गए 12 दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा। दस्तावेज न देने पर इआरओ यह तय करेगा कि मतदाता की पात्रता मान्य है या नहीं। वान्या सिंह ने यह भी कहा कि यदि बीएलओ तीन बार घर जाकर भी मतदाता से संपर्क नहीं कर पाता, और फॉर्म घर पर चस्पा करने के बाद भी मतदाता अनुपस्थित, शिफ्टेड, अनट्रेसेबल या डुप्लीकेट एंट्री पाया जाता है, तो ऐसे मतदाता को अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।

# इंस्टाग्राम से ली युवती की फोटो, बना दी आपत्तिजनक

## आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवती के इंस्टाग्राम अकाउंट से ली गई उसकी तस्वीर का गलत इस्तेमाल कर अश्लील बना दी गई। पीड़ित युवती की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगीना में सोशल मीडिया के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। ग्राम हुर नंगला निवासी एक युवती की तस्वीर अश्लील बनाकर वायरल कर दी गई। यह तस्वीर युवती के इंस्टाग्राम अकाउंट से ली गई थी। इस मामले में युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी इंस्टाग्राम यूजर के खिलाफ केस दर्ज कर किया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

शिकायत के अनुसार, एक युवक द्वारा शिकायतकर्ता युवती के इंस्टाग्राम अकाउंट से उसकी तस्वीर लेकर उसे अश्लील करके कई अन्य इंस्टाग्राम अकाउंट्स पर अपलोड कर दिया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी शख्स ने युवती को मोबाइल फोन पर धमकियां दी हैं।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की। आरोपी इंस्टाग्राम अकाउंट होल्डर के खिलाफ आईटी एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

थाना प्रभारी अवनीत मान का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का गलत इस्तेमाल कर किसी की छवि खराब करने या उत्पीड़न करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# लापता किशोरी की बरामदगी की मांग

## दो दिन में आंदोलन की चेतावनी दी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर में शिवसेना (शिंदे गुट) की एक बैठक बसंती देवी धर्मशाला में आयोजित की गई। पंडित नरेश शर्मा की अध्यक्षता और राहुल त्यागी के संचालन में हुई इस बैठक में ग्राम झलरी की एक लापता किशोरी के अपहरण मामले पर चर्चा की गई।

जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने बताया कि झलरी गांव की 13-14 वर्षीय कनक का स्कूल जाते समय अपहरण कर लिया गया था। घटना को छह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो अपहर्ताओं का पता लगा पाई है और न ही किशोरी को बरामद कर सकी है।

बैठक में जिले में लगातार हो रही अपहरण और अन्य आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई। चौधरी वीर सिंह ने आरोप लगाया कि जिन अपराधियों की पहचान हो जाती है, उन्हें धारा 151 या अन्य हल्की धाराओं में चालान कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है। जिससे उनके हौसले बढ़ते हैं और वे बड़ी वारदातों को अंजाम देते हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक पर भी आरोप लगाया कि वे कार्यालय से ही जिले का संचालन करते हैं, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। शिवसेना (शिंदे गुट) ने बैठक में निर्णय लिया कि यदि अगले दो दिनों के भीतर लापता किशोरी का पता नहीं चला, तो संगठन सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए विवश होगा।

# टीईटी एवं एनपीएस-यूपीएस के काले कानून की समाप्ति तक जारी रहेगा संघर्ष : चंद्रहास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में होने वाली महारैली की सफलता को लेकर गुर्जर भवन में जर्नाधन चौहान की अध्यक्षता एवं मंडलीय महामंत्री व एआरपी एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी एवं आज बैठक के मुख्य अतिथि चंद्रहास सिंह ने कहा कि 25 नवंबर की महारैली पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष में मिल का पत्थर साबित होगी और संघर्ष को सफलता के आयाम पर पहुंचाएगी। जब तक सरकार टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस के काले कानून वापस नहीं लेगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। मंडल अध्यक्ष तालिब हसन, मंडलीय महामंत्री प्रवीण चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन ने कह कि ये श्रेय और अस्तित्व का नहीं भविष्य की आर्थिक, सामाजिक सुरक्षा का है। आगामी 25 नवंबर हम संगठित होकर दिल्ली महारैली में प्रतिभाग करेंगे। जिला अध्यक्ष रजनीश सहगल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगामी महारैली को सफल करने का आह्वान किया। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार, वीर सिंह, धर्मपाल सिंह, हरपाल सैनी, अमित कंवल, प्रमोद कुमार, ललित राठी, पंकज चंचल, नागपाल, अमित राठी, बृजेश देवी, गौरव वर्मा आदि ने महारैली की सफलता का आह्वान किया।

# विकास योजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करें

## प्रभारी मंत्री ने शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिजनौर के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन कल्याणकारी और विकास योजनाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। ताकि आम जनता तक इनका लाभ सही समय पर पहुंच सके।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी विधायकगणों और अन्य जनप्रति. निधियों को उपलब्ध कराएं। साथ ही, सभी विभाग यह भी सुनिश्चित करें कि योजनाओं और परियोजनाओं के शुभारंभ तथा लोकार्पण का कार्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ही कराया जाए।

बैठक में मंत्री ने जिले में चल रही विकास एवं निर्माण परियोजनाओं, कानून व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को मानक गुणवत्ता के साथ समयबद्धता से पूरा किया जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजी गई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर इसकी सूचना उन्हें उपलब्ध कराई जाए।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए शौचालयों की उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने जिला पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजना के तहत खोदी गई सड़कों की समय से मरम्मत कराई जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में मानक के अनुसार पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

सर्दी को देखते हुए मंत्री ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोवंश की सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए और कहा कि कोई भी पशु खुले में नहीं पाया जाना चाहिए। मंत्री ने पुलिस अधिकारियों को जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पूर्ण सजगता और तत्परता से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बढ़ापुर सुशांत कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसआईआर को लेकर सपा विधायक ने कसी कमर

## विधानसभा क्षेत्र में 100 अस्थाई सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सपा विधायक मनोज पारस ने कमर कस ली है। उन्होंने बुधवार को पार्टी के क्षेत्रीय पदाधिकारियों व नगीना नगर पालिका के सभासदों के साथ एक बैठक की और एसआईआर प्रक्रिया के सम्बन्ध में चर्चा कर किसी भी प्रकार की मदद का आश्वासन दिया।

उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में 100 अस्थाई सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति। उन्होंने बताया कि सभी कर्मचारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर बनाए गए कैंप कार्यालयों में रहकर लोगों की फार्म भरने में मदद करेंगे। इन सभी कर्मचारियों को वेतन विधायक द्वारा दिया जाएगा। इनके अलावा बूथ स्तर पर सपा कार्यकर्ता भी बीएलए के रूप में कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता के पास बीएलए नहीं आता है या उसका वोट नहीं बन रहा है तो वह सीधे सहायक निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी या जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी भी मतदाताओं की मदद करेंगे।

विधायक द्वारा बूथ लेवल एजेंट एवं बूथ प्रभारियों की नियुक्ति को लेकर बृहस्पतिवार को नगर के गणमान्य लोगों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान मुफ्ती उवैस अकरम, शमशाद रशीद महीगीर, मोहम्मद रफी, इरशाद मुल्तानी, मोहम्मद हनीफ, हाजी रोशन, सुहेल इकबाल आदि मौजूद रहे।

# नजीबाबाद में रक्तदान शिविर

**नजीबाबाद।** ग्राम बढ़िया में एक नि:शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मथुरापुर मोर के ग्राम प्रधान खुर्शीद अहमद और स्थानीय चौकी प्रभारी मनवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में पुलिस प्रशासन और ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नजीबाबाद निवासी मौहम्मद आशिफ ने सबसे पहले रक्तदान कर इस पहल की शुरुआत की। यह शिविर चैरिटेबल ब्लड सेंटर के तत्वावधान में आयोजित हुआ। संजीवनी चैरिटेबल ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर में मोहित लखानी (टेक्नीशियन), शगुफ्ता, महेश, भूपेन्द्र सिंह, सीमा और नर्सिंग स्टाफ शबाना सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# शेख शाहनवाज खलील ने किया नुमाइश का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** रायपुर रोड पर नुमाइश का धूमधाम से उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि के तौर पर चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील मौजूद रहे। उनके साथ उस्मान जैदी, मकसूद उस्मानी, शेख जमशेद, बदर मुनीम मौजूद रहे। जिन्होंने फीता काटकर नुमाइश का उद्घाटन किया। ठेकेदार नफीस अहमद ने अतिथियों का स्वागत किया। शेख शाहनवाज खलील और अन्य अतिथियों ने नुमाइश में बनाए गए मेन गेट का फीता काटकर नुमाइश की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने कहा कि नगीना की नुमाइश की ख्याति पूरे जिले भर में है। नगीना की नुमाइश एकता का संदेश देती है। उनके साथ बदर मुनीम, शेख जमशेद, शेख शद्दन, मकसूद उस्मानी, उस्मान जैदी समेत विभिन्न जनप्रतनिधि मौजूद रहे।

# जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को साइबर क्राइम और योजनाओं की दी जानकारी

**बिजनौर।** जिले के नजीबाबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय राजाराम राहु खेड़ी में आज एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल निर्वशी और महिला कांस्टेबल अनीता ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम, महिला हेल्पलाइन नंबर और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए गए। उन्हें महिला हेल्पलाइन नंबर 181 और वूमेन पावर लाइन 1090 के महत्व के बारे में भी समझाया गया, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में सहायता प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त, छात्राओं और छात्रों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान के बारे में भी अवगत कराया गया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक: 1343/निविदा/न.पा.परि.नह./2025-26 दिनांक:- 20.11.2025

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन दर आमन्त्रण सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड से प्राप्त धनराशि के अंतर्गत नगर में वर्तमान में शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के प्रमुख चौराहों/सार्वजनिक स्थल/ धार्मिक स्थल एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर अलाव की व्यवस्था किये जाने हेतु लकड़ी (सोख्ता) प्रति कुन्तल की दर प्राप्त किये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित कराना चाहती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्तमान में शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के प्रमुख चौराहों/सार्वजनिक स्थल/धार्मिक स्थल एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर अलाव की व्यवस्था किये जाने हेतु लकड़ी (सोख्ता) प्रति कुन्तल की दर से क्रय किये जाने का कार्य। | राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड | 50000.00 | 1000.00 | 03माह/ आवश्यकता अनुसार |

निविदा प्रपत्र की बिक्री की अवधि नगर पालिका कार्यालय में दिनांक 21-11-2025 को प्रात: 11:00 बजे से दिनांक 28-11-2025 को दोपहर 02:00 बजे तक रहेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री एवं निविदा से सम्बन्धित शर्तें दिनांक 21-11-2025 से दिनांक 28-11-2025 की दोपहर 02:00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त निविदाओं को दिनांक 28-11-2025 की सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोला जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद बिजनौर**


## एक नजर

### बिना अनुमति के काटे पेड़



**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला जमनावाला निवासी किसान बलवीर सिंह पुत्र मंगत सिंह का चक ईदगाह मार्ग के पास स्थित है। किसान ने बृहस्पतिवार को खेत में खड़े हरे-भरे दो आम के पेड़ काट लिए। वन रेंजर महेश गौतम का कहना है कि मामला संज्ञान में है टीम भेजकर कार्रवाई की जाएगी।

### नबील अहमद नगर उपाध्यक्ष मनोनीत



**नहटौर।** मौहल्ला नौधा में आजाद समाज पार्टी काशीराम की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें नहटौर विधान सभा के किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष इकबाल अहमद ने पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जुड़कर पार्टी का संदेश जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर इकबाल अहमद ने मौहल्ला नौधा के नबील अहमद पुत्र गरीब शाह को किसान मोर्चा का नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

### चावल से भरा अनियंत्रित ट्रक पलटा



**नहटौर।** काशीपुर के दोहरा टांडा से चावल भरकर ट्रक चालक नासिर व परिचालक शाहरुख ट्रक को लेकर हरियाणा जा रहे थे। आज सुबह नहटौर में धामपुर मार्ग पर ईदगाह मोड़ के पास ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक पलटने के दौरान सड़क पर सुनसान था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यह भी बताया जाता है कि पूर्व में इसी स्थान पर एक लकड़ी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर कार पर गिर गया था, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। ट्रक पलटने के दौरान चालक व परिचालक सुरक्षित निकल गए। ट्रक पलटने पर काफी नुकसान बताया जा रहा है।

### कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम



**रेहड़।** राजकीय नवरत्न इंटर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों एवं अभिभावकों को विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बनाने हेतु जानकारी दी गई। विभिन्न रोजगार जैसे आईएएस, पीसीएस, फ्लोरीकल्चर, ब्यूटीशियन, स्पोर्ट्स, सिक्योरिटी, होटल मैनेजमैंट शिक्षक आदि से संबंधित जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी, एसआई सोनू अधाना ने क्राइम, साइबर क्राइम और पुलिस हेल्पलाइन नंबरों से छात्रों को अवगत कराया तथा यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की। प्रधानाचार्य विशंभर सिंह साहू ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में जीवन और करियर के विभिन्न अवसर की खोज करना है, जिससे न केवल वो बेहतर इंसान बन सके बल्कि समाज सुधारक की भूमिका भी निभा सकें। कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित प्रधानाचार्य मित्रलाल गौतम, रोहिणी तिवारी, मौहम्मद यामीन, अनिल कुमार, नितिन कुमार, संतोष सिंह, प्रभा सिंह ने भी छात्र-छात्राओं को कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव व जानकारी दी। कार्यक्रम में खेल शिक्षक भूपेंद्र सिसौदिया, अनिता सिंह, महेन्द्र सिंह, आकाश कुमार, सपना कश्यप, लवी कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**नजीबाबाद।** आदर्श नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया। कथा के समापन अवसर पर हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन में बैठकर आहुतियां दीं। उन्होंने समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता और व्यभिचार को दूर कर एक सुंदर समाज के निर्माण के लिए सभी को प्रेरित किया। समापन समारोह के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मुकुल कुमार पुत्र स्व. श्री चन्द्र कैलाश अग्रवाल मौहल्ला बाजार चौक** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती अंजना वर्मा पत्नी स्व. श्री कोमल प्रसाद वर्मा** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: बाजार चौक, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती लक्ष्मी देवी अग्रवाल पत्नी श्री चन्द्र कैलाश अग्रवाल मौहल्ला बाजार चौक** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती भारती वर्मा पुत्र श्री नृपेन्द्र वर्मा** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: बाजार चौक, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

# चोरों की 'शातिर जोड़ी' गिरफ्तार

## एक छात्र, दूसरा बैंक कर्मचारी, पुलिस ने चालान कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तीन दिन पहले हुई एक साधारण-सी बाइक चोरी की वारदात ने पूरे शहर को हिला दिया। किसे पता था कि जिस वारदात को लोग 'छोटी घटना' समझ रहे थे, उसके पीछे दो ऐसे चेहरे सामने आएंगे, जिन पर किसी को शक भी नहीं हो सकता था। एक कक्षा 11 का छात्र और दूसरा बैंक में कार्यरत कर्मचारी है।



घटना उस समय की है जब मनभावन बैंकट हॉल के पास की तंग गली में दो युवक लाल बाइक से पहुंचे। कुछ ही सेकंडों में वे वहां खड़ी काली बाइक का लॉक तोड़कर उसे लेकर गायब हो गए। जिस तेजी से यह चोरी हुई, उसने स्थानीय लोगों को डरा दिया। कई लोगों ने कहा इतनी आसानी से बाइक कैसे गायब हो सकती है? क्या शहर अब सुरक्षित नहीं रहा? इस बीच मामला उजागर होने के बाद पुलिस हरकत में आई और शहर में सघन वाहन चेकिंग शुरू हुई। चेकिंग के दौरान पुलिस की नजर एक काली बाइक पर गई। नंबर-प्लेट कुछ गड़बड़ लगी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन बाइक पर बैठे युवक भागने लगे। प्रयास चौकी के पास पुलिस ने पीछा कर उन दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी आशुतोष (नसीरपुर बनवारी) और अमित (रानीबाग कॉलोनी) निकले। आशुतोष पढ़ाई करता है। घरवालों को शायद यह अंदाजा भी नहीं होगा कि उनका बेटा चोरी जैसे अपराध में शामिल है। वहीं अमित, जो बैंक में नौकरी करता है, लोगों की मेहनत की कमाई संभालने वाली संस्था का हिस्सा होने के बावजूद खुद अपराध के रास्ते पर चल पड़ा।

जांच में सामने आया कि दोनों चोरी की बाइक पर अपनी स्कूटी की नंबर-प्लेट लगा कर घूमते थे। पुलिस के अनुसार दोनों हरियाणा में भी कई घटनाओं में शामिल रहे हैं, पर वहां रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

धामपुर में ये उनकी पहली चोरी थी, मगर किस्मत ने साथ नहीं दिया और दोनों पुलिस के हत्थे चढ़ गए। स्थानीय लोगों में राहत है कि यह गिरोह पकड़ा गया, वरना आगे चलकर यह बड़े अपराधों को जन्म दे सकता था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर बाइक बरामद की और दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।क्षेत्रवासियों ने पुलिस के साहस और मीडिया की भूमिका की खुलकर सराहना की है।

## पंचायतें बनेगी स्वावलम्बी: सतेन्द्र




**कोतवाली।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्त्रोत विषय पर जनपद बिजनौर के ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकासखण्ड सभागार कोतवाली देहात पर आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये मंथन करना था। जिसमें सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए सतेंद्र शर्मा के द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम व पुस्तकालय बना कर। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, मेहनाज के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क, शहनाज के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वावलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे।

### एक नजर

## रिजर्व बैंक ने लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर



**नांगल सोती।** भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ कार्यालय के द्वारा नांगल सोती में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी नितिन कुमार, नाबार्ड के डीडीएम, जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंकों के शाखा प्रबंधक, ग्राम मुखिया मोनू राजपूत , सीएफएल सेंटर मौहम्मदपुर देवमल स्टाफ से अर्पित शर्मा और लेखराज उपाध्याय सदस्य एवं लगभग 200 महिलाओं एवं पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बैंक से संबंधित जानकारी, बैंक खाता, स्वयं सहायता समूह, चिट फंड कंपनी, बैंकिंग लेन देन में होने वाले धोखाधड़ी, बैंकिंग लोकपाल, डिजिटल पेमेंट के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को केंद्र सरकार एवम् राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में नितिन कुमार के द्वारा जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बैंकिंग फ्रॉड, साईबर फ्रॉड एवं शिकायत निवारण प्रणाली से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही प्रतिभागियों को समय समय पर अपने खाते का केवाईसी कराने का अनुरोध किया। नाबार्ड के डीडीएम ने स्वयं सहायता समूह से संबधित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। अग्रणी जिला प्रबंधक ने प्रतिभागियों को बैंक से जुड़कर विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया एवं ऋण की समय पर वापसी के लिए भी प्रतिभागियों से अनुरोध किया।

## एसपी पूर्वी ने किया थाने का निरीक्षण



**स्योहारा।** कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से एसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव ने स्योहारा थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर मालखाना, शस्त्रागार, कंप्यूटर कक्ष, हवालात सहित सभी शाखाओं की गहराई से समीक्षा की। एसपी पूर्वी ने थाना स्तर पर अपराध नियंत्रण, लम्बित मामलों के निस्तारण तथा बीट प्रणाली को मजबूत करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। एसपी पूर्वी जब से जिले की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं तभी से लगातार क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। आम जनता से सीधा संवाद, चौपालों के माध्यम से समस्याओं का समाधान और फील्ड में निरंतर उपस्थिति इन सभी ने पुलिस तंत्र को और अधिक सक्रिय व जवाबदेह बनाया है। उनकी सख्त लेकिन संवेदनशील कार्यशैली से अपराधियों में भय और आम नागरिकों में भरोसा बढ़ा है। निरीक्षण के दौरान एसपी पूर्वी ने थाना प्रभारी और उनकी पुलिस टीम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में निरंतर गश्त, विवादित स्थानों पर सतर्कता व शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा अपराध नियंत्रण में किए जा रहे कार्य उत्कृष्ट हैं। थाने की साफ-सफाई अनुशासन और दस्तावेजी व्यवस्था की एसपी पूर्वी ने प्रशंसा करते हुए कहा कि स्योहारा थाना जिले के मॉडल थानों में गिना जा सकता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि जनता से संवाद और संपर्क बनाकर रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि पुलिस की छवि और अधिक सकारात्मक बने।

## कौशल विकास मिशन के सेंटर का उद्घाटन



**धामपुर।** क्षत्रिय नगर स्थित महादेव एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के द्वारा संचालित सेंटर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी दी एवं कोर्स की उपयोगता के बारे में बताया। छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्म निर्भर बनने पर जोर दिया। इस अवसर पर सेंटर इंचार्ज सुमित राजपूत ने छात्र छात्राओं के हेल्थ केयर सेक्टर के अन्तर्गत आने वाले कोर्स हॉस्पिटल फ्रंट डेशक कोऑर्डिनेटर कोर्स के बारे में जानकारी दी। इस कोर्स की अवधि 900 घंटे है। सरकार द्वारा यह कोर्स नि:शुल्क कराया जा रहा है। इसके अन्तर्गत कंप्यूटर शिक्षा भी दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आत्म निर्भर बनाने का है। इस कार्यक्रम में पारुल चौहान, गुलशन जहां, बीरेंद्र सैनी, अभय राजपूत, अमन सैनी, सोनीपाल, पीयूष गुर्जर मौ. साद, उजैर हमजा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमित राजपूत द्वारा किया गया।

## वेदों से ही विश्व में कायम हो सकती है शांति




**धामपुर।** वैदिक यज्ञ प्रचार समिति के पंचम दिवस पर प्रात: कालीन सत्र में जनकल्याणार्थ हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। टीचर कॉलोनी स्थित सत्य धाम धर्मशाला में आयोजित हवन यज्ञ आचार्य वीरेंद्र शास्त्री एवं डा. विवेक शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया। जिसके मुख्य यजमान आलोक आर्य, धर्मपत्नी मीनू आर्य, सौरभ अग्रवाल धर्मपत्नी माधुरी गुप्ता, विवेक अग्रवाल धर्मपत्नी दीप्ति अग्रवाल, संजय पुरी आर्य धर्मपत्नी संजना आर्य, नितिन सैनी, मालती देवी आदि शामिल रहे। दूसरे सत्र में भजन उपदेशक राजेश अमर प्रेमी एवं मोहित शास्त्री ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। भजन हृदय से मेरे भगवान एक ओम नाम निकाले, प्रभु भक्ति में मन में लगाइये यह भजन सभी को बहुत पसंद आया सब ने तालियां बजा कर उत्साह वर्धन किया। आचार्य वीरेंद्र शास्त्री ने वेदों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वेद में धर्म और विज्ञान दोनों है परंतु प्रचलित दूसरे पंथो एवं मतों में विज्ञान नाम की कोई चीज नहीं है। जिन ग्रंथ में परमात्मा की निंदा की गई हो, परस्पर विरोधी और प्रकृति के विरोधी बातें लिखी हो वे धार्मिक पुस्तक ईश्वर प्रदत्त नहीं कहीं जा सकती। वेद ही एक ईश्वरीय ज्ञान की पुस्तक हैं जो सृष्टि के रचना के साथ-साथ मानव मात्र के गाइडलाइन के रूप में ईश्वर ने चार ऋषियों के द्वारा प्रकट किए गए हैं और वेद ही संसार की सबसे पहली और पुरानी पुस्तक मानी जाती है। वेदों को मानने से उनके बताएं मार्ग पर चलने से विश्व में शांति कायम हो सकती है। कार्यक्रम में सुशील रस्तोगी, मंजू रस्तोगी, चंद्रपाल आर्य, हरिराज सिंह, अनिल कश्यप, शलभ अग्रवाल, निशंक भटनागर, जितेन सिंह गहलोत, राधा देवी, मालती सैनी, शोभा रानी, नितिन सैनी, प्रमोद कुमार आहूजा, विवेक अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार बहाल, ओमप्रकाश भोला, डॉ. आरके चौहान, अजय पाल, बालक राम, उमा वर्मा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र आर्य द्वारा किया गया। अंत में शांति पाठ कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। इसी के साथ पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया।

### एक नजर

## सोनीपत ने सहारनपुर को हराया



**चांदपुर।** दो दिवसीय विवेक कप द्वितीय नार्थ जोन हॉकी टूर्नामेंट मे चार मैच खेले गये। जिनमें पहला मैच सोनीपत और सहारनपुर के बीच खेला गया, जिसमें सोनीपत की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सहारनपुर की टीम को 2-0 से हराया। इसी मैच में बरेली का मुकाबला रामपुर से हुआ, जिसमें रामपुर ने 1-0 से विजयीश्री प्राप्त की। तीसरा मैच हरिद्वार और चंडीगढ़ की टीमों के बीच हुआ, जिसमे दोनों टीमे बराबर रही जिसमें सडन डेथ के द्वारा हरिद्वार ने मुकाबला जीता। चौथे मैच में फरीदाबाद ने बलरामपुर को हराया। मैच के विशिष्ट अतिथि गोविंद मित्तल, चांद मियां बादशाह व तैयाब खान रहे। डी.एस.रेड्डी, पीबीएस फूड्स शुगर मिल चांदपुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें खेल को खेल की भावना से खेलने का संदेश दिया। इस मैचे के दौरान चौथे मैच में फरीदाबाद को पैनल शूट मे 1-0 से हराया जबकि पांचवे मैच में हॉफ टाइम तक चांदपुर काशीपुर के मुकाबले में 1-0 से आगे रही। इस मौके पर मसूदूल हसन रिजवी उर्फ असद मियां, मुमताज अहमद प्रबंधक एम.एम. इंटर कॉलेज चांदपुर, सरदार अच्छन सिंह लोहिया, चौधरी इतेखार कुरैशी, पूर्व प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर विनेश त्यागी, पत्रकार मौहम्मद हनीफ,रऊफ अहमद ठेकेदार आदि सहित नागरिक व हॉकी प्रेमी मौजूद रहे।

## पिंक शौचालय का शिलान्यास



**नजीबाबाद।** कृष्णा टॉकीज चौराहे के पास एवं एमजीएम इंटर कॉलेज में पिंक शौचालय बनाने के लिए चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम खां, अधिशासी अधिकारी श्रीमती मुक्ता सिंह एवं सफाई इंस्पेक्टर आदेश सैनी, राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान द्वारा नारियल तोड़ के पिंक शौचालय का शिलान्यास किया गया। इस दौरान पवन, वरिष्ठ लिपिक अफजाल आदि अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## क्रिसेंट में वार्षिक खेलकूद समारोह



**चांदपुर।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई आकर्षक मुकाबले प्रस्तुत किए। समारोह के दौरान विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण ।पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के वाइस मैनेजर मरगूब अहमद, प्रधानाचार्य नदीम बख्त तथा एकेडमिक हेड शाहजाद खान ने सभी प्रतिभागियों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों तथा छात्रों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। विद्यालय प्रबंधन ने आगामी वर्षों में भी ऐसे शैक्षिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को और भव्य रूप से आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के शैक्षणिक इंचार्ज सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## पीबीएस फूड्स शुगर मिल गन्ना भुगतान में फिसड्डी

**चांदपुर।** पीबीएस फूड्स शुगर मिल किसानों से खरीदे गये गन्ना भुगतान में अब तक फिसड्डी साबित हुई है, जबकि चांगीपुर शुगर मिल जनपद में ही नही बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में गन्ना भुगतान में सबसे आग्रणी रही है। उधर जनपद बिजनौर की उत्तम शुगर मिल बरकातपुर ने भी किसानों से नवीन गन्ना सत्र 2025/26 मे खरीदे गन्ने का 17 करोड़ 94 लाख 82 हजार रूपए का भुगतान किसानों के खातों मे भेज दिया है। उत्तम शुगर मिल ने दस नवंबर 2025 का भुगतान भेज दिया है। रही जनपद की अन्य शुगर मिले किसानों के गन्ना भुगतान हेतु प्रयासरत है, लेकिन चांदपुर स्थित पीबीएस फूड्स(यूनिट) चांदपुर शुगर मिल किसानों के गन्ना भुगतान में पूर्व गन्ना सत्रों में भी पिछड़ी रही है। अभी तक नवीन गन्ना सत्र 2025/26 में खरीदे गये गन्ने का भुगतान कर पाने में फिसड्डी साबित हो रही है है। आज 20 नवंबर को मिल के ही एक अधिकारी प्रदीप सोलंकी ने बताया कि मिल एक दो दिन में किसानों के खरीदे गये गन्ने का भुगतान भेजनें कि तैयारी कर रही है। उधर किसानों की हितैषी कहलवाने वाली सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड चांदपुर के सचिव जितेंद्र कुमार भी किसानों के गन्ना भुगतान में मिल द्वारा देरी का कारण नहीं बता पा रहे हैं। हालांकि उनका प्रयास है कि वे किसानों को उनके खरीदे गये गन्ने का भुगतान शीघ्र से शीघ्र उनके खाते में पहुंचवा दिया जाए। उनका कहना है कि हम मिल सीजीएम से मिलकर आजकल में ही किसानों के गन्ना भुगतान हेतु बात करेंगे।

# छात्राएं राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए लखनऊ रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर में कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएँ 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए लखनऊ रवाना हुई।

लखनऊ में 61 वर्ष बाद आयोजित की जा रही 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेने के लिए कन्या इंटर कॉलेज धामपुर का दल आज उत्साहपूर्वक रवाना हुआ। कार्यक्रम का आयोजन 23 से 29 नवंबर तक किया जाएगा। जिसमें देश भर के स्काउट-गाइड संगठन से हजारों प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। विद्यालय की छात्राएं चंचल, अनन्या, भावना, खुशबू, अल्फिया, सानिया, अंजलि और अंतरा इस राष्ट्रीय आयोजन में प्रतिभाग कर रही हैं। छात्राओं के साथ



### देश भर से हजारों स्काउट-गाइड हो रहे शामिल

शिक्षिका रंजना एवं प्रतीक्षा भी दल का नेतृत्व करने हेतु शामिल हुई हैं। विद्यालय परिवार ने इसे गौरव का क्षण बताया है। रवानगी के अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शलभ कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गौरव माहेश्वरी एवं उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जम्बूरी जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्या रेखा देवी ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यालय की बेटियां हर मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती आई हैं और इस आयोजन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। इस मौके पर शिक्षिका विनोद शर्मा एवं अंजलि भी उपस्थित रही। दोनों ने छात्राओं के सुरक्षित व सफल प्रवास की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। विद्यालय परिवार तथा अभिभावकों ने आशा जताई है कि छात्राएं जम्बूरी में विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।

# इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने दिखाई एकजुटता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील के नेतृत्व में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती बड़े ही सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें राष्ट्र शक्ति और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं अहसन जमील ने की। जमील ने कहा कि इंदिरा गांधी ने भारत की एकता सुरक्षा और प्रगति के लिए जिस अद्वितीय नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। वह आज भी हर देशभक्त के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर एकता, भाईचारा और संगठन की मजबूती का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस की सक्रिय भूमिका स्योहारा में और भी प्रबल की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष दिलशाद अहमद ने किया और आयोजन की पूरी व्यवस्था नगर अध्यक्ष अहसन जमील की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में मोनू कुमार, जानिब हुसैन, रितिक कुमार, रमीज राजा, फैज अहमद, राहुल कुमार शर्मा, रितिक पाल, विशाल अहमद, अरशद अहमद, इमरान अहमद, नौशाद अंसारी, लईक अहमद, अफजाल अहमद, नदीम अहमद, भोलू अहमद, इफ्तिकार अहमद आदि शामिल रहे। वहीं कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा जनहित और सामाजिक सद्भाव की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी जैसी प्रेरणादायक नेता को याद करते हुए हमें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

# कृष्णा कालेज के छात्रों ने किया जिला जेल का भ्रमण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के समाज कार्य विभाग ने जिला जेल बिजनौर का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ सांइस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने छात्र/छात्राओं को आशीर्वाद देकर भ्रमण के लिए रवाना किया।

यह भ्रमण जिला कारागार के जिला जेल अधीक्षक डा. अदिति श्रीवास्तव व जेलर रवीन्द्र नाथ के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने कारागार के चिकित्सा बोर्ड, साधारण बोर्ड, प्रशासनिक भवन व कैदियों से बाहरी व्यक्तियों के मिलने का स्थान इत्यादि को देखा और जेल में होने वाली गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कार्यवाई का वितरण प्राप्त किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जेल में विभिन्न अपराधों में सजा काट रहे बंदियों की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

### कैदियों की दिनचर्या के विषय में जानकारी ली

जेल अधिकारियों की ओर से विस्तृत तरीके से जेल भ्रमण करते हुए कैदियों की दिनचर्या के विषय में जानकारी दी।

जिला जेल के अधिकारियों की ओर से छात्र-छात्राओं को दिखाया गया कि किस प्रकार जेल में बंदियों के लिए उनके जीवन में सुधार के कार्यक्रम चलाए जा रहे है, जिससे वे सामाजिक जीवन में लौटने के बाद अपना रोजगार स्थापित कर सके और अपराध की दुनिया से अलग हो सके।

जिला जेलर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जन्मजात अपराधी नहीं होता। कई बार ऐसी परिस्थितियां निर्मम हो जाती हैं। जिनके कारण अपराध हो जाते हैं। फिर भी बंदियों को समाज मे सामाजिक जीवन जीने के लिए जेल के अन्दर तैयार करने का प्रयास किया जाता है। इस भ्रमण को सफल बनाने में सहा प्रवक्ता गोपाल स्वरूप व अनुज कुमार का विशेष योगदान रहा।

# गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव मनाया

## नगर कीर्तन का पुष्पवर्षा से स्वागत, अखाड़े में दिखाएं हैरतअंगेज करतब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गुरु नानक देव जी महाराज का 556 वा प्रकाश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रागी कुलविंदर सिंह खरड तथा भाई मंजीत सिंह संत अमृतसर वाले ने शब्द कीर्तन के दौरान संगत को गुरु वाणी के माध्यम से निहाल किया तथा गुरु नानक के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया तथा संगत ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया कड़े सुरक्षाओं के बीच नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ।



प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुद्वारा परिसर में 7 दिवसीय 556 गुरु नानक देव प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा परिसर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। समापन पर गुरुद्वारा परिसर में अखंड पाठ का आयोजन किया गया। बाहर के रागी कुलविंदर सिंह खरड तथा भाई मंजीत सिंह द्वारा सिख संगत को गुरुवाणी कीर्तन के माध्यम से रागियों द्वारा संगत को निहाल किया गया। गुरुद्वारा परिसर में विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सेवादारों को गुरु सभा के द्वारा सरोपे भेंट किए गए। साथ ही गुरुद्वारा परिसर से नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन मौहल्ला सराय जौका, चौधरियान, सब्जी मंडी, हलवाईयान एजेंसी चौराहा ईदगाह मोड, जोशियान, पीर की चुंगी, मक्खन मार्केट, हाथी वाला मंदिर, होलियान धर्मशाला से होते हुए गुरुद्वारा परिसर में जाकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में सिखों के गुरुओं के होर्डिंग, अखाड़ा, पंच प्यारे गुरु ग्रंथ साहब की अगुवाई करते चल रहे थे। बैंड धार्मिक धोने बजते चल रहे थे। साथ ही संगत द्वारा भजन कीर्तन करते चल रहे थे। महिलाएं सड़कों की सफाई करती हुई चल रही थी। नगर कीर्तन में अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहा।

साथ ही नगर कीर्तन में 800 मीटर लंबी साज सज्जा सहित 150 किग्रा की पगड़ी धारण करने वाले यमुनानगर के मछरौली स्थित गुरुद्वारा बाबा प्यार सिंह पिंड के जत्थेदार बाबा सरदार बलवंत सिंह ने 800 मीटर की पगड़ी बांधे नगर कीर्तन में मौजूद रहे। साथ ही अखाड़े में कई प्रतिभागी अपना करतब दिखा रहे थे। साथ ही गुरु ग्रंथ साहिब का वाहन फूलों से सजा हुआ था। गुरु ज्ञानी त्रिवेंद्र सिंह प्रसाद वितरण करते हुए चल रहे थे। साथ ही नगर में कई स्थानों पर दूसरे समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। मौहल्ला जोशियान में अन्य समाज के लोगों ने नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

इस अवसर पर अरविन्द जोशी, ऋषभ जैन, रोहित सैनी, पंकज शर्मा, तेजपाल सैनी, आदेश चंद्र, विकास जोशी आदि समाज के लोग शामिल रहे। गुरु सभा के अध्यक्ष निशु सिंह, शक्ति सिंह, गुरमीत सिंह को शॉल ओढ़ा कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर गुरु सभा अध्यक्ष निशु सिंह, गुरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सेकेट्री सानू सिंह, जितेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, संजू सिंह, रणजीत सिंह बंटी, गुरमीत सिंह, सुरेंद्र फलोदिया, सरदार राजेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, लोकेंद्र सिंह, दीपक सिंह, सिमरन, हर्ष सिंह आदि संगत ने भारी संख्या में भाग लिया। सुरक्षा की दृष्टि थानाध्यक्ष धीरज नागर भारी पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहे।

# सरकारी जमीन पर बोई आलू की फसल पर चलवाया ट्रैक्टर

**○ नव्वे बीघा भूमि पर कब्जे की शिकायत, 25 बीघा कराई मुक्त**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सरकारी जमीन पर कब्ज़ा कर बोई गई फसल को राजस्व विभाग की टीम ने जमीन को ट्रैक्टर हैरो से जुतवा दिया। प्रशासनिक कार्रवाई से गांव व आसपास क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।

मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में तहसील क्षेत्र के ग्राम हसनपुर मुंजब्ता में ग्राम समाज व अन्य पव्वे बीघा सरकारी भूमि पर अवैध कब्ज़ा करने की शिकायत की गई थी। सीएम दरबार में की गइ शिकायत पर प्रशासनिक अमले ने अपनी कारवाई को तेज कर दिया। राजस्व प्रशासन ने गांव में चकबंदी के उपरांत ग्राम समाज व अन्य सरकारी भूमि पर फैले करीब 90 बीघा अवैध कब्जे को मुक्त कराने के लिए 13 सदस्यीय टीम का गठन किया था। गुरुवार को राजस्व विभाग की टीम ने नायब तहसीलदार अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में चिन्हित जगहों पर ट्रैक्टर-हैरो चलवाकर कब्जा हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान बुवाई की गई आलू की फसल को ट्रैक्टर व हैरो चलवाकर आलू की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। राजस्व टीम के अनुसार, शिकायत में बताया गया था कि ग्राम समाज की जमीन पर बड़े पैमाने पर अवैध रूप खेती की जा रही है। इसके राजस्व प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से पैमाइश शुरू की थी।अवैध कब्ज़े की पुष्टि होते ही राजस्व विभाग की टीम ने कई भूखंडों को कब्जामुक्त कराया। जबकिबाकी बची भूमि पर भी कब्जा मुक्त करने की कार्यवाही की जा रही है। नायब तहसीलदार अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि करीब दो से तीन दिनों में पूरे 90 बीघा क्षेत्र को कब्जा मुक्त कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन किसी भी कीमत पर अवैध कब्जाधारियों के पास नहीं रहने दी जाएगी और आगे भी ऐसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।



सम्भल- हसनपुर मुजब्ता में सरकारी भूमि पर उगाही फसल को देखती राजस्व विभाग की टीम।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति को शासन ने जारी की समय सारिणी

**○संस्थानों को निर्धारित अवधि में करनी है कार्रवाई पूर्ण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दशमोत्तर छात्रवृत्ति 2024-25 के लिए शासन ने समय सारिणी जारी कर दी है। सभी संस्थानों को निर्धारित अवधि में इस पर कार्रवाई करनी है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर योजनान्तर्गत वंचित समस्त वर्गों के छात्र/छात्राओं के लिए निम्नानुसार संशोधित समय-सारणी निर्गत की गई है। शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा लॉक कर 20 नवम्बर, 2025 से 26 नवम्बर, 2025 तक 2 विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा फीस आदि का सत्यापन, 01 दिसम्बर, 2025 तक, तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन, 04 दिसम्बर, 2025 तक, 4 छात्रों द्वारा रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन आवेदन और 20 नवम्बर, 2025 से 26 नवम्बर, 2025 तक, तथा शिक्षण संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया 03 दिसम्बर, 2025 तक, इसके बार विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन व अपात्र छात्र पाठयक्रम व संस्था को 04 दिसम्बर, 2025 से 09 दिसम्बर, 2025, ब्लॉक करेंगे। साथ ही जनपदीय समिति द्वारा 16 दिसम्बर, 2025 से 05 जनवरी, डाटा लाक किया जायेगा। 2026 एवं धनराशि का अन्तरण, 12 जनवरी, 2026 में होगा। इस क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) योजनान्तर्गत वंचित समस्त वर्गों के छात्र/छात्राओं एवं शिक्षण संस्थाओं से अपेक्षित है कि समस्त वांछित कार्यवाही शासन द्वारा निर्धारित उपरोक्त समयावधिके अनुसार पुरी की जायेगी।

# भाजपा नेता का भड़काऊ बयान पकड़ने लगा तूल

**○कांग्रेस लिाध्यक्ष ने जताया विरोध पुलिस व शासन से संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद को लेकर भाजपा नेता के विवादित बोल तूल पकड़ने लगा है। अदालत में मामला लम्बित होने के बाद कांग्रेस नेता ने इसे ज़हरीला व भड़काऊ बयान बताते हुए कड़ी आपत्ति की है। जबकि पुलिस-प्रशासन और शासन से ऐंसे भड़काऊ बयान पर रोक लगाने व तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। बुधवार को कैलादेवी मंदिर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष राजेश सिंहल ने मंच से विवादित बयान दिया। भड़काऊ बयान से माहौल गरमा गया है। हरिहर पदयात्रा रोके जाने के बाद आयोजित सभा में मंच पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह पहली लड़ाई है और पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोग एकजुट हुए हैं। अपने जहरीले भाषण में उन्होंने कहा कि अभी तो यात्रा की शुरुआत कैलादेवी धाम से हुई है, आगे आने वाले समय में सम्भल की जामा मस्जिद पर उसी प्रकार (चढ़ाई) की जाएगी, जैसे अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के समय की गई थी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भविष्य में सम्भल के हजारों गांवों के लोग चारों ओर से कूच करेंगे और जामा मस्जिद की एक-एक ईंट उखाड़ ले जाने का काम करेंगे। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार और न्यायालय ने हरिहर मंदिर का (कब्जा) उन्हें नहीं दिलाया, तो हालात अयोध्या जैसे हो हालात सकते हैं। उन्होने सरकार और न्याय पालिका को भी चेतावनी दी कि या तो सच्चाई का साथ दें, वरना साधु-संतों के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने इसे (सोए हुए हिंदू समाज को जगाने) की मुहिम बताया। भाजपा नेता के इस विवादित व भड़काऊ बयान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कड़ी आपत्ति की है। अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि राजेश सिंघल की भाषा देशहित के लिए अनुकूल और जायज किसी भी कीमत पर नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलता है और सभी को संविधान व न्यायपालिका पर भरोसा रखना चाहिए, लेकिन जिस तरह से उन्होंने मंच से न्याय पालिका को भी दरकिनार कर ऐंसा बयान दिया, जो पूरी तरह से अनुचित है। उन्होने ने प्रशासन से मांग की कि ऐसे बयानों पर तुरंत संज्ञान लिया जाए, क्योंकि न्याय पालिका सर्वोपरी है और संविधान से ही संचालित होती है। सरकार को ऐसे भाषणों पर अंकुश लगाना चाहिए ताकि समाज में अनावश्यक तनाव न बढ़े। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पुलिस और प्रशासन से इसका तत्काल संज्ञान लेने और इस तरह के जहरीली भड़काऊ बयान बाजी करने वालों पर कड़े कदम उठाकर कार्यवही करने की भी मांग की।



राजेश सिंहल भाजपा



आरिफ तुर्की कांग्रेस

# डीएवी बबराला ने सीबीएसई हेरिटेज क्विज में रचा नया कीतिमान

**○ प्रतिभा की उड़ान शैक्षणिक पहचान को किया सार्थक**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक पहचान को सार्थक करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। अखिल भारतीय स्तर पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 13 नवंबर 2025 को आयोजित भारतीय विरासत प्रश्नोत्तरी 2025 (सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2025) के परिणामों में विद्यालय ने क्लस्टर-10 (नोएडा जोन) में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि स्कोर और सबसे कम समय में उत्तर देने के आधार पर तय की गई है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की ओर से कक्षा 11 के सुमुख पाण्डेय, तथा कक्षा 9 के आदर्श यादव और सिद्धार्थ गौतम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम चरण की परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। तीनों विद्यार्थियों की प्रतिभा, त्वरित उत्तर क्षमता और ऐतिहासिक ज्ञान ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है।अब डीएवी बबराला देश के सर्वोत्तम स्कूलों तथा सर्वोत्तम डीएवी स्कूलों की श्रेणी में शामिल हो गया है। इस उपलब्धि के पीछे विद्यार्थियों की मेहनत, सामाजिक विज्ञान विभाग के शिक्षकों की निष्ठा और विद्यालय प्रबंधन के सतत सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यालय के प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने इस सफलता पर अपार हर्ष व्यक्त करते हुए कहा हयह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों के लगन, परिश्रम और शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। यह स्कूल परिवार के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। विद्यालय के चेयरमैन एमएस प्रसाद ने भी प्रसन्नता व्यद्र करते हुए अपने संदेश में कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने सिद्व किया है कि समर्पण, अनुशासन और ज्ञान से कोई लक्ष्य दूर नहीं। यह उपलब्धि डीएवी बबराला की गुणवत्ता और उत्कृष्टता का सशक्त प्रमाण है।







# डीएम ने बूथ पर किया मतदाताओं का सत्यापन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एसआईआर चौपाल का आयोजन कर डीएम ने मतदाताओं का सत्यापन किया जबकि बीएलओ को किसी प्रकार के दबाव में कार्य नहीं करने के निर्देश दिए।

मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य को तेज कर दिया गया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर चल रहे एसआईआर को लेकर डीएम की अध्यक्षता में एसआईआर चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम अर्जुनपुर जूना में आयोजित चौपाल में डीएम डा. राजेन्द्र पेंसिया ने बूथ संख्या 269 एवं बूथ संख्या 270 की मतदाता सूची के अन्तर्गत मतदाताओं के नाम का वाचन करते हुए सत्यापन किया।इस दौरान डीएम ने बीएलओ किसी भी प्रकार के दबाव में काम नहीं बल्कि निष्पक्ष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा की मतदाता सूची का वाचन करते हुए सूची का सत्यापन किया जाए। उन्होने बताया कि जिले में 1652 बीएलओ एसआईआर के अन्तर्गत कार्य कर रहे हैं तथा गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा चुका है तथा गणना प्रपत्रों के संग्रह तथा डिजिटलाइजेशन का कार्य चल रहा है।

# बकाया राज्य कर जमा नहीं किया, तो होगी कुर्की व नीलामी

**○ राज्यकर विभाग की टीम ने बकाया जमा नहीं करने वाले व्यापारिक स्थल को किया सील**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राज्य कर विभाग की बकाया वसूली को अभियान तेज कर दिया गया है। शासन एवं मुख्यालय के निर्देश पर बकाया वसूली को अभियान चलाया गया। अभियान में बकाया धनराशि जमा नहीं करने पर एक व्यापारिक स्थल को सील किया गया।

शासन एवं मुख्यालय कि निर्देश पर अशोक कुमार सिंह अपर आयुक्त और संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर सम्भाग ए मुरादाबाद मोहित गुप्ता के नेतृत्व में शुरू किए गए अभियान में राज्य कप विभाग की टीम मैसर्स रामगडिया एक्सपोर्ट, सम्भल जिस पर बकाया कुल 190.46.00 लाख, मैसर्स चौधरी एरोमा, सम्भल जिस पर बकाया 643.44 लाख, मनोज इण्टरप्राइजेज, सम्भल पर 15.87 लाख एवं काजल रोडलाईन्स, सम्भल जिस पर बकाया 32.30 लाख की बकाया की वसूली को फर्मों के व्यापार स्थल पर पहुंचकर फर्म स्वामियों को राज्य कर विभाग की बकाया को राजकोष में जमा करने को निर्देशित किया। जबकि उक्त बकाया धनराशि को राजकोष में जमा नहीं करने पर कुर्की, नीलामी आदि की दंडात्मक करने की चेतावनी दी। अभियान में फर्म स्वामियों ने बकाया धनराशि अतिशीघ्र जमा करने का आश्वासन दिया। जबकि काजल रोडलाईन्स, सम्भल के व्यापार स्थल को बकाया न जमा करने पर सीज कर दिया गया। राज्य कर विभाग की ओर से बकाया वूसली को चलाये गए अभियान और व्यापारिक स्थल पर सील कार्यवाही से हड़कम्प मचा हुआ हस मौके पर उपायुक्त लल्लन प्रसाद यादव, वीरेन्द्र कुमार, सहायक आयुक्त गिरीश चन्द्र एवं रूचि अग्रवाल एवं राज्य कर अधिकारी श्रृषिपाल सिंह आदि शामिल रहे।

## एक नज़र इधर भी

### बीआरएस इंटर कॉलेज में लगा कैम्प

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिय को अधिक गतिमान बनाने के लिए बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज बबराला में एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वार्डों के बीएलओ से जानकारी प्राप्त कर अधिक से अधिक संख्या में एसआईआर फार्म वितरित करने के लिए सभी को घर-घर जाने के लिए बताया। बीएलओ ने भी वार्ड के सभासदों व लोगों से कई घरों के पतों की जानकारी ली।इस दौरान लोगों को भरे फार्म भी लोगों को दिखाकर भरने को कहा। इस मौके पर सभासद मीना गुप्ता, शरद यादव, विनय वार्ष्णेय, दिनेश कौशल आदि रहे।

### गवां की पांच घंटे बन्द रहेगी बिजली

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निमग लि अधिशासी अभीयन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-बबराला, सम्भल 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र गवां के समस्त 11 के.वी. पोषक से पोषित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति के शटडाउन रहेगी। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बबराला अजय कुमार शुक्ला ने बताया विद्युत निर्माण एवं कार्य खण्ड मुरादाबाद द्वारा गवां-अनूपशहर मार्ग पर केसरपुर चौराहे के बीच में लगे पोल को विस्थापित करने दृष्टिगत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र गवां के समस्त 33ध11 के.वी. पोषकों से पोषित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 21 नबम्बर 2025 (आज) को पर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक कुल 5 घन्टे की अवधि के लिए बाधित रहेगी।



सम्भल।-एमजीएम पीजी कॉलेज में छात्राओं को सम्बोधित करती डा. विजय लक्ष्मी।

### छात्राओं को साबर क्राइम से किया जागरूक

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** एमजीएम पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत साइबर सुरक्षा पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं को उनकी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। डा. विजयलक्ष्मी शर्मा ने छात्राओं को आजकल जो साइबर क्राइम बढ़ रहा है। उसके प्रति सचेत करते हुए कहा कि कभी भी अंजान नंबर से यदि कोई फोन कॉल आए तो उसको रिसीव ना करें और यदि रिसीव कर भी लिया तो स्वयं ना बोले दूसरे की सुने । दूसरी बात यह है कि फोन पर आए हुए किसी भी ओटीपी को किसी से शेयर ना करें। तीसरी बात यह है कि बैंक से संबंधित किसी भी लेनदेन अथवा आदान-प्रदान करते समय सावधानी बरतें। कभी भी अंजान नंबर से आई हुई फोन कॉल रिसीव नहीं करनी चाहिए इसका दुरुपयोग हो सकता है और आपके साथ ब्लैकमेलिंग हो सकती है इसलिए अत्यंत सावधानी की आवश्यकता है। इसके साथ ही और भी बहुत सारी जानकारियां देकर मिशन शक्ति की बहुत सारी छात्रों को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति प्रभारी डा. रीतू भटनागर ने भी छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा। इस कार्यक्रम में 54 छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# अधिवक्ता के साथ मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अधिवक्ता के साथ मारपीट कर फोन चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित अधिवक्ता ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा।

हयात नगर थाना क्षेत्र के ग्राम मिलक सिसौटा निवासी हरिओम सिंह ने अपने ही मुंशी शिशपाल और जनसेवा केंद्र संचालक लवली पर धोखाधाड़ी, जबरन उगाही और जानलेवा हमला करने के आरोप लगाए है। अधिवद्रा के अनुसार वह किसी काम से शिशपाल की दुकान पर पहुंचे थे, जहां जनसेवा केंद्र चलाने वाला लवली भी मौजूद था। दोनों से पुराने परिचय के चलते अधिवक्ता ने अपना मोबाइल चार्जिंग पर लगा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद दोनों युवकों ने उनका मोबाइल गायब कर दिया और खाने-पीने के बहाने 500 रुपये की मांग की। विश्वास के चलते अधिवक्ता ने रुपये दे भी दिए, लेकिन मामला यहीं नहीं थमा। पीड़ित का कहना है कि दोनों आरोपी उन्हें बहला-फुसलाकर चौधरी सराय स्थित एक होटल पर ले गए, तो आरोपियों 1500 रुपए देने का दबाव बनाया रुपए न देने पर आरोपियों ने होटल के बाहर उन्हें बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान अधिवक्ता की आंख और नाक से खून बहने लगा। शोर सुनकर होटल कर्मचारी बाहर आए और बीच-बचाव कर किसी तरह अधिवक्ता को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घटना की जानकारी मिलते ही अधिवक्ता ने तत्काल सदर कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस कि जांच जारी है और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने प्रशासन से शीघ्र न्याय की गुहार लगाई है।

# एसआईआर फार्म भरवाने को नेता अपना रहे पैंतरेबाज़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एसआईआर को लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े करने लेकिन फार्म भरवाने को परेशान वोटरों के लिए कोई कदम नहीं उठाने वालों की समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार पर आँखे खुलीं और कैम्प लगवाकर फार्मों को भरवाये लेकिन फिर हाथ खड़े कर दिए। जनमानस की निगाह में किरकिरी से बचें और अपने को जनता का हितैषी बने रहें इसके लिए नेताओं ने नयी पैंतरेबाजी शुरू कर दी है। दूसरे लोगों लगाये जा रहे शिविरों पर जाकर स्वयं सेवा करने का दिखावा कर रहे हैं। जबकि एसआईआर फार्म भवाने को लोग आज भी फार्म भरवाने व उसमें दिए गए कालमों को पूरा करने के लिए फार्म इधर-उधर लिए दौड़ भाग करते देखे जा रहे है। इनमें महिला मतदाताओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# डा. आफताब नाजिशे कौम अवार्ड से सम्मानित

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे की लाईब्रेरी और स्टडी रूम में आयोजित कार्यक्रम में अमरीका से आए डाक्टर को नाजिशे कौम अवार्ड से सम्मानित करते हुए समाज सेवा में उनके काम की प्रशंसा करते हुए उम्मीद जताई गई कि उनके द्वारा किए गए कामों को इसी तरह जारी रखा जाता रहेगा।

नगर पंचायत के पूर्व चैयरमेन चौ. रौनक रजा के नाम से उनके ही आवास मौहल्ला चौधरियान में रौनक लाईब्रेरी एंड ढटडी रूम की स्थापना कइ वष पूर्व की गई थी जिसमें आज अमरीकी डाक्टर आफताब हुसैन को एक कार्यक्रम में नाजिशे कौम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. आफताब हुसैन ने इल्म (शिक्षा) की ज़रूरत व अहमियत बताते हुए कहा कि जाहिल है तो हैवान की तरह पेट भरेगा और अगर आलिम (शिक्षित) है तो फाका भी सलीक से करेगा। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने डा. आफताब हुसैन द्वारा कौम व समाज के लिए साम समुन्दर पार अमेरिका से भी की जाने वाली खिदमात (सेवा) की सराहना करते हुए एक सच्च नेक दिल व समाज सेवी बताया। डा. आफातब हुसैन को चौ. रूस्तम अली व मौलाना एहतेशाम अली ने संयुक्त रूप से बुकें व अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मौलसाना नबी हैदर मौलाना काजी सुबहान असगर, मौलाना आबिस मेंहदी, बहमन जहरा अस्पताल के प्रभारी डा. एस.एस. रज़ा, खुर्शीद अनवर, सामिन अली, आजम अली, अली अब्बास व विकार मेंहदी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मौलाना अहतेशाम अली ने सभी का शुक्रिया अदा किया।



सिरसी- डा. आफताब को नाजिशे कौम अवार्ड से सम्मानित करते।

# मेडिकल स्टोरों पर हो रहा उपचार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मेडिकर स्टोर की आड़ में रोगियों का उपचार किया जा रहा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट को जॉच में रोगियों का अवैध रूप से उपचार किया जा रहा था।

गुरूवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी को ग्राम सौंधन मोहम्मदपुर में संचालित सहारा मेडिकल स्टोर के संबंध में शिकायत किली किं मेडिकल स्टोर की आड़ में मरीजों का अवैध रूप से इलाज किया जा रहा है। नगर मजिस्ट्रैट ने बताया कि शिकायत की मौके पर जाकर जांच की गई तो इस दौरान मौके पर मेडिकल स्टोर संचालित मिला जबकि मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा मेडिकल का रजिस्ट्रेशन भी पेश किया। लेकिन मेडिकल स्टोर के बराबर से एक कमरे में दो-तीन बेड रखे हुए पाए गये, जिस पर कोई मरीज भर्ती नहीं था। इसके संबंध में मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा बताया गया कि यह बेड किसी और के हैं हमारे नहीं हैं। ऐसी स्थिति में मौके पर तत्काल सभी बेडो को कमरे से निकलवा दिया गया और संचालक को निर्देशित किया गया कि वह भविष्य में किसी भी प्रकार से इस कमरे का इस्तेमाल चिकित्सा सेवाओं हेतु सक्षम विभाग से अनुमति प्राप्त किए बिना नहीं करेंगे।



सम्भल- सौंधन में मेडिकल स्टोर पर जांच करते नगर मजिस्ट्रेट।

# विस्तारीकरण को जारी किया जाए बजट

**○शंकर कॉलेज चौराहे पर पीएम के नाम लिखे पत्र**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में शहर के शंकर कॉलेज चौराहा पर व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम गजरौला तक रेल लाइन विस्तारीकरण को बजट मंजूर किये जाने की मांग की।

इस दौरान अक्षय कुमार गुप्ता ने कहा कि सम्भल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग बहुत पुरानी है। शहर व सम्भल क्षेत्र के लोग कााफी समय से मांग करते चले आ रहे हैं। रेल लाइन विस्तारीकरण हो जाने से क्षेत्रवासी को काफी लाभ होगा। कम किराए में माल की धुलाई हो सकेगी। समय व पैसे की बचत होगी। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। आगे बोलते हुए सनी भटनागर ने कहा कि सम्भल कल्कि भगवान की नगरी है। सम्भल में हिंदू श्रृद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है जो देश व प्रदेश के दूसरे हिस्सों से आते हैं। शहर के लोग व सामाजिक संगठन काफी लंबे समय से संघर्षरत हैं लेकिन आज तक मांग पूर्ण नहीं हो सकी है। हम अपने ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द सम्भल में रेल लाइन विस्तार के लिए रेल बजट मंजूर कराये जिस शहर व क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। चौ. रविराज चाहल ने कहा कि हमें जागरुक होने की आवश्यकता है। हमें अधिक से अधिक पत्र व ज्ञापन प्रधानमंत्री को भेजने हैं। जिससे हमारी मांग भारत सरकार तक पहुंच सके। हमें यह अभियान आगे भी जारी रखना है। जिससे कि शहर व क्षेत्र के डाक्टर व इंजीनियर भी अधिक से अधिक पत्र भेज व प्रधानमंत्री मोदी को ट्वीट करें। जिससे कि हमारी मांग भारत सरकार तक पहुंच सके। व्यापारी आरिफ हुसैन ने कहा कि रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग पूर्ण हो जाने से, हम आसानी से देश व प्रदेश के दूसरे हिस्सों में आसानी से आ जा सकेंगे। दूसरे हिस्सों से अपना माल लाने में हमें आसानी रहेगी हमारा कम खर्च आएगा हमारे समय की बचत होगी। इस दौरान चौ रविराज चाहल, अक्षय कुमार गुप्ता, मोहम्मद फहीम, सनी भटनागर, राजेश कुमार सैनी, अनिल कुमार सैनी, मोहम्मद वलीउल्लाह, मुकेश कुमार, प्रेम सिंह आदि रहे।

# 87 तीर्थ सम्भल की भूमि को बनाते हैं विलक्षण

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** हिंदू जागृति मंच ने नगर की ऐतिहासिक आध्यात्मिक चर्चा वार्ता कार्यक्रम में यहां के 87 तीर्थों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए। महर्षि दयानंद बाल मंदिर जूनियर हाई स्कूल आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि अयोध्या मथुरा काशी और सम्भल भगवान की अवतार भूमि होने के कारण चार प्रमुख स्थल हैं। परंतु सम्भल अवतार भूमि होने के साथ-साथ 87 तीर्थ की भूमि भी है। इसलिए संभल दुनिया की सर्वाधिक विलक्षण भूमि है। उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि सम्भल में 68 तीर्थ हैं और 19 कूप है। कूप भी तीर्थ के समान ही महत्वपूर्ण है। इसलिए कुल 87 तीर्थ की भूमि है सम्भल। उन्होंने बताया कि दुनिया में संभल के अतिरिक्त कोई भी ऐसा स्थान नहीं है जहां परमपिता परमात्मा का अवतार स्थल भी हो और 87 महत्वपूर्ण तीर्थ भी हों। इसलिए सम्भल दुनिया का सर्वाधिक विलक्षण और महत्वपूर्ण स्थल है। उन्होंने वर्तमान पीढ़ी से सभी तीर्थ के जीर्णोद्धार, रखरखाव, व्यवस्था संचालन में तन मन धन से सहयोग करने का आहवान किया। हिंदू जागृति महिला मंच की जिला अध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने सम्भल के ऐतिहासिक महत्व की अनेक विशेषताओं को बताते हुए सम्भल की भूमि को ऐतिहासिक प्राचीनतम तथा गौरवपूर्ण महत्वपूर्ण भूमि बताया। कार्यक्रम में राकेश कुमार शुक्ला, राघवीरेंद्र त्यागी, चंद्रभान आर्य, पूनम शर्मा, रेनू शर्मा, सुचेता गुप्ता, भावना, निशा दिवाकर, इशिका आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू जागृति मंच के उमेश श्रीमाली ने की तथा संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य जोगेंद्र पाल शर्मा ने किया।

# कटघर क्षेत्र में दर्दनाक हादसा, ट्रैक्टर के नीचे दबकर पंचर मिस्त्री की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के रामपुर रोड पर गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में पंचर मिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर का पंचर जोड़ने पहुंचे मिस्त्री राकेश सिंह निवासी गांव गजगोला नानकबाड़ी, थाना पाकबड़ा) ट्रैक्टर के नीचे दब गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

राकेश सिंह पुत्र काशीराम सिंह रामपुर दोराहे पर टायर पंचर की दुकान चलाते थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार को किसी ट्रैक्टर चालक ने उन्हें अपने ट्रैक्टर का पंचर जोड़ने के लिए बुलाया था। चालक के अनुसार, वह राकेश को रामपुर दोराहे से करीब 300 मीटर आगे



लेकर आया था, जहां ट्रैक्टर का पहिया पंचर हो गया था। मृतक के भाई अर्जुन सिंह ने बताया कि उनका भाई राकेश जैसे ही ट्रैक्टर का पंचर जोड़ने में जुटे थे, तभी पीछे से आ रहे किसी तेज रफ्तार वाहन ने ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर का पहिया निकल गया और पूरी गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। दुर्भाग्यवश, राकेश सिंह उसी समय ट्रैक्टर के नीचे आ गए और दबकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को जानकारी दी। कटघर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और शव को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकलवाया।

पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।राकेश सिंह की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिवारजन घटना की जानकारी मिलते ही रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों का कहना है कि राकेश मेहनती और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे जो वर्षों से उसी स्थान पर पंचर की दुकान चलाते थे।

# अंगद भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष घोषित, भरी सभा में टोपी पहनाकर किया ऐलान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** दिवंगत देवेंद्र सिंह के पुत्र को आज भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसान भवन पर आयोजित बैठक में ब्लॉक का अध्यक्ष घोषित कर दिया गया भरी सभा के दौरान उन्हें टोपी पहनाई गई और उनसे संगठन हित और संगठन को मजबूत किए जाने की उम्मीद जताई गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज किसान भवन छजलैट में एक बड़ी पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें दिवंगत पूर्व ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह के पुत्र अंगद सिंह को छजलैट ब्लॉक से भारतीय किसान यूनियन का अध्यक्ष घोषित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह घोषणा तो पिछली 9 तारीख की बैठक में ही की गई थी लेकिन आज विधिवत तरीके से आम जनता के बीच उन्हें अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्हें भरी सभा के बीच भारतीय किसान यूनियन की टोपी पहनाकर ब्लॉक अध्यक्ष घोषित कर



दिया गया। बताया गया कि उच्च स्तरीय पदाधिकारियो ने भी इस चयन पर अपनी सहमति व्यक्ति की, किसान यूनियन के नेताओं का कहना था कि पहले से चली आ रही परंपरा के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी के स्वर्ग सिधारने के उपरांत उनके परिवार से ही किसी व्यक्ति को उस पद की जिम्मेदारी दी जाती रही है। और यदि उनके द्वारा इस जिम्मेदारी का निर्वाह सही नहीं किया जाता तो उन्हें हटाकर दूसरे को जिम्मेदारी देने में भी कोई गुरेज नहीं किया जाता। नरेंद्र शर्मा उर्फ टूनी की अध्यक्षता और विक्की चौधरी के संचालन में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कुछ लोग इस चयन को लेकर भी राजनीति करने का प्रयास कर रहे हैं जो कि गलत है उन्होंने कहा कि किसान भवन को सुसज्जित करना भी उनका दायित्व है और इसे वह मिनी सिसौली बनाकर रहेंगे। बैठक में किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह सतवीर सिंह मांन अंगद सिंह दर्शन सिंह रामकला सिंह बलराज सिंह हरदीप बिश्नोई अरविंद जॉनी भविष्य बिश्नोई सहित काफी बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे। बैठक से पहले सुंदरकांड और पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन भी शांतिकुंज के जबर सिंह के तत्वाधान में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया जबकि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नो सिंह ने इस चयन को अवैध बताया और कहा कि प्रस्ताव भेजने के उपरांत जिले स्तर के किसी भी पद की घोषणा करना जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी है और वह किसी को गलत तरीके से संगठन में काम नहीं करने देंगे इस दौरान एसडीएम संत दास पवार को किसानो की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026: दो या अधिक गणना प्रपत्र भरकर जमा करना दंडनीय अपराध : संगीता गौतम

■ मतदाताओं के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उपजिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही गतिमान है, जिसमें बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने के साथ ही मतदाताओं द्वारा भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि ऐसे मतदाता जिनका नाम विधानसभा निर्वाचक नामावली 2025 में एक से अधिक मतदेय स्थल अथवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रविष्ट है, उनसे अपेक्षा है कि वह एक ही स्थान पर अपना गणना प्रपत्र भरकर बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि यदि मतदाता द्वारा दो मतदेय स्थल अथवा विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा किया जाता है और यह सिद्ध हो जाता है कि उस मतदाता द्वारा दो जगह गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा किया गया है, तो ऐसे मतदाताओं के विरुद्ध लोक प्रति. निधित्व अधिनियम 1950 ( 1950 क 43) की धारा 31 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी, जिसमें मतदाता को 01 वर्ष कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डित किया जायेगा। इसके लिए मतदाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

# बीमार होने के बावजूद ईओ नगरपालिका के कार्यों में जुटे

**चन्दौसी।** नगरपालिका की जिम्मेदारियां व्यापक हैं, जिनमें विकास कार्यों से लेकर सफाई व्यवस्था को संतोषजनक बनाए रखना शामिल है। नगरपालिका क्षेत्र में 25 से अधिक वार्ड हैं, जिनकी सफाई, समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों की नियमित निगरानी आवश्यक है। गुरुवार को अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम स्वास्थ्य ठीक न होने के बावजूद अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यालय में सक्रिय दिखाई दिए। बताया गया कि वे बीते तीन दिनों से अस्वस्थ हैं, फिर भी प्रतिदिन सुबह नगरपालिका क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं। सफाई निरीक्षक ने बताया कि ईओ लगातार वार्डों की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष रूप से जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। कार्यालय में भी ईओ धर्मराज राम पेंशन संबंधी कार्यों के साथ-साथ नगरपालिका में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते नजर आए। उनकी सक्रियता से कर्मचारियों में भी कार्य के प्रति गंभीरता देखी जा रही है।

# किसानों के लिए बनाए गए रामगंगा नदी पर अस्थायी पुल का निर्माण पूर्ण, हवन पूजन कर आवागमन शुरू



**सुरजननगर।** क्षेत्र के लालापुर पीपलसाना में रामगंगा नदी बहती है जिसपर बनने वाले पुल का निर्माण कार्य काफी समय से अधूरा था । केवल लोहे के पिलर डालकर छोड़ दिया गया। काफी समय हो गए हैं, लेकिन ये पुल कल तक पूरा नहीं पाया था । ऐसे में ग्रामीणों को खेत जाने के लिए तीन किमी का चक्कर लगाना या नाव का सहारा लेना पड़ता था। उधर, बजट का अभाव होने की बात कहकर ठेकेदार पल्ला झाड़े हुए हैं। बता दें कि सुरजननगर क्षेत्र के लालापुर पीपलसाना में रामगंगा निकली है। इस रामगंगा के किनारे पर स्तिथ लालापुर गांव को अस्थाई पुल की स्वीकृत हुआ था।जिसकी मंजूरी मिलने पर चूक विभाग ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। धीरे-धीरे छ माह बीतने के बाद भी आधा पुल तैयार किया गया था अधूरे पुल से ग्रामीणों को आवागमन में दुश्वारी होती थी। लालापुर के ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों के रुचि न लेने से पुलों का निर्माण लटका है। वही रामगंगा के दूसरी ओर लालापुर के ग्रामीणों की करीब 200 बीघा से अधिक जमीन है। इन दिनों गन्ने की फसल को काटकर उस को मिलो तक पहुचाने के लिये बुधवार को किसानों के वाहन लाने ले जाने के लिए पुल का निर्माण कार्य तीव्र गति से पूर्णकर दिया गया जिसका गांव के सम्मानित व्यक्ति बलराज सिंह भगत जी द्वारा विधि विधान से पूजन कर व फीता काटकर शुभारम्भ किया।

इस मौके पर उपस्थित गांव के ओंकार सिंह पहलवान ,फतेह सैनी, महिपाल, प्रदीप कुमार ,डॉ सिराज अंसारी,मनवीर विश्नोई, ओमवीर सिंह देवराज सिंह,सोनू आदि रहे।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर कुंदरकी विधायक ने निकाली तिरंगा रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के नेतृत्व में एक विशाल 'यूनिटी मार्च' एकता पदयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित नागरिकों और विद्यार्थियों को देश की एकता-अखंडता बनाए रखने तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। यह एकता पदयात्रा कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलो से होती हुई शिव मंदिर गोविंदपुर कलां चौराहा पर एकत्र होकर प्रारम्भ हुई और कल्याण सिंह पब्लिक स्कूल सैफपुर पल्ला में संपन्न हुई, जहाँ समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कल्याण सिंह पब्लिक स्कूल सैफपुर पल्ला में समापन कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। समापन कार्यक्रम पर आयोजित सभा में पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए 500 से अधिक रियासतों का आजाद भारत में विलय कराया।

कुंदरकी विधायक ठाकुर रामव. ीर सिंह ने बताया कि सरदार पटेल के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के सपने को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है, जो देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे देश में ऐसी एकता यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो एकता और अखंडता का संदेश देती हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, एकता की भावना को मजबूत करना और सरदार पटेल के 'एक भारत, अखंड भारत' के अटूट विश्वास को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, जिला अध्यक्ष आकाश पाल, जिला महामंत्री कमल कुमार प्रजा. पति, ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव , मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, नीरज चंद्रा, संजय कश्यप , बबलू जाटव , जिला पंचायत सदस्य जेपी सैनी, रोहित सिंह, सोनू रस्तौगी, रविंद्र सिंह, नसीम खान, संजय दिवाकर, अरविन्द ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, भाजपा पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

# श्री जम्भवाणी हरि कथा पर विशाल यज्ञ कर हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** सुरजननगर चौंकी क्षेत्र के निकट वर्ती गांव लालापुर पीपलसाना में बिश्नोई मदिर में चल रही श्री जम्भवाणी हरि कथा का गुरुवार को अमावस्य पर्व पर विशाल यज्ञ कर समापन किया गया। यज्ञ के बाद वहां पर उपस्थित सभी संतों का सम्मान किया गया। गुरुवार को कथावाचक आचार्य अमृतानंद जी ने एक विशाल यज्ञ किया। यज्ञ में भगवान गुरु जंभेश्वर द्वारा रचित 120 शब्दवाणी का उच्चारण कर यज्ञ में आहुति दी। यज्ञ समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं को पाहल बनाकर सभी को पाहल पिलाया और प्रसाद का वितरण किया। यज्ञ के बाद आचार्य अमृतानंद जी ने कहा बीते दिनों में चली कथा मे आपने जो सुना उसे पर अमल करो तभी आपका कथा मे आना सार्थक है यदि आप अमल नहीं करते तो आपका कथा में आना निरर्थक है। अंत में उन्होंने कहा सभी



को प्रात: काल उठकर अपने-अपने माता-पिता के चरण स्पर्श कर प्रणाम करना चाहिए। ऐसा करने वाले व्यक्ति की आयु, विद्या, मान -सम्मान और आत्म बल में वृद्धि होती है। इस अवसर पर हरिद्वार से आये परम पूजनीय स्वामी प्रणवानंद जी ने कहा जब कभी भी आपके यहां यज्ञ हो तो एक के बाद पाहल अवश्य बनवाएं। मन्त्रों की शक्ति से घड़े में रखा जल अमृत रूपी पाहल बन जाता है। पाहल पीने से शरीर पवित्र हो जाता है और जिस स्थान पर उस जल का छिड़काव किया जाता है वह स्थान भी पवित्र हो जाता है। कथा में रामाकृष्णन जी, कृष्णानंद जी, प्रणवानंद जी, अमृतानंद जी, सगरानंद जी, गोविंदनंद जी, अशोक आनंद जी, राशिदानंद जी आदि संत उपस्थित थे।

# टीएमयू में क्रिकेट बालिका वर्ग के सेमीफाइनल के लिए भिड़ेंगी मुरादाबाद-उत्तराखंड की टीमें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से इण्टर स्कूल क्रिकेट चौंपियनशिप बालिका वर्ग में मुरादाबाद के सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, जेके कॉन्वेंट स्कूल, पीएमएस स्कूल और केवी पब्लिक स्कूल, उत्तराखंड ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। क्वार्टर फाइनल्स में सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल ने राजेंद्र अकादमी- गजरौला, जेके कॉन्वेंट स्कूल ने सेंट मीरा अकादमी-मुरादाबाद, पीएमएस स्कूल ने विल्सोनिया स्कॉलर्स-मुरादाबाद और केवी पब्लिक स्कूल ने ग्रीन मिडोज स्कूल- मुरादाबाद को मात दी। फर्स्ट क्वार्टर फाइनल में राजेन्द्र अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल ने 5 विकेट खोकर 10 ओवरों में 66 रन बनाकर राजेंद्र



अकादमी को 67 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजेन्द्र अकादमी 5 विकेट खोकर सिर्फ 62 रन ही बना सकी और सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल ने 4 रनों से जीत हासिल करी। सेंट मैरी कॉन्वेंट की हिमानी प्लेयर ऑफ द मैच बनी। हिमानी ने 30 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें 4 चौके शामिल रहे। साथ ही 2 ओवरों में 12 रन देकर 3 विकेट भी हासिल करे। तीन दिनी इण्टर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप बालिका वर्ग का विल्सोनिया स्कॉलर होम की प्राचार्या श्रीमती श्वेतांगना संतराम ने बतौर मुख्य अतिथि बैटिंग करके शुभारम्भ किया। इस मौके पर टीएमयू के डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। क्रिकेट चौंपियनशिप में मुरादाबाद कमिश्नरी और उत्तराखंड की बालिका वर्ग की लगभग 20 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। दूसरा क्वार्टर फाइनल में जेके कॉन्वेंट ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। पहले बैटिंग करते हुए सेंट मीरा ने 6 विकेट के नुकसान पर 10 ओवरों में 59 रन बनाकर 60 रनों का लक्ष्य दिया। जेके कॉन्वेंट ने यह लक्ष्य 2 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया।

प्लेयर ऑफ द मैच खुमान रही, जिसने 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 23 रन बनाए और 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट भी चटकाए। तीसरे क्वार्टर में पीएमएस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। विल्सोनिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाकर विपक्षी टीम को 72 रनों का लक्ष्य दिया। पीएमएस ने यह लक्ष्य सिर्फ 7 ओवरों में 1 विकेट खोकर 9 विकेट से मैच अपने नाम किया। पीएमएस की सिमरन 25 गेंदों में 37 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। चौथा क्वार्टर फाइनल मैच में केवी पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्रीन मिडोज ने 10 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 57 रन बनाए। 58 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवी पब्लिक स्कूल ने 9 ओवरों में 3 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त किया। केवी पब्लिक की शिवांगी ने 2 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। उल्लेखनीय है, चौंपियनशिप के दूसरे दिन क्रिकेट के मैदान पर 10 लीग मैच भी हुए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी पर बैठक, विभागों को मामले प्राथमिकता से प्रस्तुत करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आगामी 13 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. विदुषी सिंह के आदेशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चन्दौसी के विश्राम कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी विभागों विशेषकर बिजली, राजस्व, बैंक, पेंशन, पानी, भूमि विवाद तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलोंकृको प्राथमिकता देते हुए अधिकतम प्रकरण लोक अदालत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक मामले सुलह-सम्मति से निपटाए जा सकें। उन्होंने सभी विभागों से आग्रह किया कि लंबित एवं उपयुक्त प्रकरणों की सूची समय से तैयार कर लोक अदालत में प्रस्तुत करें। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित मामलों की सूची तैयार कर निर्धारित समय पर प्रस्तुत करेंगे। बैठक में एस.डी.ओ. बहजोई अखिलेश कुमार, एस.डी.ओ. पंवासा मनोज कुमार यादव, एस.डी.ओ. सम्भल प्रथम जे.पी. वार्ष्णेय, एस.डी.ओ. सम्भल द्वितीय गणेश कुमार गुप्ता, एस. डी.ओ. सम्भल तृतीय राहुल सिंह, एस. डी.ओ. गवा दिनकर भाई पटेल, एस. डी.ओ. गुन्नौर ऋषिकुमार शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक बिजली थाना सम्भल ताहिर हुसैन, एस.डी.ओ. चन्दौसी अजय कुमार चौरसिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संभल स्थित चन्दौसी विभांशु सुधीर द्वारा दी गई।

# रेलवे लाइन पर काम के चलते रसूलपुर फाटक 3 दिनों के लिए बंद, वाहन चालकों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रेलवे लाइन पर काम के चलते रसूलपुर रेलवे फाटक को तीन दिनों के लिए बंद घोषित कर दिया गया जिससे उस मार्ग पर जाने वाले वाहन चाल. कों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा इससे नहर मार्ग भी अवरुद्ध हो गया और लोगों को कच्चे रास्तों से अपने गंतव्य तक पहुंचने को मजबूर होना पड़ा। बतादे की रेल विभाग ने दो दिन पहले 20-21 और 22 नवंबर को रसूलपुर रेलवे फाटक पर काम के चलते बंद किए जाने का ऐलान किया था लेकिन एलान का पत्र जारी करने के बाद रेलवे की तरफ से रूट डायवर्जन को लेकर कोई जिम्मेदारी भरा कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने अधिकारियों को पत्र भेज कर रूट डायवर्जन और पुलिस तैनात किए जाने की जिम्मेदारी दी थी। लेकिन इस जिम्मेदारी का निर्वाह सही ढंग से नहीं हुआ कांठ



से मुरादाबाद की ओर जाने वाले वाहन रसूलपुर फाटक तक पहुंचे उधर मुरादाबाद से कांठ की ओर आने वाले वाहन भी रेलवे फाटक पर पहुंचे वहां जाकर फाटक बंद होने का पता लगा तो वाहनों को वहां से वापस आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ गया वाहनों को घूमाने के चक्कर में जगह-जगह जाम लग गया वाहनों ने मुख्तियारपुर नवादा की ओर से नहर का रास्ता पकड़ा तो वहां भी सड़क चौड़ी ना होने के कारण वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरे तो धूल के गुब्बार उठ गए और दो पहिया वाहन चालको की हालत खस्ता होकर रह गई। बड़ी संख्या में वाहन कांठ फाटक की ओर पहुंचे तो वहां भी लंबी-लंबी लाइनों में जाम लगने के कारण वाहन चाल. कों को दिन में ही तारे नजर आने लगे। कुछ वाहन पेली बिश्नोई रेलवे फाटक की और गुजरे तो वहां खड़ंजे पर वाहन ओवरटेक न करने की जगह होने के कारण भी वाहन चालक दिक्कत में आ गए दो पहिया वाहन चालकों ने अन्य मार्गों का सहारा लेकर अपने गंतव्य को पूरा किया। एक और दिक्कत उस समय खड़ी हो गई जब कांठ रेलवे फाटक को भी तीन दिन के लिए बंद किए जाने का पत्र व्हाट्सएप पर प्रसारित हो गया इससे लोगों के सामने और भारी समस्या खड़ी हो गई कुल मिलाकर आज मार्ग के बंद होने का पहला दिन भारी दिक्कतो भरा रहा स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन से रूट डायवर्जन करते हुए व्यवस्था बनाए जाने की मांग उठाई है।

# रघुनाथ आश्रम में बीएलओ ने एसआईआर के फार्म भरे

**चन्दौसी।** गुरुवार को रघुनाथ आश्रम परिसर में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के फार्म भरने का कार्य संगठित रूप से संचालित किया गया। अभियान के दौरान बीएलओ को सहयोग देने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता और बूथ अध्यक्ष भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। बीएलओ ने बताया कि पहले घर-घर जाकर फार्म वितरित किए गए थे और अब सही जानकारी के आधार पर फार्म भरने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आ रही है। सभी बीएलओ निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए तेजी से कार्य कर रहे हैं। किसी भी समस्या की स्थिति में नायब तहसीलदार तुरंत सहायता उपलब्ध करा रहे हैं।


## बेदखली सूचना

मैंने अपने बड़े पुत्र संजय सिंह को साथ लेकर अपने छोटे पुत्र सुजीत से गलत संगत/व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में मेरे छोटे पुत्र सुजीत द्वारा किये जाने वाले गलत कृत्यों/मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा उक्त सुजीत से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं है। **श्रीमती मंजू सिंह पत्नी जितेन्द्र पाल सिंह निवासी चाऊ की बस्ती लाईनपार, तहसील व जिला मुरादाबाद।**



सम्मन वास्ते उमूर करारदात उमूर तनकीह तलब, (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**

**मूलवाद संख्या:** 1403 सन् 2024

**तारीख पेशी:** 5.12.2025

हिमांशु चौधरी पुत्र श्री वीर सिंह चौधरी निवासी बैंक कालोनी खुशहालपुर मझौला शहर व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. रोहित चौधरी आयु लगभग 16 वर्ष पुत्र श्री जसवन्त सिंह अंतर्गत संरक्षिता अपनी माता श्रीमति आदेश चौधरी पत्नि श्री जसवन्त सिंह, 2. श्रीमति आदेश चौधरी पत्नि श्री जसवन्त सिंह निवासीगण लोकोशेड शहर व जिला मुरादाबाद। उपरोक्त वादीगण ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद बाबत स्थाई निषेधाज्ञा संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय की तारीख दिनॉक 05.12.2025 को दिन 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिये हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में उपरोक्त तिथि पर स्वंय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे व शक्ति में हो उन्हे पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि पर इस न्यायालय में हाजिर नहीं हुये तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनॉंक 19.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० )**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# अभद्र व्यवहार व रिश्वत मांगने के आरोप में चौकी प्रभारी निलंबित

■ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने विभागीय जांच के भी दिए आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मंडी चौक चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजकिशोर के खिलाफ गंभीर आरोपों की पुष्टि होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्राधिकारी कोतवाली द्वारा की गई जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि उपनिरीक्षक राजकिशोर ने एक शिकायत प्रार्थना पत्र की जांच के दौरान आवेदक को पूछताछ के बहाने चौकी पर बुलाया और उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। इतना ही नहीं, उन पर शिकायतकर्ता से रुपये मांगने का भी आरोप लगा है।

जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत आख्या में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि उपनिरीक्षक का यह आचरण पुलिस विभाग की छवि के विपरीत है और इससे जनता में असंतोष पैदा हो सकता है। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में लिखित रूप से आरोप लगाए थे, जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने तत्काल विभागीय कार्रवाई शुरू की। एसएसपी सतपाल अंतिल ने रिपोर्ट के आधार पर उपनिरीक्षक राजकिशोर को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचारपूर्ण गति. विधि या दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस कर्मियों का कर्तव्य जनता की सेवा करना है, और यदि कोई अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सस्पेंशन आदेश जारी होते ही पुलिस विभाग में भी इस कार्रवाई की चर्चा शुरू हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि पारदर्शिता और जवाब देही सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की कार्रवाई आवश्यक है।

ताकि पुलिस पर जनता का भरोसा बना रहे।

# किसान यूनियन व ग्राम प्रधान और ब्लॉक प्रमुख ने एसएसपी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को किसान यूनियन, ग्राम प्रधानों एवं ब्लॉक प्रमुख ने स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।मामला हाल ही में प्रॉपर्टी डीलर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने



वाले कुख्यात हिस्ट्रीशीटर आसिफ और उसके साथी दीनू को मुठभेड़ में ढेर करने का है। दोनों बदमाशों पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे और क्षेत्र में आतंक का माहौल बनाकर रंगदारी उगाही करते थे। पुलिस ने इन्हें मुठभेड़ के दौरान ढेर कर अवैध गतिविधियों पर निर्णायक कार्रवाई की, जिसके बाद क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल वापस लौटा।पुलिस की इस बड़ी सफलता से स्थानीय जनप्रतिनिधि और किसान संगठन बेहद संतुष्ट दिखे। गुरुवार को एसएसपी कार्यालय में किसान यूनियन के पदाधिकारी, कई ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख तथा अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एकत्र हुए और एसएसपी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की तत्परता और कड़े रुख के कारण आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।किसान यूनियन के प्रति. निधियों ने बताया कि अपराधियों पर लगाम लगाने और ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का यह अभियान सराहनीय है। जनप्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि इसी तरह की समयबद्ध और कड़ाई से की गई कार्रवाई भविष्य में अपराध रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एसएसपी मुरादाबाद ने सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी बिना किसी दबाव के जारी रहेगी। उन्होंने जनता से सहयोग बनाए रखने की अपील की।

## एक नजर

### केनरा बैंक सिविल लाइन्स में पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र 4.0 शिविर हुआ आयोजित




**मुरादाबाद।** केनरा बैंक सिविल लाइन्स शाखा में गुरुवार को पेंशनधारकों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (Digital Life Certificate & DLC) अभियान 4.0 के तहत जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के पेंशन विभाग के निदेशक अमित शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शि. विर में विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में पेंशनर्स पहुंचे और डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को समझा। मुख्य अतिथि अमित शर्मा ने पेंशनरों को बताया कि केंद्र सरकार का यह विशेष अभियान 1 से 30 नवंबर तक देशभर में चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य दो करोड़ पेंशनभोगियों तक डिजिटल सुविधा पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि देश के 2,000 से अधिक शहरों और कस्बों में कैंप लगाए जा रहे हैं, सरकार सुपर सीनियर एवं दिव्यांग पेंशनरों के लिए विशेष व्यवस्था के तहत डोरस्टेप सर्विस भी उपलब्ध करा रही है, जिसे इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक संचालित कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक अभय कुमार भारती ने की, जबकि मंडल प्रबंधक मधुर सहगल एवं बैंक का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। बैंक अधिकारियों ने पेंशनरों को मोबाइल एप, फेस ऑथेंटिकेशन और अन्य डिजिटल तरीके से प्रमाण पत्र जमा करने की विस्तृत जानकारी दी।शिविर के दौरान पेंशनरों को मौके पर ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और पेंशनरों ने इस पहल की सराहना की।

### 19वीं राष्ट्रीय डायमंड जम्बूरी स्काउट गाइड को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए किया रवाना



**कुंदरकी।** 19 वीं राष्ट्रीय डायमंड जम्बूरी स्काउट गाइड लखनऊ के लिए जनपद मुरादाबाद के स्काउट गाइड की दो बसों में सवार 74 स्काउट एवं गाइड को जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद देवेन्द्र कुमार पाण्डेय पीईएस, सह जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद शतानंद शर्मा पीईएस, राजकीय इण्टर कॉलेज नगलिया जट के प्रधानाचार्य रघुपति देव चै ने हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया।।

### उत्तर प्रदेश सरकार के जारी दिशा निर्देश के क्रम में विश्व बाल दिवस उत्सव का हुआ आयोजन

**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर सिरसी के आंगनबाड़ी केंद्र एवं बाल वाटिका पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देश के क्रम में। विश्व बाल दिवस उत्सव का आयोजन एवं अभिभावक -बैठक मैं नन्हें



मुन्ने बच्चों द्वारा करवाई गयी गति. विधियां। भावगीत-एक चिड़िया आई। गतिविधि-चित्रकला, मजेदार निशाना खेल, प्रशंसा एवं पहचान -चमकते बच्चे। ग्राम प्रधान श्रीमती सुमन, प्रधानाध्यापिका श्रीमती रेखा रानी, नोडल शिक्षिका श्रीमती सोनम सैनी, शहनाज फातिमा, गरिमा, अनीता सागर शिक्षामित्र शबनम जहां आंगनबाड़ी कार्यकत्री तबस्सुम फात्मा, रजिया समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### पंचायत में बुलाकर मारपीट मामले में छह नामजद

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पंचायत के दौरान मारपीट मामले में पुलिस ने 6 लोगों को नामजद किया है थाना छजलैट के गांव सलावा निवासी इंतजार पुत्र छिद्दा का कहना है कि 18 नवंबर को 8:00 बजे उसके भतीजे रिजवान पुत्र एहसान की पंचायत ग्राम प्रधान नौशाद अली के यहां चल रही थी वहां से उसे फोन करके प्रधान ने अपने घर बुलाया वहां पहुंचा तो उसके और उसके भतीजे रिजवान बेटा फिरोज आलम को उरमान ईरमान सुलेमान अंजार अनस और उमर ने गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया और धमकी देकर चले गए जिसमें उन्हें लोगों को काफी चोटे आई पीडित थाने पहुंचा और सभी आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने सबको नामजद करते हुए मामला दर्ज किया है।

### जर्जर विद्युत केबिल में शार्ट सर्किट से लगी आग

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव डारनी में गुरुवार की शाम पोल पर लगे जर्जर विधुत केबिल में शार्ट सर्किट से आग लग गई और केबिल जलता हुआ रामसिंह के घेर में टूट कर गिर गया। घेर में पशुओं को चारा डाल रही महिला फूलवती केबिल गिरते ही बाहर को भागी तो नाली पर गिर कर घायल हो गई।

ग्रामीणों ने भाग कर महिला को उठाया और जान बचाई। गनीमत रही कि केबिल घेर में बंध रहे पशु व चारा डाल रही महिला के ऊपर नहीं गिरा नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। ग्रामीणों ने बिजलीघर डारनी को फोन कर बिजली आपूर्ति बंद करायी। ग्राम प्रधान अनुरुद्ध कुमार ने बताया कि गांव में केबिल लाइन जर्जर है जिसकी कई बार शिकायत कर दी गई है परन्तु अभी तक केबिल लाइन बदली नहीं गई है।

### ठंड बढ़ते ही सक्रिय हुए चोर, नोटों के हार बेचने वाली दुकान से 4-5 लाख की चोरी

**चन्दौसी।** ठंड बढ़ते ही चोरों की सक्रियता भी बढ़ गई है। पिछले वर्ष जहां चोरों ने मेडिकल स्टोर और अन्य दुकानों को निशाना बनाया था, वहीं इस बार



उनकी नजर टिल्लू अग्रवाल पुत्र सालिगराम की दुकान पर पड़ गई। टिल्लू अग्रवाल लंबे समय से नई करेंसी के नोटों से बने हार एवं शादी-विवाह में उपयोग होने वाली पगडिघ्यों का व्यवसाय करते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार टिल्लू अग्रवाल रात करीब 08 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह जब वे दुकान पर पहुंचे तो देखा कि पीछे की ओर कूमिल लगा हुआ था। शटर खोलकर अंदर देखा तो नोटों के बने हार और अन्य सामान गायब थे। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर सुराग जुटाने का प्रयास किया। नवंबर माह की यह पहली बड़ी वारदात मानी जा रही है, जिसमें चोर दुकान के पीछे से कूमिल लगाकर करीब 4 से 5 लाख रुपये का माल चोरी करके ले गए। वारदात से व्यापारियों में भी दहशत का माहौल है।

## बिजली चोरी के मामले में दर्ज कराया मुकदमा

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव रुस्तम नगर सहसपुर में अवर अभियंता ने बिजली चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है । अवर अभियंता महेंद्र सिंह, एसडीओ विद्युत राम मनोहर यादव आदि को बिजली चोरी की सूचना मिली। जिसके बाद टीम में सर्वेश कुमार के अलावा संविदा कर्मी पंकज, संजीव कुमार को शामिल किया और बिजली चेकिंग के लिए रुस्तम नगर सहसपुर की प्रथमा बैंक वाली गली पर पहुंचे। जहां भोला पुत्र बदलू के घर में स्मार्ट मीटर मैं इनकमिंग साइड पर काली डोरी डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। मीटर के पीछे दीवार में छेद करके अवैध तरीके से विद्युत मीटर से बिजली चोरी की जा रही थी। इस मामले में पूरी रिपोर्ट तैयार की और केवल भी जब्त किया गया। वहीं विद्युत चोरी निरोधक थाने में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी गई है।

## शहर में बढ़ते बंदरों के आतंक से लोग परेशान, सुरक्षा के लिए लगाए जा रहे लंगूरों के फ्लैक्सी पोस्टर

चन्दौसी। नगर में दिन-ब-दिन बढ़ रही बंदरों की संख्या अब लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। बंदरों के आतंक से बचाव के लिए कई स्थानों पर लंगूर की फ्लैक्सी लगाई गई है, ताकि बंदरों को दूर रखा जा सके। शहरवासी बताते हैं कि एक दशक पहले नगरपालिका ने मदारियों की मदद से बंदरों को पकड़कर जंगलों में छोड़ा था, जिससे कुछ समय तक राहत मिली थी, लेकिन अब हालात फिर बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं। हर गली-मोहल्ले में भारी संख्या में बंदर घूमते देखे जा सकते हैं और कई जगह वे आक्रामक व्यवहार भी कर रहे हैं।

बंदर सब्जियों से लेकर खेतों तक भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए खेतों के चारों ओर बेरीकेटिंग लगा रहे हैं, जबकि सब्जी की फसल पर बंदरों का सीधा हमला हो जाता है। शहर की सड़कोंकृसीतारोड, रामबाग रोड आदि पर सामान लेकर पैदल चलना भी सुरक्षित नहीं रह गया है। सबसे अधिक परेशानी छतों पर रहने वाली महिलाओं को उठानी पड़ती है, क्योंकि बंदर कपड़े या घर का सामान क्षतिग्रस्त कर देते हैं। बंदर के हमले से छत से गिरने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। हाल ही में कपड़ा फैलाने गई एक महिला बंदरों के हमले में छत से गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। शहर में शायद ही ऐसा कोई दिन निकलता हो जब बंदर किसी को नुकसान न पहुंचाएं। लोगों का कहना है कि बंदरों के साथ-साथ कुत्तों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जो गलियों में झुंड बनाकर घूमते हैं। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के निर्देश दिए हैं, लेकिन शहर में अभी इन समस्याओं से निपटने के ठोस उपाय नजर नहीं आते। बढ़ती संख्या लोगों के लिए लगातार खतरा बनी हुई है।

## एफआर इंटर कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम

**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में यातायात पखवाड़े के तहत आकांक्षा समिति के तत्वाधान में प्रार्थना सभा के दौरान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यातायात निरीक्षक प्रभारी दुष्यंत कुमार बालियान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सड़कों पर पैदल चलने से लेकर वाहन संचालन तक के महत्वपूर्ण नियम समझाए और छात्रों से आग्रह किया कि वे इन नियमों को घर जाकर अपने परिवार के सदस्यों को भी बताएं, ताकि समाज में अधिक से अधिक जागरूकता बढ़ सके। इस दौरान दुष्यंत कुमार बालियान ने सभी छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई। संगीता भार्गव ने कहा कि सड़कें सभी के लिए हैं, इसलिए सभी का प्रथम कर्तव्य है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, तभी सड़कें सुरक्षित बन सकती हैं। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने विद्यालय में आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि छात्र-छात्राएं यदि यातायात के नियमों के प्रति सजग रहेंगे, तो समाज में भी सकारात्मक संदेश जाएगा। कार्यक्रम में संगीता भार्गव, आरक्षी सोनू कुमार, तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 'एकता यात्रा यूनिटी मार्च' का शुभारंभ

## देश की एकता, अखंडता व समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतरत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर कुंदरकी मंडल की यात्रा जयपुर पट्टी स्थित मिलन फार्म हाउस से "सरदार वल्लभभाई पटेल एकता यात्रा ख्र यूनिटी मार्च" का शुभारंभ किया गया।

यह यात्रा आगे बढ़ते हुए कल्याण सिंह पब्लिक स्कूल सैफपुर पल्ला में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, जिला महामंत्री कमल कुमार प्रजापति, जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अमर सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट, मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, मंडल महामंत्री संजय दिवाकर, पंकज शर्मा, सफीक अब्बासी, मजलूम पाशा, नक्शे अली, वाजिद पाशा, जयपाल सिंह, नरेंद्र चौधरी, दानवती पाल,




खेमपाल सिंह, सुऐब शावरी, इरशाद खान, संजय सैनी, वहोरन सिंह, राजकुमार सिंह सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा। सरदार पटेल जी के राष्ट्रभक्ति, दृढ़ नेतृत्व और अखंड भारत के संकल्प को स्मरण करते हुए सभी ने देश की एकता और विकास के लिए निरंतर समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# छात्र-छात्राओं ने आईएफटीएम यूनिवर्सिटी का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला के छात्र-छात्राओं ने उच्च शिक्षण संस्थान का शैक्षिक भ्रमण किया। प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी के निर्देशन में विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षण संस्थान आई एफ टी एम यूनिवर्सिटी का भ्रमण कराया गया।

प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश ने भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया कॉलेज में इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी , कंप्यूटर शिक्षा, कृषि , शिक्षा, मानवीकी ,कला , कानून, फार्मेसी से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में बताया तथा भ्रमण कराया गया । आई एफ टी एम के कम्प्यूटर विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया तथा इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी ,कृषि, मानवीकी, पैरामेडिकल कॉलेज के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि उच्च शिक्षा से ही भविष्य उज्जवल हो सकता है शैक्षिक भ्रमण से नई जानकारी मिलने पर विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षण संस्थान में पढ़ने का उत्साह दिखाई दिया तथा विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण को लाभप्रद बताया। शैक्षिक भ्रमण प्रभारी रेणुका, सह प्रभारी प्रीति एवं सुरजीत सिंह का सक्रिय सहयोग रहा।




# फीता काटकर किया कार्यालय का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर/ठाकुरद्वारा।** ग्राम पंचायत फरीद नगर में ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवार तहसीन रजा ने अपने कार्यालय का शुभारंभ किया चुनाव के लगभग छह माह पहले ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई हैं।

यहां अभी तीन प्रत्याशी मैदान में हैं जो कि अपनी अपनी ताकत दिखाने की होड़ में लगे हैं इन्हीं में एक प्रत्याशी तहसीन रजा ने बताया कि फरीद नगर की जनता अब परिवर्तन चाहती है जो कि वो करेंगे।और अगर गांव की जनता ने वोट के रूप में



अपना प्यार दिया तो वो विकास के रूप में ऐसा परिवर्तन दिखाएंगे कि जिससे जनता खुद हो जायेगी जानक. ारी करने पर उन्होंने बताया कि शिक्षा और खेल कूद के क्षेत्र में युवक एवं गांव की बालिकाओं आगे को बढ़ाना उनकी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे।

## सोसाइटी चुनाव के मामले में एसएम कॉलेज को राहत नहीं

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज प्रबंध तंत्र और आयोग से चयनित प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव के मध्य चल रहा विवाद सुलझने के बजाय और गहराता जा रहा है। विधि सम्मत चुनाव न कराए जाने के मामले में कॉलेज की सोसाइटी को एक बार फिर न्यायिक झटका लगा है। प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव ने आरोप लगाया था कि सोसाइटी ने बिना कोरम के जल्दबाजी में चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली और चुनाव के दौरान कोई पर्यवेक्षक भी मौजूद नहीं था। प्राचार्य ने यह भी आरोप लगाया कि सोसाइटी ने कॉलेज की 65 दुकानें किराये पर चढ़ा रखी हैं, जिनमें से केवल 25 ही नगरपालि. का में दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त, कॉलेज की संपत्ति के नए नक्शे में कई हिस्से गायब हैं, जो अधिकारों के दुरुपयोग की ओर संकेत करते हैं। उधर, सोसाइटी द्वारा विश्वविद्यालय के विरुद्ध दायर याचिका पर उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि एस.एम. कॉलेज गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के अधीन है। इसलिए मामले में विधि सम्मत निर्णय लेने का अधिकार केवल कुलपति के पास है। प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव के अधिवक्ता गिरीश यादव ने कहा कि अब सोसाइटी को अपने अधिकार क्षेत्र के अनुरूप संबंधित प्राधिकरण के पास ही जाना होगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## ऑपरेशन कनविक्शन के तहत संभल पुलिस की प्रभावी पैरवी

**चन्दौसी।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के अंतर्गत संभल पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप एक महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया है।

न्यायालय जेएम सम्भल-2 ने अभियुक्त को मुकदमे में दोष सिद्ध पाते हुए जेल में बिताई गई 24 दिवस की अवधि को करावास की सजा के रूप में मान्य किया तथा साथ ही 1000 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया। सजा कराने में एपीओ संतोष कुमार यादव, कोर्ट पैरोकार कॉन्स्टेबल फिरोज तथा कोर्ट मोहर्रिर हेड कॉन्स्टेबल रामेन्द्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# विवाहिता ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या

## पति हरियाणा में करता है मजदूरी, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद सादिकपुर गांव में गुरुवार की अपराह्न कमरे में पंखे में साड़ी का फंदा डालकर विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी अशोक कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक मौके पर पहुंचे इसके बाद फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराई जिसके बाद मृतका के मायके पक्ष को भी घटना की जानकारी दी गई वहीं मृतक महिला का पति हरियाणा में रहकर मजदूरी करता है कोतवाली प्रभारी के अनुसार अभी किसी तरह की कोई तहरीर नहीं मिली है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक मोहम्मद सादिकपुर गांव निवासी राजू सैनी की 25 वर्षीय पत्नी मंजू घर पर ही रहती है उसके पास दो बेटी है पति राजू सैनी 1 महीने पहले ही हरियाणा के रेवाड़ी में मजदूरी करने के लिए गया हुआ था परिजनों के मुताबिक गुरुवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे जब मृतक महिला की सास कमरे के अंदर गई तब देखा कि मंजू पंखे से लटकी हुई थी जिसके बाद उन्होंने अन्य परिजनों को घटना की जानकारी दी इसके बाद पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई तत्काल ही पुलिस क्षेत्र अधिकारी अशोक कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक होकर पर पहुंचे इसके बाद फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र कारण और शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया साथ ही घटना की जानकारी मृतका के पति राजू सैनी और उसके मायके पक्ष को भी दी गई है ।

जानकारी के बाद पति और मायके के पक्ष के लोग भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक ने बताया कि प्रथम दृश्य हैंगिंग प्रतीत हो रहा है बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही मौत की सही वजह स्पष्ट हो पाएगी अभी तक कार्यवाही के लिए तहरीर नहीं मिली है।

# दीक्षा डागर ने जीता सोना



सिल्वर मेडल फ्रांस की मार्गो ब्रेजो को मिला और ब्रांज मेडल कनाडा की एरिका डॉन ने जीता

**टोक्यो, वार्ता।** भारत की प्रोफेशनल गोल्फर दीक्षा डागर ने गुरुवार को डेफलंपिक्स के छठे दिन महिलाओं के इंडिविजुअल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। दीक्षा ने 3 राउंड के बाद 11 अंडर पार का स्कोर किया। 54 होल के आखिर में उनके कुल पार थे- राउंड3: 11 अंडर पार, राउंड2: 11 अंडर पार और राउंड1: 4 अंडर पार। यह 24 साल की दीक्षा का तीसरा डेफलंपिक्स मेडल है। उन्होंने 2017 में सैमसन तुर्किए में अपने पहले गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था, फिर ब्राजील के कैक्सियास डो सुल में गोल्ड मेडल जीता था। तीन डेफलंपिक्स के अलावा, अर्जुन अवॉर्डी दीक्षा ने टोक्यो ओलंपिक्स 2020 (एबल बॉडी) में भी देश को रिप्रेजेंट किया है। सिल्वर मेडल फ्रांस की मार्गो ब्रेजो को मिला और ब्रॉन्ज़ मेडल कनाडा की एरिका डॉन रिवार्ड ने जीता। डेफलिपिक्स 15-26 नवम्बर तक टोक्यो में खेले जा रहे हैं और इसमें 111 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## अरशद नदीम ने भाला फेंक स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**रियाद, वार्ता।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम ने इस्लामिक सॉलिडैरिटी गेम्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। प्रिंस फैसल बिन फहद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में बुधवार को हुए मुकाबले में अरशद नदीम ने अपने दूसरे प्रयास में 83-05 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सात प्रतियोगियों के बीच अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाया।

अरशद नदीम ने तुर्की के कोन्या में पिछले एडिशन में भी 88.55 मीटर का नया गेम्स रिकॉर्ड बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



खेल विशेष

## फेडरर अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम चुने गए

**लंदन, वार्ता।** स्विट्जरलैंड के स्टार टेनिस खिलाड़ी और 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रोजर फेडरर को अंतर्राष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में चुना गया है। रोड आइलैंड स्थित हॉल ऑफ फेम ने बुधवार को यह जानकारी दी। टीवी प्रस्तोता और पत्रकार तथा पूर्व खिलाड़ी मैरी कैरिलो को योगदानकर्ता श्रेणी में चुना गया। इन्हें हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के लिए समारोह अगस्त 2026 में होगा। फेडरर ने 103 टूर-स्तरीय खिताब, 20 बड़ी ट्रॉफियां और 28 एटीपी मास्टर्स 1000 क्राउन जीते है। 43 साल के फेडरर के नाम फरवरी 2004 से अगस्त 2008 तक 237 हफ्तों तक लगातार वर्ल्ड नंबर वन रहने का रिकॉर्ड है। वह पांच बार एटीपी ईयर-एंड नंबर वन रहे, पीआईएफ सम्मान से सम्मानित हुए, 13 बार स्टीफन एडबर्ग स्पोर्ट्समैनशिप अवॉर्ड मिला और 2003-21 तक लगातार 19 सालों तक एटीपी फैंस के पसंदीदा चुने गए। अपनी इस उपलब्धि पर फेडरर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होना और खेल के इतने सारे महान चैंपियन के साथ खड़ा होना बहुत बड़ा सम्मान है। अपने पूरे करियर में, मैंने हमेशा टेनिस के इतिहास और मुझसे पहले आए लोगों के उदाहरण को महत्व दिया है। स्विस टेनिस में, अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों से घिरे हुए यह खबर सुनना बहुत खास था वह जगह जहां मेरी अपनी यात्रा पहली बार शुरू हुई थी। खेल और मेरे साथियों से इस तरह पहचान मिलना बहुत अच्छा लग रहा है। मैं अगले अगस्त में टेनिस कम्युनिटी के साथ इस खास पल को मनाने के लिए न्यूपोर्ट आने का इंतजार कर रहा हूं।

# मुशफिकुर-लिटन के शतक, आयरलैंड 98/5 पर

**मीरपुर, वार्ता।** मुशफिकुर रहीम (106) और लिटन कुमार दास (128) की शतकीय पारियों के दम पर बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में 476 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद बल्लेबाजी कर रही आयरलैंड के स्टंप के समय तक 98 रन पर पांच विकेट झटकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। बांग्लादेश ने कल के 294 पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में अपने 100वें टेस्ट में शतक बनाने वाले मुशफिकुर रहीम आउट हुए। उन्होंने 214 गें. दों में पांच चौके लगाते हुए 106 रन बनाए। उन्हें मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मेहदी हसन मिराज ने लिटन दास के साथ छठे विकेट के लिए 123 रन जोड़े। गेविन होए ने मेहदी हसन मिराज को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। बंगलादेश का सातवां विकेट दूसरे शतक वीर लिटन कुमार दास के रूप में गिरा। लिटन कुमार दास ने 192 गेंदों में आठ चौके और चार छक्कों की मदद से 128 रनों की पारी खेली। तैजुल इस्लाम (चार), हसन मुराद 11 रन बनाकर आउट हुए । 142वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन ने खलील अहमद (आठ) को आउटकर 476 के स्कोर पर बंगलादेश की पहली पारी का अंत कर दिया। आयरलैंड के लिए एंडी मैकब्राइन ने छह विकेट लिए। मैथ्यू हम्फ्रीज और गेविन होए को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड के लिए कप्तान एंडी मैकब्राइन और पॉल स्टर्लिंग की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। खलील अहमद ने पॉल स्टर्लिंग (27) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 19वें ओवर में हसन मुराद ने एंडी मैकब्राइन (21) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कैड कारमाइकल (17), हैरी टेक्टर (14) और कर्टिस कैम्फर (शून्य) पर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड ने पांच विकेट पर 98 रन बना लिए थे और लोरकन टकर (नाबाद 11) और स्टीफन डोहेनी (नाबाद दो) क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश के लिए हसन मुराद ने दो विकेट लिए। खलील अहमद , तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## फीफा रैंकिंग में स्पेन शीर्ष पर

**जिनेवा, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) की ओर जारी की ताजा विश्व रैंकिंग में स्पेन 1877.18 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। ताजा रैंकिंग के अनुसार इस दौरान कुल 149 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए, जिसमें 74 मैत्री मैच शामिल हैं। रैंकिंग में अर्जेंटीना 1873.33 अंक के साथ दूसरे , फ्रांस 1870 अंक के साथ तीसरे और इंग्लैंड 1834.12 अंक के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है। ब्राजील को दो स्थान का फायदा हुआ है वह 1760-46 अंक के साथ दो पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर आ गया, जबकि पुर्तगाल 1760.38 अंक छठे और नीदरलैंड्स 1756.27 अंक सातवें स्थान पर आ गए। नॉर्वे से 4-1 से हारने के बाद इटली शीर्ष 10 से नीचे गिरकर 1702.06 अंक के साथ 12वें स्थान पर खिसक गया।

# सात्विक-चिराग और लक्ष्य सेन ने क्वॉटर फाइनल में प्रवेश किया

- **सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-11 से हराया**

**सिडनी, वार्ता।** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईंराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने गुरुवार को चीनी ताइपे की जोड़ी सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। वहीं लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल मुकाबले में जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई।

पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 50वीं रैंक वाली चीनी ताइपे की जोड़ी सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन की जोड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-11 से हराया। भारतीय बैडमिटंन खिलाड़ियों ने सिडनी के ओलंपिक बुलेवार्ड के क्वेसेंटर में धीमी शुरुआत की। वे सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन के खिलाफ शुरुआती गेम में 15-9 से पीछे चल रहे थे। इसके बाद सात्विक-चिराग ने तेजी दिखाते हुए बढ़त बना ली और पहला गेम 21-18 से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम एकतरफा रहा। सात्विक-चिराग की जोड़ी शुक्रवार को शीर्ष आठ में इंडोनेशिया के पांचवें सीड मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और फजर अल्फियन से मुकाबला करेंगे। इस बीच, पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने एक घंटे से अधिक देर तक चले मुकाबले संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीनी ताइपे के 27वें रैंक वाले ची यू-जेन को 21-17, 13-21, 21-13 से हराया। इस बीच, आयुष शेट्टी ने जापान के कोडाई नाराओका पर दूसरी उलटफेर वाली जीत दर्ज की। 32वें नंबर पर मौजूद शेट्टी ने एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में नाराओका को 21-17, 21-16 से हराया। आयुष शेट्टी शुक्रवार को क्वार्टर-फाइनल में लक्ष्य सेन का सामना करेंगे। भारत के दुनिया के 35वें नंबर के एचएस प्रणय इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-19, 21-10 से हारकर मुकाबले से बाहर हो गए।

# महित संधू ने 50 मीटर राइफल प्रोन में जीता सिल्वर

**टोक्यो, वार्ता।** राइफल शूटर महित संधू ने 50मी प्रोन इवेंट में सिल्वर जीता, टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में यह उनका तीसरा मेडल है। महित ने फाइनल तक पहुंचने के लिए क्वालिफिकेशन में वर्ल्ड डेफ रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने फाइनल में 246-1 का स्कोर करके सिल्वर मेडल जीता, जबकि चेकिया की एलिस्का स्वोबोडोवा ने 247-2 के स्कोर के साथ गोल्ड जीता। हंगरी की मीरा जुज़ाना बियातोव्स्की ने 225-0 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में दूसरी भारतीय शूटर, नताशा जोशी शूट-ऑफ के बाद आठवें स्थान पर रहीं।





फाइनल में, महित 14 शॉट पूरे करने के बाद चौथे स्थान पर थीं। अगले दो शॉट्स की सीरीज के बाद वह ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रहीं, उन्होंने यूक्रेन की वायलेटा लाइकोवा को हराया और 20 शॉट्स पूरे होने तक उसी पोजीशन पर रहीं। इसके बाद माहित ने अगली सीरीज में 9-8 और 10-2 का स्कोर किया, लेकिन हंगेरियन शूटर के 9-4 और 9-8 के स्कोर ने पक्का कर दिया कि भारतीय सिल्वर पोजीशन पर पहुंच गईं। माहित ने फिर 10-0 और 10-7 के स्कोर के साथ फाइनल खत्म किया, लेकिन स्वोबोडोवा के कुल स्कोर की बराबरी नहीं कर सकीं क्योंकि चेक शूटर ने भी अपने दोनों आखिरी शॉट 10 में मारे। इससे पहले क्वालिफिकेशन में, माहित ने 619-7 के स्कोर के साथ छह सीरीज खत्म करके एक नया डेफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जबकि नताशा जोशी ने 611-6 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। भारत ने टोक्यो में शूटिग में अपने मेडल की संख्या 12 कर ली है, जिसमें माहित ने तीन मेडल जीते हैं।

# युवराज संधू ने छह शॉट की बड़ी बढ़त हासिल की

**डिगबोई (असम), वार्ता।** पीजीटीआई रैंकिंग लीडर युवराज संधू के तीसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें डिगबोई गोल्फ लिक्स में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स 2025 में कुल 16-अंडर 200 के स्कोर के साथ छह शॉट की बड़ी बढ़त दिला दी।

युवराज (65-69-66), जो पहले और दूसरे राउंड के बाद दो स्ट्रोक से आगे थे, ने गुरुवार को शानदार और बिना गलती के छह-अंडर 66 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त चार शॉट और बढ़ा ली। चंडीगढ़ के 28 साल के युवराज अब डिगबोई में अपनी तीसरी जीत और सीजन के पांचवें टाइटल के लिए तैयार हैं। आखिरी दिन युवराज का पीछा विराज मदप्पा (70-68-68) करेंगे, जो पहली बार डिगबोई में खेल रहे हैं और अभी 10-अंडर 206 के साथ दूसरे नंबर पर हैं। 28 साल के मदप्पा के तीसरे राउंड में 68 के स्कोर ने उन्हें रात भर की टाई वाली तीसरी जगह से एक जगह ऊपर उठा दिया। श्रीलंका के एन थंगाराजा (67) और डिगबोई के पूर्व विजेता वीर अहलावत (69) नौ-अंडर 207 के कुल स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर रहे। डिगबोई के देवेन भूमिज, जो कट बनाने वाले एकमात्र लोकल प्रोफेशनल हैं, अपने तीसरे राउंड में 73 के स्कोर के बाद चार-ओवर 220 के स्कोर के साथ 42वें नंबर पर रहे। युवराज संधू, जो पहले दिन से ही लीडरबोर्ड में टॉप पर हैं, ने तीसरे राउंड में ज़बरदस्त शुरुआत की, पहले सात होल्स में पांच बर्डी हासिल की, जहां उन्होंने छह से 10 फीट की रेंज से तीन पट लगाए। इसके बाद युवराज ने पार-5 के 15वें होल पर एक और बर्डी लगाई। युवराज, जो इस साल अब तक च्ळज्र् पर सीज़न की कमाई में 1 करोड़ रुपये की कमाई पार करने वाले अकेले खिलाड़ी हैं, ने कहा कि मैंने लगातार दूसरे दिन रेगुलेशन में 17 ग्रीन्स मारे, इसलिए मेरी बॉल-स्ट्राइकिग सॉलिड बनी हुई है। पटर ने भी अपना काम किया।

## रोनाल्डो ने राष्ट्रपति ट्रम्प को कहा शुक्रिया

**वाशिगटन, वार्ता।** पुर्तगाली फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने व्हाइट हाऊस में सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के लिए आयोजित स्टेट डिनर मे उन्हें और उनकी मंगेतर जॉर्जिना रोड्रिगेज को बुलाए जाने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया है। रोनाल्डो ने ट्रम्प के साथ अपनी और जॉर्जिना रोड्रिगेज की फोटो सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा कि मिस्टर प्रेसिडेंट, आपके निमंत्रण और आपने और प्रथम महिला ने मुझे और मेरी होने वाली पत्नी जॉर्जिना का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया, उसके लिए धन्यवाद।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 33 एस.एल.आर:

गाड़ी सं. 14816 (F-I, F-II, R-I), 19566 (F-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 14310 (F-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-I), 14318 (F-I), 15019 (F-I), 19272 (F-I),14311 (F-I), 14609 (F-I),19610 (F-I, R-I),15006 (F-I, R-I), 12172 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 3 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 05.12.25 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 34 एस.एल.आर:

गाड़ी सं. 14320 (F-I, F-II, R-I) 14236 (F-I, F-II), 14321 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I), 12091 (F-I, F-II, R-I), 14315 (F-I, F-II, R-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I) 14887(F-I, F-II,R-I) 14304 (F-I, F-II, R-I), 14306 (F-I, F-II, R-I), 14314 (F-I, F-II, R-I), 13010 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 3 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 08.12.25 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

3612/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता / निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद-सहारनपुर सेक्शन में बालावाली और रायसी स्टेशन के बीच ब्रिज नं. 1248 पर गाइड बंद के विस्तार द्वारा संरक्षण कार्य और अन्य संरक्षण कार्य के सम्बन्ध में "तटबंधों के सुदृढ़ीकरण एवं संरक्षण के लिए रिवर ट्रेनिंग वर्क का निर्माण, गाइड बंद और गाइड बंद के विस्तार का अन्य संबद्ध कार्य, पौरकूपाइन स्पर, जियोट्यूब और कोई अन्य पुल सुरक्षा के कार्य" |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 06 (छह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2245.22 लाख |
| 4 | जमा की जाने वाली जमानत राशि | रु. 12,72,600.00 |
| 5 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी | ई-निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे कि वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 20.11.2025 से दिनांक 12.12.2025 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना कि बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6 | अन्तिम तिथि/ ई-निविदा अपलोड करने की तिथि | 12.12.2025 को 11:30 बजे तक। ई-निविदा दिनांक 28.11.2025 से 12.12.2025 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | टेकनिकल कम कमर्शिअल बिड दिनांक 12.12.2025 को 11:30 बजे तक ई-टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। योग्य टेंडरर की फाइनेन्शिअल बिड कार्यालय द्वारा दी गई दिनांक व समय की सूचना के आधार पर बाद में खोली जाएगी। |

निविदा सूचना सं. 1-डब्लू-टेण्डर-292-उप मु.अभि. नि. मुरादाबाद दिनांक- 20.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3609/25

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद-244001 द्वारा निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि रु. | अनुमानित मूल्य रु. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 97255540 | हाइड्रोलिक रेलिंग उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग सहायक उपकरण और संलग्न विनिर्देश के अनुसार | 03 Set | 4,63,810/- | 2,31,90,540/- | 16-DEC-25 11:00 AM |

नोट: पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई-टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आईटी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र, यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है, प्राप्त करना होगा। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

पत्र सं.: 50-S/LP/2025 दिनांक: 20.11.2025 3615/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025:- मुरादाबाद मंडल में पुरानी विद्युत परिसंपत्तियों के उन्नयन एवं संबद्ध केबलिंग के साथ विद्युत आपूर्ति वितरण प्रणाली के विस्तार कार्य। | 2,33,21,315.21 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद | 2,66,600.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 12.12.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं.: 22/2025 दिनांक: 20.11.2025 3613/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 08.12.2025 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
उ. रे., मुरादाबाद

3614/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 239-DRM-MB-25-26 Dt. 20.11.2025 |
| कार्य का नाम | Conducting "Continuous Scour Monitoring" of foundations using SONAR echo range technology by Airmar Echo Range SS510 Smart sensor or similar equipment of bridge no. 52 (MB-GZB) section |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 16.12.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 65,98,562.98 |
| धरोहर राशि | 1,32,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 02.12.2025 |

टेन्डर नं. Sr.DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक 20.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3610/25

**कार्यालय नगर पंचायत उझारी - अमरोहा**

पत्रांक: 182/कुटेशन/2024 दिनांक- 20.11.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत नगर पंचायत उझारी में शीत लहर के दृष्टिगत् अलाव जलाने के लिए लकड़ियों को क्रय किये जाने हेतु प्रति कुण्टल की दरे किसी भी शासकीय विभागों के पंजीकृत ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इस कार्य हेतु निविदा दिनांक 21.11.2025 से दिनांक 30.11.2025 की अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार निविदाओं को कार्यालय नगर पंचायत उझारी में रखे गये निविदा बॉक्स में दिनांक 30.11.2025 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक डाल सकते है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिनांक 30.11.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे खोली जायेगी। सम्बन्धित ठेकेदार भी निविदा खोले जाने के समय उपस्थित हो सकते हैं। निविदाओं से सम्बन्धित हैसियत प्रमाण पत्र चरित्र प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रतिए रू0 20000.00 की एफ0 डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उझारी के नाम से बंधक हो अथवा नकद जमा की जा सकती है। निविदायें दिनांक 30.11.2025 तक अपरान्ह 02.00 बजे तक बेची जायेंगी। शेष समस्त शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत उझारी से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा। अवकाश की स्थिती में निविदायें अगले कार्य दिवस मे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | प्रति कुन्टल धनराशि | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य अवधि | ठेकेदार की श्रेणी | हैसियत नामा (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शीत लहर के दृष्टिगत अलाव जलाने के लिए सूखी लकड़ियों की आपूर्ति का कार्य | - | 20000 | 457 | 2.5 माह | D | 5.00 |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत उझारी, अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पंचायत उझारी, अमरोहा

# मानसरोवर कॉलोनी में निर्यातक के घर में घुसे बदमाशों ने गार्ड पर हमला कर लूट की वारदात को दिया अंजाम

## ● शहर की पॉश कॉलोनी में लूट की घटना से मचा हड़कंप, घायल सिक्योरिटी गार्ड को अस्पताल में कराया गया भर्ती





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र स्थित पॉश कॉलोनी मानसरोवर में बीती रात सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई। जानकारी के अनुसार, लिजा इंटरनेशनल एक्सपोर्ट फर्म के स्वामी अरविन्द वढेरा के आवास में एक बदमाश ने घुसकर सुरक्षा कर्मी को बंधक बनाते हुए सामान लूट लिया। घटना के समय निर्यातक अपने परिवार के साथ शहर से बाहर गए हुए थे।बताया गया कि देर रात बदमाश ने घर में प्रवेश करते ही गार्ड कमलेश शाह पर हमला कर दिया। विरोध करने पर उसे घायल कर कमरे में बंद कर दिया गया। इसके बाद आरोपी घर के एक कमरे से कीमती सामान बटोरकर फरार हो गया।

घायल गार्ड को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।सूचना पर पुलिस के साथ-साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में सीसीटीवी फुटेज से एक ही व्यक्ति घटना में शामिल दिखाई दे रहा है, हालांकि आसपास के कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आरोपी के साथ कोई और भी था या नहीं। एसपी सिटी ने आगे बताया कि व्यवसायी के शहर से बाहर होने के कारण कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां अभी तक नहीं मिल पाई हैं। उनके लौटने के बाद पुलिस को मामले से जुड़े और तथ्य प्राप्त होने की उम्मीद है। पुलिस स्टाफ से तहरीर ले रही है और मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।एसपी सिटी ने दावा किया कि इस वारदात से जुड़े कई अहम सुराग पुलिस टीम के हाथ लग चुके हैं और जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।वहीं शहर की पॉश कॉलोनी में लूट की इस घटना से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

## चन्दौसी में बढ़ते वाहनों और अतिक्रमण से बिगड़ रहा यातायात, ई-रिक्शाओं ने बढ़ाई परेशानी

**चन्दौसी।** शहर की सड़कों पर बढ़ता दबाव लगातार लोगों के लिए समस्या बनता जा रहा है। जनसंख्या डेढ़ लाख से अधिक होने के बावजूद सड़कें आज भी सौ वर्ष पुरानी संरचना पर आधारित हैं। समय के साथ-साथ सड़कों पर लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण ने इन्हें और संकरा कर दिया है। दूसरी ओर शहर में वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है। पहले जहां किसी घर में एक वाहन भी मुश्किल से होता था, वहीं अब कई परिवारों के पास चार से पांच वाहन तक हो गए हैं। ई-रिक्शाओं ने भी यातायात व्यवस्था को भारी रूप से प्रभावित किया है। भले ही ई-रिक्शाओं ने हजारों लोगों को रोजगार दिया हो, लेकिन शहर में इनकी संख्या चार से पांच हजार के करीब पहुंच गई है। न तो इनका कोई निर्धारित रूट प्लान है और न ही चालक वर्ग पर उचित नियंत्रण। नाबालिग से लेकर वयस्क सभी सड़क पर तेज गति से ई-रिक्शा दौड़ाते देखे जा सकते हैं। परिणामस्वरूप संभल गेट, बड़ा बाजार, ब्रह्म बाजार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में ई-रिक्शाओं के कारण जाम लगना आम बात हो गई है।



# टीएमयू के नर्सिंग स्टुडेंट्स आंतरिक लौ भी प्रज्जवलित रखें: अक्षत जैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने अपने संक्षिप्त और सारगर्भित संबोधन में कहा, नर्सिंग स्टुडेंट्स ने आज यह लौ जो जलाई है, इसे अपने भीतर भी हमेशा जलाए रखना है। उन्होंने नवागत नर्सिंग स्टुडेंट्स से उम्मीद जताई, कोर्स समाप्ति के बाद भी सेवा की यह लौ कभी नहीं बुझनी चाहिए। उन्होंने सीनियर स्टुडेंट्स से इस लौ को जूनियर स्टुडेंट्स में भी प्रज्जवलित करने का आहवान किया। अंत में उन्होंने ये चंद पंक्तियां सुनाकर अपनी वाणी को विराम दिया-सबको मिल जाएगी मंजिल ये जरूरी तो नहीं, जिंदगी राह-ए-सफर है यूं ही चलते रहना। तुम चिरागों की तरह राह में जलते रहना, हर अंधेरे को उजालों में बदलते रहना..!! एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से आयोजित 17वें लैंप लाइटिंग एंड ऑथ सेरेमनी में बतौर स्पेशल गेस्ट बोल रहे थे। इससे पूर्व उत्तराखंड नर्सेज एंड मिडवाइव्स काउंसिल की रजिस्ट्रार एवम् स्टेट कॉलेज ऑफ नर्सिंग, देहरादून की प्रिंसिपल ने बतौर मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा ध्यानी, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल की डायरेक्टर गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन, तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल डॉ. जसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम. निवास, एसएनए एडवाइजर डॉ. रामकुमार गर्ग, प्रो. जितेन्द्र सिंह, प्रो. योगेश कुमार आदि ने फ्लोरेंस नाइटेंगल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलित करके लैंप लाइटिंग एंड ऑथ सेरेमनी का रिद्धि-सिद्धि भवन में शुभारम्भ किया। इस मौके पर सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने नर्सिंग के 300 स्टुडेंट्स को मोमबत्ती पर हाथ रखवाकर नाइटिंगेल की शपथ दिलाई। सेरेमनी में उत्तराखंड नर्सेज एंड मिडवाइव्स काउंसिल की रजिस्ट्रार एवम् स्टेट कॉलेज ऑफ नर्सिंग, देहराद. ून की प्रिंसिपल डॉ. मनीषा ध्यानी ने कहा, परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों, हमें सदैव सत्य, ज्ञान, और मानवीय मूल्यों का प्रकाश फैलाना है। दीप ज्योति ही परम ब्रह्म है, दीप ज्योति ही जनार्दन है। लैंप लाइटिंग महज एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह नर्सिंग स्टुडेंट्स के पथ को उज्जवल बनाने का संकल्प है। यह ज्ञान, शांति, सकारात्मकता और नई शुरूआत का भी प्रतीक है। नर्सिंग स्टुडेंट्स को संबोधित करते हुए डॉ. ध्यानी ने कहा, आप लोग भाग्यशाली हो, जो आपने नर्सिंग का नोबल पथ चुना है। डॉ. मनीषा लैंप लाइटिंग एंड ऑथ सेरेमनी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, लैंप लाइटिंग कोई रिचुअल नहीं, यह एक रिमाइंडर है। यह मानवता की लौ है। सभी नर्से इस लौ को अपने साथ आगे की ओर लेकर जाती हैं और यही लौ दूसरों की भावपूर्ण केयर करने में प्रयोग होती है। लैंप लाइटिंग एंड ऑथ सेरेमनी में डॉ. सपना सिंह, डॉ. रामकुमार गर्ग, प्रो. लिंसी जोसेफ, प्रो. विजीमोल, श्रीमती एकजोत कौर, डॉ. रश्मि, सतीश प्रजापति, नफीस अहमद, मिस शिवांगी गुप्ता, मिस चेतना वशिष्ठ के संग-संग बीएससी नर्सिंग, एएनएम प्रथम वर्ष के छात्र- छात्राएं मौजूद रहे। संचालन फैकल्टीज प्रो. अनुषी सिंह और मिस रिया भारती ने किया।



## खेलकूद में परिषदीय बच्चों ने दिखाया जोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक खेल प्रतियोगिताये ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलारी में आयोजित की जा रही हैं। खेलों में 100,200,400,800 मीटर दौड़, कब्बडी, खो खो, ऊँची कूद लम्बी कूद भाला फेंक की प्रतियोगिताये हुईं। खेलों का आरम्भ खंड शिक्षा अधिकारी बिलारी विकास कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया,एस आर जी संजय विशाल नेगी, संकुल शिक्षक संतोष कुमार, फरहत अली, सुलेमान अंसारी, अशोक कुमार, अर्चना, हिमानी भटनागर आदि का सहयोग रहा। कब्बडी बालक में विजयी टीम कम्पोजिट स्कूल अल्हदादपुर देवा, बालिका में कम्पोजिट स्कूल ग्वालखेड़ा की टीम जीती। खो खो बालिका में विजयी टीम अल्हदापुर देवा, कब्बडी में प्राथमिक विद्यालय थांवला, कम्पोजिट अल्हदादपुर देवा, 100 मीटर दौड़ में पुनीत कम्पोजिट बिलारी, 200 मीटर में लोकेश अल्हदादपुर देवा, 400 मीटर लोकेश, कब्बडी में जूनियर हाई स्कूल अल्हदादपुर देवा विजयी रहे।

### एक नजर

## जानकी रसोई में हुआ भोजन वितरण सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



**मुरादाबाद।** शहर के कचहरी रोड स्थित बालाजी मंदिर परिसर में गुरुवार को मासिक जानकी रसोई के तहत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंदों ने पहुंचकर भोजन ग्रहण किया। सेवा और जनहित को समर्पित इस पहल के अंतर्गत हर माह अलग-अलग स्थानों पर भोजन वितरण किया जाता है।जानकी रसोई ठाकुर रघुनाथ जी रामार्चा सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंडित राघवेन्द्र जोशी ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। इसी संकल्प के साथ प्रतिमाह विभिन्न क्षेत्रों में रसोई लगाई जाती है। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में 51 किलो चावल और कढ़ी के प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे सैकड़ों लोगों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।भोजन वितरण कार्यक्रम में सेवा भावना के साथ बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। व्यवस्था संभालने में गोविन्द, विपिन गुप्ता, संजय अग्रवाल, सचिन गुप्ता, अमित अग्रवाल (छोटू), सौरभ अग्रवाल, गोपाल रस्तौगी, रेखा जिंदल, राकेश अग्रवाल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी लोगों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।स्थानीय लोगों ने ट्रस्ट की इस कोशिश की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। आयोजकों ने आगामी महीने में अगले स्थान पर फिर से रसोई संचालित करने का संकल्प भी दोहराया।

## गोकशी का आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल



**मूंढापांडे।** पुलिस ने सिरसखेड़ा गांव के गोकसी के आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, पुलिस रविवार को रात के समय संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी, एक संदिग्ध बाइक सवार को आता देखा और उसे टोका तो वह भागने लगा इस दौरान घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया,एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि आरोपी वारिश उर्फ भूरा निवासी सिरसखेड़ा के कब्जे से तमंचा बरामद किया, उस पर चार गोकसी के केस दर्ज है, उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

## पुलिस ने किया तीन लोगों का शांति भंग में चालान



**कांठ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की ओर अग्रसर पुलिस ने तीन लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया है सलमान पुत्र अख्तर निवासी अकबरपुर चेदरी सुहेल पुत्र सफीक निवासी आकोंदा थाना चांदपुर जिला बिजनौर और थाना कांठ क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी नन्हे पुत्र डोली को पुलिस ने बीएनएस की धारा 170, 126 और 135 में गिरफ्तार कर चालान किया है।

## राजकीय हाई स्कूल सफीलपुर के बच्चों को कराया टीएमयू का भ्रमण

**बिलारी।** राजकीय हाई स्कूल सफीलपुर के छात्र-छात्राओं को तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्सेज के बारे में जानक. ारी कराना था। विश्वविद्यालय के शिक्षकों के द्वारा सभी विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग विभाग, लॉ विभाग, फाइन आर्ट्स विभाग एवं नर्सिंग विभाग से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।जिससे विद्यार्थी अपने भविष्य में किसी भी करियर को अपनी रुचि अनुसार चुन सकें एवं करियर की राह को आसान बना सके। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता चमोली ने विश्वविद्यालय की टीम का आभार व्यक्त किया।




## दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भोजपुर।** प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने गांव मौहब्बतपुर भगवंतपुर निवासी रवि पुत्र कल्लूदत्त शर्मा एवं शिवम पुत्र जयसिंह कश्यप को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। आरोपियों के खिलाफ एक गांव निवासी महिला ने ग्यारह वर्षीय बेटी को अगवा कर पशुशाला में लेजाकर बारी बारी से दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा लिखाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण कराकर बुधवार को अदालत में कलमबंद बयान दर्ज कराने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। अदालत ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

## महिला ने मारपीट करने का लगाया आरोप, पुलिस से की शिकायत

**भोजपुर।** गांव सिरसवां गोड़ निवासी प्रवेश देवी के खेत निकटवर्ती गांव सैलाथान में स्थित हैं। मंगलवार को महिला अपने बेटे अमित के साथ खेत देखने गई थी। महिला का आरोप है कि सैलाथान निवासी मलखान अपने बेटों सुरेन्द्र व गौरव को साथ लेकर आया और दोनों को लाठी डंडों से हमला कर घायल कर गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**भोजपुर।** थाना भगतपुर के गांव गांव मक्खन गंज से एक सप्ताह पहले भोजपुर में कपड़ों की खरीदारी करने निकली युवती लापता हो गई। उसका कोई सुराग नही लगने पर युवती के भाई मौहम्मद मौहम्मद कैफ ने अज्ञात के खिलाफ बहन को अगवा करने के आरोप में केस दर्ज कराया है।

# गृह कर में कई गुना बढ़ोत्तरी पर फूटा लोगों का गुस्सा

## व्यापारियों व नगरवासियों ने नगर पालिका के खिलाफ खोला मोर्चा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा द्वारा इस वर्ष गृह कर में की गई भारी बढ़ोतरी के विरोध में व्यापारियों और नगरवा. सियों का आक्रोश बुधवार को उबाल पर आ गया। नगर के प्रमुख व्यापारिक संगठनों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग तहसील परिसर में एकत्र हुए और नगर पालिका के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी (एसडीएम) प्रीति सिंह को सौंपा। बृहस्पतिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल और उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष लाइक आजाद के नेतृत्व में व्यापारी व स्थानीय लोग तहसील पहुंचकर नगर पालिका द्वारा भेजे जा रहे बढ़े हुए गृह कर नोटिसों को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस वर्ष गृह कर में 5 से 10 गुना तक वृद्धि कर दी गई है, जो न सिर्फ अनुचित है बल्कि आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी डाल रही है। व्यापारियों ने आरा. ेप लगाया कि पालिका अध्यक्ष मनमाने ढंग से कर बढ़ा रहे हैं, जबकि पूर्व में गृह कर में केवल 10 से 20 प्रतिशत तक की सामान्य वृद्धि ही की जाती थी। अचानक की गई यह भारी वृद्धि जनता के लिए असहनीय है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि कर वृद्धि वापस नहीं ली गई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि वे सामान्य 10. 20: वृद्धि तो स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन कई गुना बढ़ोतरी बिल्कुल मंजूर नहीं। प्रदर्शन में शामिल व्यक्तियों में जयप्रकाश शर्मा, गुलाब सिंह वर्मा, आशुतोष अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सत्यवीर सिंह, मोहम्मद हारुन, सचिन अग्रवाल, शाहिद हुसैन, जुल्फिकार, लियाकत, अमित कुमार, अंकित कुमार, दीपांशु अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।



**ठाकुरद्वारा। नगर पालिका द्वारा बढ़ाए गए गृह कर के विरोध में नगरवासियों व व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।**

# फिश फीड फैक्ट्री में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों से तीन मोटरें व अन्य पार्ट्स बरामद, न्यायालय ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर स्थित एक बंद पड़ी फिश फीड फैक्ट्री में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की गई तीन मोटरें और अन्य लोहे के पार्ट्स भी बरामद किए। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गांव दुल्हापुर सबलपुर निवासी मोहम्मद अनस की सुरजननगर में फिश फीड फैक्ट्री लगभग 20 दिनों से बंद थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने फैक्ट्री का ताला तोड़कर अंदर रखी मोटरें और लोहे के उपकरण चोरी कर लिए थे। फैक्ट्री स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बुधवार की देर रात चौकी प्रभारी ओंकार सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे, तभी मुखबिर से मिली सूचना पर दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पकड़े गए आरोपियों में निकिल उर्फ निखिल पुत्र विरेंद्र सिंह निवासी अमानतावाद और अमनदीप पुत्र चंद्र मोहन निवासी दुल्लापुर पट्टी जाट शामिल हैं। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई 10 एचपी, 5 एचपी और 2 एचपी की मोटरें, लोहे की कर-टाइप छेददार प्लेट तथा एक फुटर का लोहे का हेड बरामद किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सत्येंद्र बालियान, हेड कांस्टेबल राममोहन शर्मा, विपिन कुमार और कुलदीप कुमार शामिल रहे।






# सम्पादकीय

शुक्रवार, 21 नवम्बर 2025

## सैन्य क्षमता बढ़ाना जरूरी

अमेरिका ने भारत के लिए दरियादिली का रास्ता खोला है, या जबरदस्ती कर्ज में फंसाने की चाल चली है, यह तो बाद में पता चलेगा। ट्रम्प ने भारत के लिए हथियारों के दरवाजे खोल दिए हैं। भारत अब यूएस से 93 मिलियन डालर (8249379000 रुपये) के हथियार खरीदेगा। इस डील के बाद अब भारत को जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइलों और एक्सकैलिबर प्रिसिजन-गाइडेड आर्टिलरी राउंड्स का नया बैच मिलने का रास्ता साफ हो गया है। ये डील चीन और पाकिस्तान के लिए भारी साबित होगी। डील में मिलने वाले हथियारों से दोनों देशों की रातों की नींद उड़ जाएगी। दुश्मन के टैंक के लिए तो ये तबाही साबित होंगे। ये अमेरिका की चाल है या भारत अपने रक्षा सिस्टम में बढ़ोतरी करना चाहेगा, क्योंकि आज दुनिया विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी है। भारत के एक तरफ चीन और पाकिस्तान हैं, तो दूसरी तरफ बांग्लादेश है। इसलिए हमें अभी से चौकन्ना रहना है। इसका नतीजा ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए पाकिस्तानी सेना के हमले से निकला है। अगर भारत के पास रूस का एस-400 एंटी मिसाइल सिस्टम नहीं होता, तो भयंकर परिणाम हो सकते थे। इसलिए भारत को अपनी सेना की ताकत बढ़ाना आज के समय में जरूरी है। भारत को यह देखना होगा कि उसे अमेरिका ने हथियार देने का जो रास्ता खोला है, वह कहीं कुटिल चाल न हो। अमेरिकी एजेंसी डीएससीए ने अपने बयान में कहा है कि प्रस्तावित बिक्री से भारत की मौजूदा और भविष्य के खतरों का सामना करने की क्षमता में सुधार होगा। देश की सुरक्षा मजबूत होगी और क्षेत्रीय खतरों को रोका जा सकेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि भारत को इन चीजों और सेवाओं को अपनी सेना में शामिल करने में कोई मुश्किल नहीं होगी। अमेरिका ने एक्सकैलिबर गाइडेड आर्टिलरी राउंड की बिक्री को भी मंजूरी दी है। इसकी कीमत लगभग 47 मिलियन डॉलर है, जिससे कुल कीमत लगभग 93 मिलियन डॉलर हो गई है। बता दें कि जेवलिन सिस्टम आरटीएक्स और लॉकहीड मार्टिन ने मिलकर बनाए हैं, जिससे पैदल सेना की यूनिट लंबी दूरी पर बख्तरबंद टारगेट पर बहुत सटीकता से हमला कर सकती हैं। एक्सकैलिबर राउंड आर्टिलरी यूनिट के लिए ळच्<-गाइडेड सटीकता देते हैं, यह एक ऐसी क्षमता है जिसका इस्तेमाल भारत पहले भी कोलेटरल डैमेज को कम करने के लिए कर चुका है। डीएससीए ने इन प्रस्तावों को ट्रांसफर करने के बारे में औपचारिक तौर पर जानक. ारी साझा की है। भारत को इन सभी सैन्य हथियारों को अपनी सेना में शामिल करने में किसी भी प्रकार की मुश्किल नहीं होने वाली है। इस उपकरण की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा। जेवलिन दुनिया की सबसे एडवांस पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल है। एक बार फायर हो जाने के बाद सैनिक को निशाना बनाए रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यह मिसाइल खुद लक्ष्य को ढूंढ़ती है और टारगेट करती है। इससे पहले भारत फ्रांस से राफेल फाइटर खरीद चुका है, जो दुश्मन पर भारी पड़ रहे हैं। हमारे देश की सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना है। सरकार को चाहिए कि देश की सेना नंबर एक पर आ जाए, तो फिर कोई भी आंख उठाने की जुर्रत नहीं कर सकेगा। क्योंकि अभी चीन और पाकिस्तान समय-समय पर भारत को आंख दिखाते रहे हैं। कुल मिलाकर जब सभी देश अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहे हैं, तो भारत पीछे क्यों रहे, लेकिन खरीदारी भी संयम के साथ करनी होगी, जिससे देश के विपक्ष और जनता में सकारात्मक संदेश जा सके।


## भारत के लिए चिंताजनक रिपोर्ट



अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की हाल में आई वार्षिक रिपोर्ट को भारत के लिए चिंताजनक है, इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, उक्त रिपोर्ट करीब 800 पेज की है और इसके पृष्ठ 108 और पृष्ठ 109 में दिए उल्लेख आश्चर्यजनक और समझ से परे हैं, रिपोर्ट में पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान द्वारा आयोजित विद्रोही हमला बताया गया है, रिपोर्ट में इसके बाद चार दिन चले संघर्ष में भारत पर पाकिस्तान की सैन्य सफलता बताया गया है, क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे।

**-जयराम रमेश**
**प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# SIR सिर्फ आरोप से काम नहीं चलेगा





**यशोदा श्रीवास्तव**

**चुनाव आयोग खुलकर सत्ता पक्ष के लिए यूपी विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव की बिसात बिछा रहा है उधर विपक्ष बैठकें करने में व्यस्त है। बड़ा सवाल यह है कि जब एसआईआर चल रहा है तब विपक्ष के लोग कहां हैं? बात केवल यूपी की करें तो यहां साफ साफ दिख रहा है कि एसआईआर एक पक्षीय चल रहा है। बीएलओ से लेकर सरकारी अमला, भाजपा और संघ के लोग सब इसमें शामिल है, लेकिन यह सब आसानी से होने क्यों दिया जा रहा है? सरकारी अमला तो सरकार के लोग होते हैं, वे वही करेंगे जो सरकार चाहेगी। और यह आज की बात नहीं है।**

एस आई आर क्यों? इस सवाल का कोई मतलब नहीं। इस सवाल का भी कोई मतलब नहीं कि बिहार के बाद सिर्फ 12 राज्यों में ही एस आई आर क्यों? म्यांमार, जहां से सर्वाधिक रोहिंग्या घुसपैठ कर सीमावर्ती भारतीय प्रदेशों में विराजमान हैं जैसा कि कहा जाता है, लेकिन म्यांमार के सीमावर्ती भारतीय प्रदेशों में एस आई आर की जरूरत चुनाव आयोग ने बिल्कुल नहीं महसूस की। यह तय है कि विपक्ष कितना भी चिल्ल पों कर लें यूपी में 2027 का विधानसभा चुनाव और 2029 में लोकसभा चुनाव एस आई आर के जरिए परिवर्तित वोटर लिस्ट से ही होना है। दरअसल चुनाव आयोग आगामी इसी चुनाव की बिसात बिछा रहा है।

एसआईआर की विसंगतियां हजार है। जैसे बीएलओ जिन्हें एसआईआर फार्म घर घर पहुंचाने की जिम्मेदारी है, वह लगभग नहीं हो रहा है। जागरूक लोगों को बीएलओ को ढूंढ कर एसआईआर फार्म लेना पड़ रहा है। राजस्थान से लेकर यूपी में ऐसे हजारों उदाहरण मौजूद हैं। यूपी के एक भाजपा विधायक के वायरल वीडियो पर यकीन करें तो वह अपने लोगों से बहुत साफ शब्दों में कह रहा है कि विपक्षी वोटरों के नाम उड़ा दिए जाएं। दरअसल चुनाव आयोग की मंशा भी यही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के खिलाफ बड़ा आंदोलन चलायाए लेकिन क्या हुआ, किसने सुनी उनकी बात? उलटे 272 पूर्व जज और नौकरशाहों ने राहुल के खिलाफ चिट्ठी लिखकर विरोध जताया कि वे चुनाव आयोग जैसी पवित्र संस्था को बदनाम कर रहे हैं। इन नौकरशाहों को ब्राजील की मॉडल का भारतीय वोटर लिस्ट में शामिल होकर कई जगहों पर मतदान करना गलत नहीं लगा और न ही बिहार में बीच चुनाव सरकारी खजाने से लाखों महिलाओं को दस दस हजार की इमदाद भी अचंभित नहीं किया। जब दो पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त मौजूदा चुनाव आयोग दिशा हीन बता रहा है तब लोकसभा में बहुमत के आंकड़े के बराबर 272 पूर्व नौकरशाहों का राहुल के खिलाफ खुलकर आना हैरान करने वाला है। तो क्या पूर्व नौकरशाहों के खुला विरोध को राहुल के खिलाफ महाभियोग माना जाए?

इधर चुनाव आयोग खुलकर सत्ता पक्ष के लिए यूपी विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव की बिसात बिछा रहा है उधर विपक्ष बैठकें करने में व्यस्त है। बड़ा सवाल यह है कि जब एसआईआर चल रहा है तब विपक्ष के लोग कहां हैं? बात केवल यूपी की करें तो यहां साफ साफ दिख रहा है कि एसआईआर एक पक्षीय चल रहा है। बीएलओ से लेकर सरकारी अमला, भाजपा और संघ के लोग सब इसमें शामिल है, लेकिन यह सब आसानी से होने क्यों दिया जा रहा है? सरकारी अमला तो सरकार के लोग होते हैं, वे वही करेंगे जो सरकार चाहेगी। और यह आज की बात नहीं है। पहले भी सरकारें ऐसे ही करती रही हैं, लेकिन सत्ता में विराजमान राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं के समतूल्य विपक्षी दलों के लोग ऐसा क्यों नहीं कर पाते? यूपी में प्रमुख विपक्षी दल सपा है। आगामी विधानसभा चुनाव में इसे सत्ता के लिए जंग करनी है, लेकिन यह पार्टी भी पूरे यूपी में कुछ जगहों को छोड़ कर एस आई आर को लेकर शायद ही कहीं और दिख रही हो। हां वाट्सएप पर इनके ज्ञान की भरमार है। वे जानते हैं कि उनके कोर वोटर कौन हैं और इन्हीं वोटरों को सहेजने में वे विफल हो रहे हैं। दूसरी पार्टी कांग्रेस है। यूपी के लिए फिलहाल इसकी बात ही क्या करना। इसी मुद्दे को लेकर हाल ही उसकी दिल्ली में हाई लेवल की बैठक हुई, इस बैठक में जो भी निर्णय लिए गए हों, उसका धरातल पर उतरना आसान नहीं है। यूपी में कांग्रेस के अभी छह सांसद हैं। सपा के साथ मिलकर 17 सीटों पर लड़ी थी। हारी हुई सीटों पर भी कांग्रेस की स्थिति सम्मान जनक थी। विधानसभा में कांग्रेस के सिर्फ दो विधायक हैं। एसआईआर को लेकर यह दो विधायक कितना कुछ कर पाएंगे, बताने की जरूरत नहीं। यहां संगठन भी हवा-हवाई है। जिला कमेटी को छोड़ दीजिए बाकी ब्लाक स्तर की कमेटियां कहने भर को है। प्रदेशभर में एसआईआर को लेकर इक्का-दुक्का जिला अध्यक्ष ही सक्रिय हैं बाकी सब के सब सुषुप्तावस्था में हैं। न्याय पंचायत और बूथ स्तर पर इनका कुछ नहीं है। चुनाव आयोग ने व्यवस्था दी है कि सरकारी बीएलओ के अलावा राजनीतिक पार्टियां अपना बीएलओ भी नियुक्त कर सकती हैं ताकि चुनाव आयोग पर वोट काटने और जोड़ने का तोहमत न लगे। कांग्रेस इसमें भी सुस्त है। एसआईआर को लेकर विपक्ष के लापरवाह व सुस्ती का फायदा सत्ता पक्ष के कार्यकर्ता खूब उठा रहे हैं। वे सक्रिय हैं तो अपनी वाली कर रहे हैं, विपक्ष को सक्रिय होने से कौन रोका है? विपक्ष यह समझने की भूल कर रहा है कि यह सामान्य एस आई आर नहीं है। इस एस आई आर का मूल सिद्धांत ही कुछ और है। बिहार चुनाव में बुरी तरह पराजित कांग्रेस इस खुशफहमी में हो सकती है कि वहां सर्वाधिक 65 लाख वोटर आउट किए जाने के बाद भी उसे औसतन करीब 71 हजार वोट प्रति विधानसभा सीट हासिल हुए, वह भी तब जब ओवैसी से लेकर बसपा, जन सुराज, आम आदमी पार्टी सहित अन्य छोटी पार्टियां महागठबंधन को ही नुकसान पहुंचाने के लिए ही चुनाव मैदान में थीं। आखिर यह पार्टियां तो यूपी विधानसभा चुनाव में भी होंगी और लोकसभा चुनाव में भी। आखिर इनसे निपटने या मैनेज करने का प्लान कांग्रेस के पास क्या है? दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने अपनी ही पार्टी से सवाल किया कि बिना संगठन के हम क्या करें? धरातल पर कोई संगठन ही नहीं है। बैठक में निसंदेह और लोगों ने भी ऐसा ही महसूस किया होगा, लेकिन कांग्रेस आलाकमान शादी डांट काम के जरिए कांग्रेस की रणनीति कार का हिस्सा बन बैठे लोगों के अलावा और किसी की सुनें तब न। कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्यों पर गौर करें तो वह पूरा का पूरा दक्षिण भारतीयों के कब्जे में है। कांग्रेस वर्किंग कमिटी में करीब दो सौ सदस्य दक्षिण भारत से ही हैं। इसके अलावा ढेर सारे ऐसे लोग हैं जो या तो भाजपा नेताओं से गलबहियां करते घूम रहे हैं या फिर बिना धरातल पर झांके कांग्रेस को दिल्ली की सत्ता में वापसी का ख्वाब दिखा रहे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्यों उठ रहे चुनाव आयोग पर सवाल

**बहरहाल चुनाव चाहे किसी राज्य की सरकार का हो या केंद्र की सरकार का, हर राजनैतिक दल मतदाताओं को लुभाने की मंशा से ऐसे कई वादे करते हैं जो वास्तव में सच नहीं किए जाते। यदि जनता को चुनावों में किए गए वादों और उन्हें पूरा किए जाने के अंतर को देखा जाए तो यह अंतर काफी बड़ी संख्या में पाया जाएगा। चुनावों से पहले ऐसे वादे हर राजनैतिक दल द्वारा किए जाते हैं। जिस तरह बिहार की जनता ने एक बार फिर से नीतीश कुमार में अपना विश्वास जताया है उससे यह बात तो तय है कि जनता को किए गए चुनावी वादे काफी लुभावने थे। परंतु मतदाताओं यह सोचना होगा कि वादों की सूची और उन्हें पूरा करने में जिस भी दल का अंतर सबसे कम हो वही दल जनता के हित की सोचता है, तभी उसी दल को चुना जाता है।**



**रजनीश कपूर**

हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में चुनाव आयोग की भूमिका और उस पर उठते सवालों ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर बहस छेड़ दी है। एनडीए की ऐतिहासिक जीत और महागठबंधन (इंडिया एलायंस) की करारी हार के बीच, मुख्य सवाल यही उठा कि क्या चुनाव आयोग ने अपने संवैधानिक कर्तव्यों का सही तरह से निर्वहन किया? साथ ही, आचार संहिता के उल्लंघन, राजनीतिक दलों के आचरण और आयोग पर दोहरे मानदंडों के आरोपों ने भी चुनावी निष्पक्षता की मूल भावना को चुनौती दी है। हाल के चुनावों में चुनाव आयोग पर पक्षपात और दोहरे मानदंड अपनाने के आरोप लगे। खास तौर पर, कांग्रेस और महागठबंधन ने वोटर लिस्ट, अधिकारियों की नियुक्ति और निष्पक्ष मतदान पर गंभीर सवाल खड़े किए। आरोप है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में वोटर लिस्ट से लाखों नाम हटा दिए गए या मनमाने ढंग से जोड़े-घटाए गए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आयोग ने भाजपा शासित राज्यों से चयनित नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को चुनावी पर्यवेक्षक नियुक्त कर पक्षपातपूर्ण रवैया दिखाया। विपक्ष ने मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि आयोग की प्रक्रिया आम जनता का भरोसा कायम नहीं रख पा रही है।

इस चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दलों के सोशल मीडिया पर भड़काऊ, जातिवादी और भ्रामक कंटेंट साझा होने के आरोप लगे। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने ऐसे लगभग 21 एफआईआर दर्ज किए, जिनमें भाजपा, राजद और कांग्रेस जैसे बड़े दलों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। कई सोशल मीडिया हैंडल्स पर तो गुमराह करने वाले AI- जनित वीडियो और डीपफेक कंटेंट डालने के आरोप मिले, जिन्हे तुरंत हटवाया गया। आयोग द्वारा आचार संहिता के पालन के लिए सोशल मीडिया पर निगरानी करने की व्यवस्था थी, परंतु बड़ी संख्या में भड़काऊ और गुमराह करने वाले पोस्ट सामने आए, जिससे आयोग की प्रभावशीलता को लेकर सवाल भी उठे। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनाव आयोग की सबसे अहम जिम्मेदारी है, चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना। आयोग को अपने हर कदम पर समानता और पारदर्शिता का पालन करना चाहिए। आयोग की साख को बहाल करने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाने चाहिए। जैसे कि सभी दलों की शिकायतों की सार्वजनिक व स्वतंत्र जांच। पर्यवेक्षकों और चुनावी कर्मियों की निष्पक्ष नियुक्ति जो कि राजनीतिक झुकाव से दूर रहते हुए की जाए। वोटर लिस्ट की शुद्धता और अद्यतन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना। सोशल मीडिया व डिजिटल प्रचार पर कठोर निगरानी और दोषियों पर तत्काल कार्रवाई। आचार संहिता उल्लंघन पर बिना किसी भेदभाव के उचित व सख्त न्यायिक कार्यवाही। वहीं देखा जाए तो महागठबंधन (इंडिया एलायंस) रणनीतिक स्तर पर संगठित नहीं हो सका। सीट शेयरिंग, यानी सीटों का बंटवारा, चुनाव से ठीक पहले तय हुआ, जिससे अभियान की गति और एकता दोनों प्रभावित रहीं। तेजस्वी यादव के देर से सक्रिय चुनाव प्रचार, गठबंधन में सहयोगी दलों के मतभेद और साझा विजन की कमी ने विपक्ष की प्रभावशीलता कम कर दी। साथ ही, कांग्रेस जैसी सहयोगी दल जमीनी स्तर पर मतदाताओं को लाम. बंद करने में नाकाम रही। ऐसे समय में जब एनडीए अपनी एकजुटता दिखा रहा था, महागठबंधन अपनी आंतरिक समस्याओं में उलझ कर रह गया। महागठबंधन ने मुख्य रूप से सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इन्कम्बेंसी) पर ज्यादा दांव लगाया, जबकि एनडीए ने अपनी स्थिरता, विकास, और समावेशिता के एजेंडा के साथ मतदाताओं को बेहतर तरीके से साधने में सफल रहा। जातिगत समीकरणों को लेकर महागठबंधन ने पारंपरिक रणनीति अपनाई, परंतु दलित, महिला, और अति पिछड़ा वर्ग को खास तौर पर टार्गेट करके एनडीए ने अपने पुराने वोट बैंक के दायरे को काफी विस्तार दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनोरंजन से मानसिक क्रांति तकः टीवी का बदला चेहरा

ब्लैक एंड व्हाइट बुद्धू बक्सा (टेलीविजन) अपने सहज प्रस्तुतिकरण के दौर से गुजरते हुए कब आधुनिकता के साथ कदमताल करते हुए सूचना क्रांति का सबसे बड़ा हथियार और हर घर की अहम जरूरत बन गया, पता ही नहीं चला। यह दुनिया जहान की खबरें देने और राजनीतिक गतिविधियों की सूचनाएं उपलब्ध कराने के अलावा मनोरंजन, शिक्षा तथा समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं को उपलब्ध कराने, प्रमुख आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए समूचे विश्व के ज्ञान में वृद्धि करने में मदद करने वाला एक सशक्त जनसंचार माध्यम है। यह संस्कृतियों और रीति-रिवाजों के आदान-प्रदान के रूप में मनोरंजन का सबसे सस्ता साधन है, जो तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पूरी दुनिया के ज्ञान में असीम वृद्धि करने में मददगार साबित हो रहा है। मानव जीवन में टीवी की बढ़ती भूमिका तथा इसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है।

संचार और वैश्वीकरण में टेलीविजन की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इसके महत्वों को रेखांकित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की जरूरत महसूस की गई और आम जिंदगी में टीवी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आखिरकार टीवी के आविष्कार के करीब सात दशक बाद वर्ष 1996 में विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की घोषणा कर दी गई। दरअसल टीवी के आविष्कार को



सूचना के क्षेत्र में एक ऐसी क्रांति का आविष्कार माना गया है, जिसके जरिए समस्त दुनिया हमारे करीब रह सकती है और हम अब घर बैठे ही दुनिया के किसी भी कोने में होने वाली घटनाओं को लाइव देख सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार 21 तथा 22 नवम्बर 1996 को विश्व टेलीविजन मंच का आयोजन करते हुए टीवी के महत्व पर चर्चा करने के लिए मीडिया को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया था। उस दौरान विश्व को परिवर्तित करने में टीवी के योगदान और टीवी के विश्व पर पड़ने वाले प्रभावों के संदर्भ में व्यापक चर्चा की गई थी। उसी के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा में 17 दिसम्बर 1996 को एक प्रस्ताव पारित करते हुए प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाने का निर्णय लिया गया और तभी से प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को ही यह दिवस मनाया जाता रहा है। इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन का आविष्कार 1927 में हुआ माना जाता है और उसके करीब 32 साल बाद इलैक्ट्रॉनिक टेलीविजन ने भारत में पहला कदम रखा। भारत में टीवी का पहला प्रसारण प्रायोगिक तौर पर दिल्ली में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना के साथ 15 सितम्बर 1959 को शुरू किया गया। उस समय टीवी पर सप्ताह में केवल तीन दिन ही मात्र तीस-तीस मिनट के कार्यक्रम आते थे, लेकिन इतने कम समय के बेहद सीमित कार्यक्रमों के बावजूद भी टीवी के प्रति लोगों का लगाव बढ़ता गया और यह बहुत जल्द लोगों की आदत का अहम हिस्सा बन गया। दूरदर्शन का व्यापक प्रसार हुआ वर्ष 1982 में दिल्ली में हुए एशियाई खेलों के आयोजन के प्रसारण के बाद। दूरदर्शन द्वारा अपना दूसरा चौनल 26 जनवरी 1993 को शुरू किया गया और उसी के बाद दूरदर्शन का पहला चौनल डीडी-1 और दूसरा नया चौनल डीडी-2 के नाम से लोकप्रिय हो गया, जिसे बाद में डीडी मैट्रो नाम दिया गया। भले ही टीवी के आविष्कार के इन दशकों में इसका स्वरूप और तकनीक पूरी तरह बदल चुकी है लेकिन इसके कार्य करने का मूलभूत सिद्धांत अभी भी पहले जैसा ही है। हालांकि किसी भी वस्तु के अच्छे और बुरे दो अलग-अलग पहलू भी हो सकते हैं। कुछ ऐसा ही सूचना एवं संचार क्रांति के अहम माध्यम टीवी के मामले में भी है। एक ओर जहां यह मनोरंजन और ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है और नवीनतम सूचनाएं प्रदान करते हुए समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, वहीं इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते रहे हैं। टेलीविजन की ही वजह से ज्ञान, विज्ञान, मनोरंजन, शिक्षा, चिकित्सा इत्यादि तमाम क्षेत्रों में बच्चों से लेकर बड़ों तक की सभी जिज्ञासाएं शांत होती हैं। अगर नकारात्मक पहलुओं की बात करें तो टीवी के बढ़ते प्रचलन के साथ-साथ इस पर प्रदर्शित होते अश्लील, हिंसात्मक, अंधविश्वासों का बीजारोपण करने तथा भय पैदा करने वाले कार्यक्रमों के कारण हमारी संस्कृति, आस्था और नैतिक मूल्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

टीवी पर विभिन्न कार्यक्रमों में लगातार हत्या और बलात्कार जैसे दृश्य दिखाने से बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित होता है। मौजूदा समय में टीवी मीडिया की सबसे प्रमुख ताकत के रूप में उभर रहा है और मीडिया का हमारे जीवन में इस कदर हस्तक्षेप बढ़ गया है कि टीवी के वास्तविक महत्व के बारे में अब लोगों को पर्याप्त जानकारी ही नहीं मिल पाती। देश में जहां दूरदर्शन की शुरुआत के बाद दशकों तक दूरदर्शन के ही चौनल प्रसारित होते रहे, वहीं 1990 के दशक में निजी चैनल शुरू होने की इजाजत मिलने के साथ एक नई सूचना क्रांति का आगाज हुआ। इन तीन दशकों में



**योगेश कुमार गोयल**

निजी चौनलों को लगातार मिलते लाइसेंस के चलते अब देशभर में टीवी पर करीब एक हजार चौनल प्रसा. रित होते हैं। इससे दूरदर्शन जैसे माध्यम कमजोर हो गए हैं और अब हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां सूचना व संचार माध्यमों ने हमें इस कदर अपना गुलाम बना लिया है कि इनके अभाव में जीवन की कल्पना ही नहीं कर सकते। हालांकि ढ़ेर सारे टीवी चैनलों की बदौलत जहां ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा, सूचना आदि के स्रोत बढ़े हैं, वहीं चिंताजनक स्थिति यह है कि टीआरपी की बढ़ती होड़ में बहुत से निजी टीवी चैनल जिस प्रकार गलाकाट प्रतिद्वंद्विता के चलते समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की अनदेखी करते हुए दर्शकों के समक्ष कुछ भी परोसने को तैयार रहते हैं, उससे युवा पीढ़ी दिशाहीन हो रही है और जनमानस में गलत संदेशों का बीजारोपण होता है। इसीलिए मांग उठने लगी है कि दिशाहीन टीवी कार्यक्रमों के नकारात्मक प्रभावों पर अंकुश लगाने और अपसंस्कृति के प्रसार को रोकने के लिए इन पर कुछ कड़े कानूनी प्रतिबंधों का प्रावधान होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# समुद्र में आर्टिफिशियल आइलैंड बना रहा पाकिस्तान

## आईलैंड तेल के 25 कुएं खोदे जाएंगे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के समर्थन के बाद उठाया कदम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पहलीसमुद्र में आर्टिफिशियल आइलैंड (कृत्रिम द्वीप) बनाने जा रहा है। शहबाज सरकार ने अरब सागर में इस आइलैंड को बनाने की मंजूरी दे दी है। इसे समुद्र में तेल की खोज (आयल एक्सप्लोरेशन) के लिए स्थाई प्लेटफार्म की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड (पीपीएल) लीड करेगी।

पाकिस्तान ने यह फैसला ट्रम्प का समर्थन मिलने के बाद किया है। ट्रम्प ने जुलाई में ऐलान किया था कि अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर पाकिस्तान के बड़े तेल भंडार विकसित करेंगे। उन्होंने यहां तक कहा था कि अगर ये तेल मिला, तो भारत भी इसे खरीद सकता है। अब पाकिस्तान इस आर्टिफिशियल आइलैंड की मदद से अरब सागर में 25 तेल-कुएं खोदने की योजना बना रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक यह आर्टिफिशियल आइलैंड सिंध के तट से करीब 30 किमी दूर, सुजावल इलाके के पास बनाया जा रहा है। सुजावल कराची से लगभग 130 किमी दूर है। आइलैंड को समुद्र की ऊंची लहरों से बचाने के लिए 6 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है। पहले समुद्री लहरों की वजह से जिन ड्रिलिंग प्रोजेक्ट्स में रुकावटें आई थीं, उन्हें दूर किया जा सकेगा। आइलैंड के फरवरी तक तैयार होने की उम्मीद है। भारी मशीनरी और सप्लाई को एक स्थिर प्लेटफार्म से संचालित करने से खर्च में लगभग 33 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। पहले मौसम के कारण बार-बार देरी होती थी, जिससे लागत बढ़ जाती थी।



■ ट्रम्प ने जुलाई में ऐलान किया था: अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर पाकिस्तान के बड़े तेल भंडार विकसित करेंगे

पीपीएल के मुताबिक यहां 24 घंटे ड्रिलिंग चल सकेगी। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितम्बर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। डान की रिपोर्ट मुताबिक, पाकिस्तान ने इस इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया था। इसके बाद यहां तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंदुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार हो सकता है। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका के पास सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया। पाकिस्तान अगर तेल और गैस को निकालने में कामयाब हो गया तो यह उसकी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद साबित होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, भंडार से जुड़ी रिसर्च पूरी करने में करीब 42 हजार करोड़ का खर्च आएगा। इसके बाद समुद्र की गहराई से इसे निकालने में 4-5 साल लग सकते हैं। अगर रिसर्च सफल रही तो तेल और गैस को निकालने के लिए कुएं लगाने और बाकी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में और ज्यादा पैसे की जरूरत होगी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने तेल और गैस भंडार मिलने को देश की 'ब्लू वाटर इकोनामी' के लिए अच्छा बताया है। समुद्री रास्तों, नए बंदरगाहों और सामुद्रिक नीति (मैरीटाइम पालिसी) के जरिए अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना ही ब्लू इकोनामी कहलाता है। पाकिस्तान विश्व में कच्चे तेल के भंडार में 50वें स्थान पर है।



नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण धुंध के बीच सड़क पर वाहन चलते हुए।

## वियतनाम में बाढ़ से मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हुई

**हनोई।** वियतनाम के मध्य क्षेत्र में भारी बारिश एवं बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है जबकि पांच अन्य लोग लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने गुरुवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, 43200 से अधिक घर जलमग्न हो गए हैं जबकि 91 अन्य क्षतिग्रस्त हुए हैं। बाढ़ के कारण 10000 हेक्टेयर से अधिक धान एवं अन्य फसलें जलमग्न हो गई हैं तथा 6500 से अधिक पशुधन और मुर्गियों की मौत हो गई हैं या फिर बह गई हैं। इस बीच, बिजली की कटौती होने से 553200 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं।

## अमेरिकी सैन्य अधिकारी संघर्ष समाप्ति पर वार्ता के लिए यूक्रेन पहुंचे

**वाशिंगटन।** पेंटागन के वरिष्ठ अधिकारी रूस के साथ युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा करने के लिए यूक्रेन पहुंचे हैं। यह जानकारी बीबीसी ने गुरुवार को अमेरिकी सेना के हवाले से दी। अमेरिकी सेना के सचिव डैन ड्रिस्कॉल के नेतृत्व में टीम की आज कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मिलने की उम्मीद है जब वे तुर्की की यात्रा से लौटेंगे। बुधवार से ऐसी खबरें प्रसारित हो रही है कि अमेरिका और रूस ने एक नई शांति योजना तैयार की है जिसमें यूक्रेन को बड़ी रियायतें देने की बात की गई है लेकिन न तो वाशिगटन और न ही मास्को ने इस योजना की आधिकारिक पुष्टि की है। इससे पहले, यूक्रेन के पश्चिमी शहर टेरनोपिल पर रूसी मिसाइल एवं ड्रोन हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए थे। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू किया था। सेना के प्रवक्ता कर्नल डेविड बटलर ने एक बयान में कहा कि सचिव ड्रिस्कॉल और उनकी टीम प्रशासन की ओर से आज सुबह कीव पहुंचे, ताकि वे यूक्रेनी अधिकारियों से मुलाकात कर सकें और युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा कर सकें।

# दावा: ऑपरेशन सिंदूर में पाक ने भारत को हराया

## अमेरिकी रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी अटैक न मानकर विद्रोही हमला माना गया

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन की लड़ाई (ऑपरेशन सिंदूर) में पाकिस्तान को बड़ी सैन्य कामयाबी मिली थी। इस रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला न मानकर विद्रोही हमला माना गया है। 800 पन्नों की इस रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने जारी किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने कम से कम 6 भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया, जिनमें राफेल जेट भी शामिल हैं।

इससे राफेल की इमेज को नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट कहती है कि वास्तविक रूप से सिर्फ तीन भारतीय विमानों के गिराए जाने की पुष्टि होती है। यूएससीसी का कहना है कि चीन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध का इस्तेमाल अपने आधुनिक हथियारों को लाइव वार में टेस्ट करने और दुनिया को दिखाने के लिए किया। लड़ाई के बाद दुनियाभर में चीनी दूतावासों ने अपने हथियारों की तारीफ की और कहा कि पाकिस्तान ने इनके इस्तेमाल से भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के 5 महीने बाद चीन ने इंडोनेशिया को 75 हजार करोड़ रुपये में 42 जे-10सी फाइटर जेट बेचने की डील की थी। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस लड़ाई में चीन से मिले हथियारों का इस्तेमाल किया और अपने सैन्य फायदे को दुनिया के सामने रखा। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने चीन के एचआईक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम, पीएल-15 मिसाइलें और जे-10 फाइटर जेट का इस्तेमाल किया। भारत का दावा है कि पाकिस्तान को इस दौरान चीन से खुफिया जानकारी (इंटेलिजेंस) भी मिली। हालांकि पाकिस्तान ने इसे नकार दिया और चीन ने इस पर कुछ भी साफ नहीं कहा। रिपोर्ट के मुताबिक 2019/2023 के बीच पाकिस्तान के 82 प्रतिशत हथियार चीन से आए हैं। 90 के आखिरी दशक में जब चीन बहुत तेजी से आर्थिक और तकनीकी तौर पर ताकतवर हो रहा था तो अमेरिका में इसे लेकर चिंता बढ़ी। अमेरिकी नेता यह मानने लगे कि चीन से आने वाले आर्थिक फायदे और सुरक्षा खतरे दोनों को साथ-साथ समझना जरूरी है। ऐसे में चीन पर नजर रखने के लिए एक कमेटी बनाई गई जिसका काम यह पता लगाना था कि चीन की आर्थिक या तकनीकी गतिविधि अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा तो नहीं बन रहीं, यूएससीसी खुद कोई कार्रवाई नहीं करती, बस रिपोर्ट बनाकर अमेरिका की संसद को देती है। आयोग की सिफारिशों को अंतिम रिपोर्ट में शामिल करने के लिए, उन्हें कम से कम 8 सदस्यों (दो-तिहाई) के समर्थन की जरूरत होती है। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने यूएससीसी की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। अखबार लिखता है कि यूएससीसी ने एक बार फिर से चीन की आर्थिक, तकनीकी और सुरक्षा क्षेत्र में हो रही तरक्की को ऐसे दिखाया गया है कि जैसे वह दुनिया के लिए खतरा हो। अभी का रवैया दिखाता है कि यह रिपोर्ट राजनीतिक मकसद से लिखी गई है और हकीकत का पूरी निष्पक्षता से विश्लेषण नहीं करती। आयोग के भीतर चीन को लेकर भारी गलतफहमियां और अहंकार मौजूद है। अखबार आगे लिखता है कि अमेरिका को चीन को और ज्यादा बेहतर तरीके से समझने की जरूरत है। अखबार का कहना है कि चीन की हथियार इंडस्ट्री के विकास को लेकर आरोप लगाना या उसे गलत तरीके से पेश करना, किसी भी संप्रभु देश के अपनी रक्षा क्षमता बढ़ाने के मूल अधिकार को नकारने जैसा है। अखबार ने लिखा-अमेरिका सप्लाई चेन को हथियार जैसे इस्तेमाल करता है।

**रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने किया जारी**

### ट्रम्प बोले: 350 प्रतिशत की धमकी पर मोदी का फोन आया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उन्होंने 350 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाई थी। ट्रम्प ने अमेरिका-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम में कहा कि मुझे सबसे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का फोन आया था। उन्होंने शुक्रिया कहा और बताया कि मैंने लाखों जानें बचाई हैं। इसके बाद ट्रम्प ने दावा किया कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया। मोदी ने कहा कि हम खत्म कर चुके हैं। ट्रम्प ने पूछा कि क्या खत्म कर चुके हो? इस पर मोदी ने बताया कि हम जंग नहीं करने जा रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों निशाना बनाया गया। 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ। ट्रम्प ने 60 से ज्यादा बार जंग रुकवाने का दावा किया ट्रम्प ने ही सबसे पहले सोशल मीडिया पर सीजफायर की जानकारी दी थी। उन्होंने ये दावा किया था कि उनकी वजह से ही संघर्ष थमा है।

## जूनियर ट्रम्प ने ताजमहल देखा



**आगरा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे जूनियर ट्रम्प ताजमहल देखने के लिए गुरुवार को आगरा पहुंचे। जूनियर ट्रम्प अपनी पत्नी और कुछ दोस्तों के साथ ताज महल का दीदार करने के लिए करीब साढ़े तीन बजे पहुंचे और डेढ़ घंटे तक ताजमहल के अंदर रहे।

ताजमहल के अंदर डायना टेबिल पर फोटो सेशन कराया। गाइड नितिन सिंह ने जूनियर ट्रम्प को ताजमहल का दीदार कराया। गाइड नितिन सिंह ने डोनाल्ड ट्रम्प को भी ताजमहल का दीदार कराया था। जूनियर ट्रम्प की सुरक्षा के लिहाज से भी कड़े इंतजाम किए गए थे। आगरा आने पर स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कई थानों का फोर्स लगाई गई थी। इसके अलावा स्थानीय सूचना तंत्र भी अलर्ट था। अमेरिका के कुछ सुरक्षा कर्मी भी साथ में थे। ताजमहल के अंदर जब प्रवेश हुआ तो सीआईएसएफ ने सुरक्षा का घेरा बना लिया और कड़ी सुरक्षा के बीच ताजमहल का दीदार कराया गया। जूनियर ट्रम्प दिल्ली से विशेष वाहन से आगरा आए थे और दोपहर में एक होटल में भोजन के उपरांत ताजमहल देखने पहुंचे थे।

## दक्षिण कोरिया में 267 यात्रियों को ले जा रही नौका समुद्र में फंसी, कोई हताहत नहीं

**सोल।** दक्षिण कोरिया के पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में बुधवार को 267 यात्रियों को ले जा रही एक यात्री नौका फंस गई। समाचार एजेंसी योनहास ने यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार कल रात 8:17 बजे (1117 जीएमटी) तट रक्षक बल को सूचना मिली कि 246 यात्रियों और 21 चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रही नौका राजधानी सोल से लगभग 310 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में सिनान काउंटी के एक द्वीप के पास फंस गई है। यह नौका दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप जेजू से रवाना होकर दक्षिण-पश्चिमी बंदरगाह शहर मोकपो की ओर जा रही थी। कथित तौर पर जहाज द्वीप के पास पहुंचते समय एक डूबी हुई चट्टान से टकरा गया।

## आईएईए ने ईरान से हमलों में प्रभावित सभी परमाणु प्रतिष्ठानों तक पहुंच प्रदान करने का किया आग्रह

**वियना/तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने आज चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जून में हुए हमलों में क्षतिग्रस्त ईरानी प्रतिष्ठानों तक उसकी अभी भी महत्वपूर्ण पहुंच नहीं है और तेहरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार के सत्यापन को बहुत देर हो चुकी है।

वियना में अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को संबोधित करते हुए महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने बुधवार को कहा कि एजेंसी को ईरान के निम्न और उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार की तत्काल जांच करने की आवश्यकता है, जिसे निरीक्षक पिछले पांच महीनों से सत्यापित नहीं कर पाए हैं। ग्रॉसी ने कहा कि सितम्बर में काहिरा में निरीक्षण पर सहमति होने के बाद वे ईरानी अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं अगर समझौते का पूरी तरह से लागू करना है तो और ज्यादा रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता है। उनकी यह टिप्पणी अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन द्वारा समन्वित प्रयास के साथ मेल खाती है जिन्होंने संयुक्त रूप से एक मसौदा प्रस्ताव में मांग किया है कि ईरान आईएईए के साथ अपना पूर्ण सहयोग फिर से शुरू करे तथा निरीक्षकों को अप्रतिबंधित पहुंच प्रदान करे। हालांकि तेहरान ने चेतावनी दी है कि इस तरह के प्रस्ताव से आईएईए निदेशक के साथ सितम्बर में हुई सहमति खतरे में पड़ जाएगी। इस सप्ताह की शुरुआत में, ईरान के उप विदेश मंत्री काज़म ग़रीबाबादी ने पश्चिमी देशों की आलोचना करते हुए कहा था कि उनके कार्यों से समझौते को नुकसान पहुंच सकता है। ईरानी अधिकारियों ने इस रुकावट को सितम्बर के आखिर में स्नैपबैक मैकेनिज़्म के तहत संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के फिर से लागू होने पर जोर दिया। आंशिक रूप से सार्वजनिक की गई आईएईए रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अभी भी निरीक्षकों को जून में 12 दिनों के संघर्ष के दौरान इजरायल और अमेरिकी हमलों में क्षतिग्रस्त हुए परमाणु स्थलों का दौरा करने की अनुमति नहीं दी।

■ **तेहरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार के सत्यापन को बहुत देर हो चुकी है**

## सऊदी अरब-अमेरिका के बीच 575 अरब डॉलर के समझौते

**दोहा।** सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल-फलीह ने कहा है कि इस सप्ताह नए सौदों की घोषणा के बाद वर्ष 2025 में अमेरिका और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित अनुबंधों का मूल्य बढ़कर लगभग 575 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। गौरतलब है कि सऊदी क्राउन प्रिस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिका की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान वहां एक निवेश मंच में हिस्सा लिया जिसमें दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधियों और कंपनियों ने भाग लिया। अल-फलीह ने बुधवार को अल एखबारिया प्रसारक से कहा, सऊदी और अमेरिकी कंपनियों के बीच लगभग 267 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के 242 नए समझौतों की घोषणा की गई।

# मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता विवादों में घिरी

## इटली की प्रिंसेज समेत 3 जजों ने दिया इस्तीफा, आयोजक ने लगाया कंटेस्टेंट से अफेयर का आरोप

**बैंकाक।** ब्यूटी कान्टेस्ट मिस यूनिवर्स 2025 से जुड़े विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। ग्रैंड फिनाले से एक दिन पहले मिस यूनिवर्स सिलेक्शन कमेटी की प्रेसिडेंट और इटालियन प्रिंसेज कैमिला डि बोरबोन ने ज्यूरी पैनल छोड़ दिया है।

वह पैनल छोड़ने वाली तीसरी जज हैं। इससे पहले मशहूर म्यूजिशियन ओमार हारफूश और फ्रांस के पूर्व फुटबालर क्लाउड माकेलेले ने भी ज्यूरी छोड़ दी थी। मिस यूनिवर्स में जजिंग पैनल 8 सदस्यों का होता है। 3 जजों के पैनल छोड़ने के बाद आर्गेनाइजेशन ने नताली ग्लेबोवा (कनाडा की पूर्व मिस यूनिवर्स 2005) को शामिल किया है। अब पैनल में 6 सदस्य है। ग्रैंड फिनाले कल यानी 21 नवम्बर को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में होगा। ओमार ने आरोप लगाया कि जज कमेटी बनने से पहले ही आर्गेनाइजर्स ने टॉप-30 कंटेस्टेंट का सिलेक्शन अनआफिशियल तरीके से कर लिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे कंटेस्टेंट को चुना गया जिनके आर्गेनाइजर्स से पर्सनल रिलेशनशिप हैं। इसके बाद माकेलेले ने निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया। ओमर हारफूश ने 17 नवम्बर को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मिस यूनिवर्स 2025 के आर्गेनाइजर्स पर आरोप लगाते हुए लिखा था, टॉप 30 प्रतियोगियों को चुनने के लिए गलत तरीके से वोटिंग की गई। यह वोटिंग उन लोगों ने की जो पैनल के सदस्य नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि मुझे गुमराह किया गया और मुझे गलत सिलेक्शन प्रोसेस को मानने के लिए कहा गया। इसके कारण मुझे हुए इमोशनल ट्रामा भी हुआ, मेरी रेपुटेशन डैमेज हुई। ओमार ने अपनी पोस्ट में आर्गेनाइजर्स के खिलाफ लीगल एक्शन लेने की धमकी भी दी। माकेलेले ने 18 नवम्बर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर पैनल छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अफसोस के साथ, मैं मिस यूनिवर्स 2025 में शामिल नहीं हो पाऊंगा। आपकी समझ और समर्थन के लिए धन्यवाद। इसके विरोध में कई देशों की कंटेस्टेंट्स ने हाल से बाहर निकलकर विरोध जताया। नवात ने फातिमा से कहा कि उन्होंने प्रतियोगिता से जुड़े प्रमोशनल कंटेंट शेयर नहीं किए। जब फातिमा ने इस पर आपत्ति जताई, तो नवात ने सुरक्षा कर्मियों को बुलाने की धमकी दी और कहा कि जो भी उनके समर्थन में आएगा, उसे प्रतियोगिता से बाहर किया जा सकता है। इसके बाद फातिमा मंच छोड़कर बाहर चली गईं। इस आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर #JusticeForFatima ट्रेंड करने लगा। विरोध के बाद नवात ने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी और कहा कि अगर किसी को बुरा लगा है, तो वह माफी चाहते हैं।




# चीनी वैज्ञानिकों के भरोसे चीन को टक्कर दे रहा अमेरिका

## मेटा एआई टीम 11 में से 7 रिसर्चर चीन के, 1 भी अमेरिकी नहीं

**वॉशिंगटन।** मेटा सीईओ मार्क जकरबर्ग ने जून में अपनी नई सुपर इंटेलिजेंस लैब का ऐलान किया था। तब उन्होंने बताया था कि इस प्रोजेक्ट में शामिल 11 वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। इनका मकसद ऐसी मशीनें बनाना है जो इंसानी दिमाग से भी ज्यादा ताकतवर हों। न्यूयॉर्क टाइम्स को मिले इंटरनल मेमो से पता चला है कि ये सभी 11 वैज्ञानिक दूसरे देशों में पढ़े लिखे अप्रवासी हैं। इनमें से 7 वैज्ञानिक चीन से हैं, जबकि बाकी 4 भारत, ब्रिटेन, साउथ अफीका और ऑस्ट्रेलिया से हैं।

अखबार ने लिखा है कि अमेरिका में लंबे समय से सरकारी अधिकारियों और एक्सपर्ट का एक वर्ग चीन को एआई के क्षेत्र में सबसे बड़ा खतरा बताता रहा है। लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि अमेरिका में हो रहा बड़ा और क्रांतिकारी एआई रिसर्च काफी हद तक चीनी वैज्ञानिकों की मदद से आगे बढ़ाया जा रहा है। यह मेटा की एआई यूनिट के चीफ अलेक्जेंडर वॉन्ग है। जून 2025 में मेटा से जुड़े। इन्हें कंपनी में लाने के लिए मार्क जकरबर्ग ने 1.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। मेटा पहले से ही चीनी वैज्ञानिकों पर काफी निर्भर रही है। कंपनी के भीतर अक्सर मजाक में कहा जाता है कि नए आने वालों को दो चीजें सीखनी पड़ती हैं। पहली हैक, यानी कंपनी की प्रोग्रामिंग भाषा और दूसरी मंदारिन, क्योंकि एआई टीमों में बड़ी संख्या में चीनी रिसर्चर्स होते हैं। इस साल मेटा को लगभग 6300 एच-1बी वीजा अप्रूव हुए जो अमेजन के बाद सबसे ज्यादा हैं। मेटा ने 2018 के बाद से कम से कम 28 रिसर्च पेपर पर चीनी संगठनों के साथ मिलकर काम किया है। सिर्फ मेटा ही नहीं, बल्कि ऐप्पल, गूगल, इंटेल और सेल्सफोर्स जैसी अमेरिकी कंपनियों ने भी चीनी संगठनों के साथ मिलकर कई अहम रिसर्च किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने तो सबसे ज्यादा, यानी कम से कम 92 अहम पेपरों में साझेदारी की है। अमेरिका में ट्रम्प सरकार के आने के बाद से प्रशासन सख्त इमिग्रेशन पॉलिसी अपना चुका है। इसके अलावा सिलिकॉन वैली में भी चीन विरोधी भावना बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। इसके बावजूद चीनी रिसर्चर्स न सिर्फ अमेरिका में बने हुए हैं बल्कि अहम रोल भी निभा रहे हैं।



■ **अमेरिका में हो रहा बड़ा और क्रांतिकारी एआई रिसर्च काफी हद तक चीनी वैज्ञानिकों की मदद से आगे बढ़ाया जा रहा है**

(A Minority Institution)
ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
(Recognized by NCTE)
(Affiliated to SCERT Govt. of India)
D.El.Ed (B.T.C.) 2025-27
Qualification For Admission:
❖ 50% Marks in graduation for General Candidates/ Other State.
❖ 45% marks in graduation for OBC & SC/ST Candidates.
➤ Date of Issue of Registration Form 24/11/2025 In the College or Available on Website (Online & offline)
➤ Last Date For Submitting the Completed Application Form in College- 15/12/2025
Secretary Principal
काउंसलिंग शासनादेश के अनुसार संपन्न करायी जाएगी।
Contact no. : 9045143298, 8755525452

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108